CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 8 अक्टूबर 2023

वर्ष - 33 | अंक - 160 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

भारत लोकतंत्र की जननी : ओम बिरला पृष्ठ 3

मड़ई
- हमर पितर अउ हमर कउआं पृष्ठ 4

- भारत की क्रिकेट टीम ने बेहतर वरीयता के आधार पर जीता स्वर्ण
- भारत ने कबड्डी के दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण पृष्ठ 10

देश विदेश
- गाजा से हमले के बाद युद्ध की स्थिति में इजरायल : नेतन्याहू
- लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनाव कानूनों को संयुक्त राष्ट्र मिशन को भेजा
- यूक्रेन के लिए अमेरिका का समर्थन घटा

पृष्ठ 9

### जीएसटी कार्उंसिल की बैठक में फैसला

# मोटे अनाज से बने उत्पादों पर अब टैक्स नहीं

## ज्वार, बाजरा और रागी आदि से बने फूड को टैक्स से छूट दी गई

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक में बिना ब्रांड के 70 फीसदी मिलेट्स वाले आटे पर जीएसटी नहीं लगेगा का फैसला लिया गया है। वहीं मिलेट्स वाले ब्रांडेड आटे पर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। वहीं मोलासिस पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया गया है। शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में ये बैठक हुई। पाउडर के रूप में मिलेट्स यानी मोटे अनाज जैसे- ज्वार, बाजरा और रागी आदि से बने फूड को टैक्स से छूट दी गई है। अभी इन पर 18 फीसदी टैक्स लगता है। मोदी सरकार ने जी-20 प्रेसिडेंसी में मिलेट्स को खूब प्रचारित किया था। बता दें कि साल 2021 में यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली में साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया है।

**क्रूज शिप्स पर आईजीएसटी हटाया**

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्रूज शिप्स पर आईजीएसटी हटाया गया। इस पर पहले 5 फीसदी टैक्स लगता था। वहीं इंडस्ट्रियल इस्तेमाल में आने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने का फैसलस लिया गया है।

**सितंबर में जीएसटी से 1.63 लाख करोड़ जुटाए**

सरकार ने सितंबर 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी सितंबर 2022 के मुकाबले 10.2 फीसदी ज्यादा है। तब त्रस्ज्ञ से 1.47 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे।

**बैठक में लिए गए अहम फैसले**

- सभी तरह की जरी वाली चीजों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- 70 फीसदी मिलेट्स वाले ब्रांडेड आटे पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा।
- मोलासिस पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया गया।

## भारत ने आठवीं बार कबड्डी में जीता सोना




हांगझोउ। एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को करीबी मुकाबले में 33-29 से परास्त कर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। 2018 में जकार्ता एशियाई खेल में भारत सेमीफाइनल में ईरान से हार गया था। इससे पहले बीजिंग 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरुआत के बाद से भारत ने सभी सात स्वर्ण पदक जीते थे।

### सार संक्षेप

#### मुख्यमंत्री ने मुंशी प्रेमचंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 अक्टूबर को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद एक संवेदनशील लेखक थे जिन्होंने सरल, सहज और आम बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों की अमूल्य विरासत छोड़ गए।

#### मुख्यमंत्री ने वायुसेना दिवस पर भारतीय वायुसेना को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के साहसी सैनिकों और सदस्यों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि वायु सेना के वीर योद्धाओं ने मातृभूमि की रक्षा के साथ विषम परिस्थितियों में नागरिकों की जान बचाने और देश में शांति-सौहार्द बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

#### संयुक्त राष्ट्र ने मणिपुर हिंसा पर चिंता जताई

**इंफाल।** मणिपुर में दूसरी बार हिंसा भड़कने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने राज्य के हालात पर चिंता जताई है। यूनाइटेड नेशंस ह्यूमन राइट्स कमीशन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम मणिपुर हिंसा पर बोलने वाले मानवाधिकार एक्टिविस्ट बबलू लिथोंगबम को मिल रही धमकियों से चिंतित हैं। 5 अक्टूबर को हिंसक भीड़ ने इंफाल पश्चिम के कैथेलमांगबी में बबलू लिथोंगबम के घर पर हमला किया था।

#### वैष्णो देवी आने वालों की संख्या हो जाएगी एक करोड़ के पार

**जम्मू।** वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को इस बार उम्मीद है कि वैष्णो देवी आने वालों की संख्या इस बार एक करोड़ को पार कर जाएगी। बढ़ती भीड़ के कारण वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। पहले से ही वह आने वालों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर परेशान था जिसके हल की खातिर वह आईआईएम अहमदाबाद की सहायता ले रहा है।

## केंद्र सरकार क्यों नहीं करा रही है जातिगत जनगणना : भूपेश



- भाजपा की वायरल सूची, पार्टी की
- आंतरिक गुटबाजी का परिणाम

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा की वायरल सूची को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इस सूची से भाजपा में सिर-फुटव्वल हो रहा है। ये भाजपा के आंतरिक गुटबाजी का परिणाम है। भाजपा की सूची लीक होना संभव नहीं थी, पर लीक हो गई। अब टिकट देने के बाद नाम काट दिए जा रहे हैं। इससे साफ है भाजपा में आंतरिक कलह देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण के विरोध में है। आरक्षण के लिए हमने हेड काउंट कराया था, जिसके आधार पर हमने आरक्षण दिया था। क्या भाजपा यह नहीं मानती ओबीसी प्रदेश में 43फीसदी से अधिक नहीं है? यदि नहीं मानते तो जनगणना क्यों नहीं करा रहे, कराएं जनगणना। महादेव ऐप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार महादेव ऐप को बंद करें। इसके साथ ही भाजपा से जुड़े लोगों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2021 की जनगणना शेष पृष्ठ 2 पर

## केंद्र की योजनाओं को अपना बता रही कांग्रेस सरकार : मांडविया



**रायपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, 15 साल तक गरीब कल्याण के लिए रमन सिंह की सरकार ने काम किया। कोविड में मोदी जी ने सबको मुफ्त वैक्सीन दी, तब प्रदेश की सरकार हम वैक्सीन दे रहे ये झूठ चला रही थी। मोदी जी पैसा भेजने के लिए तैयार हैं। प्रदेश सरकार को उनका डर हैं कि कही मोदी को वोट दे देंगे। केंद्रीय मंत्री मनसुख ने कहा, हर गरीब के घर में नल से जल आना चहिए। छत्तीसगढ़ में ऐसा हो नहीं रहा। हमनें आयुषमान भारत योजना चलाई, लेकिन राज्य में योजना का अम्लीकरण नहीं हो रहा है। यहां केंद्र की योजनाओं में राज्य अपना नाम लगा देते हैं। चुनाव में बड़े-बड़े वादे किये, सरकार बनी शेष पृष्ठ 2 पर

# छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना शुरू



- दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अब नहीं होगी परेशानी
- घर से कॉलेज आने-जाने के लिए विद्यार्थियों को निःशुल्क मिलेगी परिवहन सुविधा

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को घर से कॉलेज आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा पर अमल करते हुए आज इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना से कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के शुभारंभ पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैंने आप लोगों से वादा किया था कि कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज और कॉलेज से घर आने-जाने के लिए शासन की ओर से निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उसी वादे के अनुरूप आज के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। मैं बहुत अच्छी तरह यह समझ सकता हूं कि दूर-दराज से कॉलेज पढ़ने के लिए आने-जाने में विद्यार्थियों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को और भी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों को कॉलेज आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का वादा हमारे घोषणा पत्र में भी शेष पृष्ठ 2 पर

## नौसेना में पदोन्नति बोर्डों के लिए नई मूल्यांकन प्रणाली

**नई दिल्ली**, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नौसेना को चुस्त, दुरूस्त और अधिक पेशेवर बनाने तथा नौसैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए नई मूल्यांकन प्रणाली की शुरुआत की जा रही है।

रक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नौसेना ने विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए '360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली' की नई पहल को संस्थागत रूप दिया है। इस प्रणाली में पदोन्नति के लिए विचार किए जाने वाले प्रत्येक अधिकारी के बारे में सर्वेक्षण के आधार पर व्यापक जानकारी एकत्र की जाएगी। यह जानकारी सहयोगियों और अधीनस्थों के साथ साथ अन्य स्रोतों से भी हासिल की जाएगी।

### हमास के हमलों का इजराइल ने दिया जवाब

# गाजा में इजराइली बमबारी से 160 की मौत

- सुबह हमास ने 5 हजार रॉकेट दागे
- अब तक 40 इजराइलियों की जान गई

**तेल अवीव,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 सेना परिसरों और 4 सेना मुख्यलयों पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 160 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 40 इजराइलियों की मौत हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। दूसरी तरफ इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। शेष पृष्ठ 2 पर

**प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल में आतंकवादी हमलों पर गहरा दुख जताया है और इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के साथ ही निर्दोष पीड़ितों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## मसूद ने की कांग्रेस में वापसी



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े मुस्लिम चेहरों में शुमार इमरान मसूद ने आखिरकार फिर से कांग्रेस पार्टी में घर वापसी कर ली हैं। बसपा से निष्कासित होने के बाद नए राजनीतिक ठिकाने की तलाश में लगे थे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय तथा पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सचिव प्रमोद नरवाल की मौजूदगी में श्री मसूद ने यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### नेशनल मेडिकल कमीशन ने जारी की ई-बुकलेट

## डॉक्टर पर्चे पर सिर्फ नाम व डिग्री ही लिखे

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने डॉक्टरों को सलाह दी है कि उन्हें साइनबोर्ड, विजिटिंग कार्ड और प्रचार के जरिए जनता को भ्रमित करने से बचना चाहिए। कमीशन ने कहा कि साइनबोर्ड और डॉक्टरों के पर्चे पर डॉक्टर का नाम, योग्यताएं, टाइटल, विशेषज्ञा और रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा कुछ नहीं होना चाहिए। एनएमसी ने यह भी कहा है कि डॉक्टरों को केमिस्ट शॉप या ऐसी किसी जगह साइन बोर्ड नहीं लगाना चाहिए. जहां वे ना तो रहते हैं और ना ही काम करते हैं। ये सभी बातें कमीशन के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड ने अपनी ई-बुक 'प्रोफेशनल कंडक्ट रिव्यू-लेसंस फ्रॉम केस आर्काइव्स' में कही हैं।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील हो अदालतें : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने महिला अपराधों से जुड़े मामलों में सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई के दौरान संवेदनशील होना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया था। साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति और उसकी मां द्वारा अपनी पत्नी के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने की सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। बता दें कि पीड़ित पत्नी की जहर के कारण मृत्यु हो गई थी। अपील खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अदालतों से यह उम्मीद की जाती है कि अदालतें अपराधियों को प्रक्रियात्मक अपूर्ण जांच या सबूतों में कमियों के कारण सजा से बचने नहीं देंगी। अगर ऐसा होगा तो पीड़ित पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे कि अपराधियों को सजा नहीं मिलेगी। शेष पृष्ठ 2 पर



# कोटा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को लेकर रस्साकस्सी जारी

■ कोटा विधानसभा क्षेत्र में टिकट को लेकर भाजपा नेताओं में वर्चस्व की लड़ाई भी सतह पर



**प्रबल प्रताप सिंह को कोटा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने की खबर लीक होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का असंतोष उभरा**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों की संभावित दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद भाजपा संगठन में वर्चस्व की लड़ाई सतह पर आ गई है खासकर कोटा विधानसभा क्षेत्र से जशपुर क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव का नाम प्रत्याशी के रूप में सामने आने के बाद अविभाजित बिलासपुर जिला के भाजपा संगठन में बवाल मचा हुआ है। खासकर कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक भाजपा नेताओं ने कोटा विधानसभा क्षेत्र से किसी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता को टिकट देने की मांग संगठन के सामने रख दी है ऐसे में एक बार फिर भाजपा संगठन कोटा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन शुरू कर दिया है।

कोटा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा आजादी के बाद से लेकर वर्ष 2018 तक हुए विधानसभा चुनाव में कभी अपनी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। समय-समय पर भाजपा ने कार्यकर्ताओं की मांग पर स्थानीय प्रत्याशी के रूप में काशी साहू को भी चुनाव में उतार कर प्रयोग किया है परंतु भाजपा का प्रयोग सफल नहीं हो पाया ऐसे में स्वाभाविक रूप से कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा का वातावरण दिखाई दे रहा है। तब जब अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में भाजपा की दूसरी संभावित लिस्ट लीक होने पर जशपुर क्षेत्र के हिंदूवादी कद्दावर भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह का नाम सामने आया है तब से भाजपा में खटमंडल मचा हुआ है और कार्यकर्ताओं में स्वाभाविक रूप से यह चर्चा है कि क्या छत्तीसगढ़ में बैक फुट में पहुंच चुकी भाजपा इस बार भी कोटा विधानसभा क्षेत्र में कोई नया प्रयोग करने वाली है? दरअसल कोटा विधानसभा क्षेत्र की बनावट ऐसी है कि इसमें कोटा ब्लॉक का रतनपुर, कोटा, टेंगनमाड़ा बेलगहना, केंदा, खोंगसरा जैसे बड़े से लेकर छोटे गांव बिलासपुर जिले में शामिल है वही गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला पेंड्रा नगर सहित बहुत सारे गांव कोटा विधानसभा क्षेत्र में आते हैं इसलिए स्वाभाविक रूप से कोटा विधानसभा क्षेत्र से बिलासपुर जिले के तथा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के भाजपा नेता चुनाव लड़ने की इच्छा संगठन के सामने जाहिर कर चुके हैं इनमें से प्रमुख रूप से डॉक्टर सोमनाथ यादव, बृजलाल सिंह राठौड़ मुकेश दुबे मोहित जायसवाल सुमंत जायसवाल संतोष तिवारी श्री कृष्णा प्रपन्नाचार्य कामता महाराज, नीरज जैन सहित दर्जन भर नेताओं के नाम सामने आ चुके हैं और ऐसे में जब इन नाम को दरकिनार करके जशपुर क्षेत्र के भाजपा नेता प्रबल प्रताप सिंह का नाम सामने आया तो प्रत्याशी के नाम को लेकर विवाद उठना स्वाभाविक ही था। वैसे भी अविभाजित बिलासपुर जिले से बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण साव प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक भुपेद्र सवन्नी जैसे कद्दावर भाजपा नेताओं का वर्चस्व है तब स्वाभाविक रूप से कोटा से जो नाम प्रत्याशी के रूप में लीक हुआ है उसमें धुआं उठना ही था। हालांकि इसमें कोई दो मत की बात नहीं है की प्रबल प्रताप सिंह भाजपा के कद्दावर सम्मानित नेता है परंतु इतनी दूर के नेता कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े यह विभाजित बिलासपुर तथा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं को हजम नहीं हो पाई यही कारण है कि कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छुक नेता स्थानीय एवं बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा उठाते हुए लामबंद होते हुए एक बैठक आयोजित की तथा राष्ट्रीय भाजपा संगठन मंत्री बी एल संतोष को एक पत्र लिख दिया जिसके पास से कोटा विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन शुरू हो गया है वहीं दूसरी ओर भाजपा के आरएसएस से जुड़ा एक वर्ग ऐसा मानता है कि स्थानीय एवं बाहरी के मुद्दे को हवा बिलासपुर के वहीं स्थापित नेता दे रहे हैं जो नहीं चाहते कि कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर बिलासपुर में कोई नया नेता स्थापित हो और अपना वर्चस्व बनाए रखना के लिए इस तरह की लामबंदी संयोजित ढंग से करवा रहे हैं। अभी वर्तमान में अविभाजित बिलासपुर जिले कि भाजपा राजनीति में जो कुछ भी चल रहा है उसके पल-पल की खबर रायपुर से दिल्ली तक के भाजपा संगठन नेताओं को अलग-अलग माध्यमों से भेजी जा रही है तथा शीर्ष नेतृत्व यहां की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। इन परिस्थितियों में जब भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का सपना देख रही है तब प्रत्याशी चयन एवं टिकट वितरण से उत्पन्न स्थिति पर कैसे नियंत्रण रख पाएगी यह बड़ा सवाल है।

# मरवाही वन मंडल में 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह

**मानव-हाथी द्वंद रोकने गजरथ, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट, ड्राइंग, पेंटिंग आदि के माध्यम से लाई जा रही जन जागरूकता**




**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन विभाग द्वारा मरवाही वन मंडल में 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान वन्य प्राणियों की सुरक्षा के साथ ही मानव-हाथी द्वंद रोकने गजरथ, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट, ड्राइंग, पेंटिंग आदि के माध्यम से जन जागरूकता लाई जा रही है।

वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वनस्पतियों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण के उद्देश्य से विगत 2 अक्टुबर से 8 अक्टूबर तक वनमण्डल के सभी परिक्षेत्रों में वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत मुख्य रूप से मरवाही परिक्षेत्र अंतर्गत डीएवी स्कूल मरवाही, स्वामी आत्मानंद विद्यालय मरवाही एवं शासकीय हाई स्कूल दानीकुण्डी में ड्रॉइंग, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें बच्चे बहुत ही उत्साह से भाग ले रहे हैं। मरवाही में हाथी से प्रभावित ग्रामों में गजरथ के माध्यम से हाथी मानव द्वंद को कम करने हेतु हाथी के व्यवहार एवं हाथी के आने पर क्या करें और क्या न करें इस संबंध में लाउड स्पीकर के माध्यम से एवं पाम्पलेट के माध्यम से जन जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गजराज द्वारा किये गये क्षतिपूर्ति राशि ग्रामीणों को चेक के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है। ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौरला परिक्षेत्र अंतर्गत ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पेण्ड्रारोड, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आमाडोब एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पकरिया में भी में ड्रॉइंग, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

# जेएमपी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन



**तखतपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में विज्ञान संकाय द्वारा एक एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आशीष तिवारी सहायक प्राध्यापक , रसायन शास्त्र, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ रहे । जिन्होंने एकीकृत स्पेक्ट्रोस्कोपी के सिद्धांत विषय पर व्याख्यान दिया। स्पेक्ट्रोस्कोपी के मूलभूत सिद्धांतों को प्रोजेक्टर डिस्प्ले द्वारा विजुअल माध्यम से सरल व दैनिक जीवन की घटनाओं से रासायनिक प्रतिक्रियाओं जो विभिन्न तरंग दैर्ध्य अथवा आवृत्ति के प्रकाश के साधारण रूप से कम ऊर्जा की अवस्था एवम किसी रसायनिक पदार्थ की स्थाई अवस्था तथा ऊर्जा के अवशोषण से अस्थाई संक्रमण का उत्पन्न होना और अवशोषण व निष्कासन स्पेक्ट्रम के कारण को बहुत सरल तरीके से समझाया।प्राचार्य डॉक्टर मधुलिका लाल ने संबोधित किया। संचालन श्रीमती इंदु कौशल एवं सीमा नेगी ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डॉ पार्वती पटेल, संजय यादव , कुमारी रानू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिले के सात विकास खण्ड में 60 मास्टर ट्रेनर दे रहे निर्वाचन ट्रेनिंग

**निर्वाचन प्रशिक्षण को देखने स्वयं पहुंचे थे कलेक्टर, प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारियों को पर्याप्त समय देने के दिए निर्देश**

**ईवीएम, वीवीपैट संचालन की बारीकियों से करवाया जा रहा अवगत**

**मास्टर ट्रेनर दे रहे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों को ट्रेनिंग**



**रायगढ़,** 7 अक्टूकर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न विकास खण्ड में मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से निर्वाचन प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। गत दिवस आयोजित मास्टर ट्रेनर्स के ट्रेनिंग में कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा था कि अच्छे प्रशिक्षण से निर्वाचन का कार्य बेहतर होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षित करने हेतु मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए थे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय एवं जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दिया गया था। जिसके पश्चात मास्टर ट्रेनर्स को विकासखंडो में निर्वाचन में संलग्न पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ट्रेनिंग देने के लिए भेजा गया हैं। जहां इन अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के संचालन, विभिन्न गतिविधियों, बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही मशीनों में टैग लगाने, संचालन करने, चालू-बंद करने, मॉक पोल, वास्तविक मतदान कराने आदि सभी पहलुओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं।

प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही हैं। मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को ईव्हीएम मशीन के संचालन प्रक्रिया का डेमो के जरिए संचालित करके दिखाने तथा अधिकारियों को इसे संचालन की प्रैक्टिस करवाया जा रहा हैं। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को उनके जिम्मेदारियों के निर्वहन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिन्हा ने प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण बेहतर हो। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों को विभिन्न विकासखंडों में दिए जा रहे प्रशिक्षण स्थल में पर्याप्त समय देने को कहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्री सिन्हा स्थानीय नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 के ट्रेनिंग कक्ष में पहुंचकर संलग्न अधिकारी एवं मतदान दल के दायित्वों एवं निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए प्रश्न पूछें थे, उन्होंने निर्वाचन कार्य को बेहतर करने के लिए अच्छे से ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा था कि जितनी अच्छी ट्रेनिंग लेंगे तो उतना ही बेहतर और आसान होगा आगामी <हशठ्ठद्>निर्वाचन कार्य। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका होने होने पर तत्काल पूछ कर शंकाओं का समाधान करें जिससे मतदान प्रक्रिया के समय समस्या नहीं होगी। जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल ने बताया कि जिले के सात विकास खंड अंतर्गत रायगढ़, पुसौर, लैलूंगा, तमनार, खरसिया, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ में 7 ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए है, जहां 4 से 5 कक्ष में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां 60 मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल क्रमांक 1, 2, 3 को निर्वाचन से संबंधित बारीकियों के साथ ट्रेनिंग दे रहे हैं। वही निर्वाचन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी कर रहे हैं। जिससे उन्हें सुव्यवस्थित मतदान कराने में आसानी हो। इसी क्रम में विकास खण्ड खरसिया के शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में मतदान दलों का प्रशिक्षण 6 से 8 अक्टूबर तक दो पाली में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभागों के 931 अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें 199 महिला कर्मचारी शामिल है। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा खरसिया रोहित कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय खरसिया में चल रहें निर्वाचन प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया।

# बीईओ ने ली समन्वयकों की समीक्षा बैठक

**तखतपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र पढ़ाई के दौरान ही मिल जाने के संबंध में चर्चा करने और आवश्यक तैयारी को लेकर संकुल समन्वयको की समीक्षा बैठक विकास को शिक्षा अधिकारी तखतपुर जितेंद्र शुक्ला और सहायक विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल द्वारा ली गई।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि इस कार्य को गम्भीरता से पूरा करना है ताकि समय पर काम पूरा हो सकेगा।स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान जाति, निवास,आय प्रमाण पत्र मिल सके उसके लिए शासन के द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। जिसमें स्कूलों से बच्चों के अभिलेख दस्तावेज और अन्य प्रपत्र शिक्षकों के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे और फिर जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।आवश्यक तैयारी के लिए बैठक ली गई इसमें बताया गया कि प्राइमरी से लेकर के हायर सेकेंडरी स्कूल स्तर तक जो भी पात्र छात्र, छात्रा हैं उन सभी से आवश्यक दस्तावेज लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे और वहां पर जिन लिपिकों को आईडी पासवर्ड दिया गया है वे प्रपत्र को छानबीनकर अपलोड करेंगे फिर प्रमाण पत्र बनाने का काम किया जायेगा।इस अवसर पर संतोष गढ़ेवाल, गौरव भट्ट ,अवनीश तिवारी, संजीव कुर्रे, गेंदा उपाध्याय, विमल शिवाने, आशुतोष श्रीनेत, राम भुवन यादव, मनोज पवार, विजय पांडे, अशोक पांडे, जितेंद्र ठाकुर, नितेश विमल सोना राजा, अजय तिवारी, भारत लाल मार्को, वीरेंद्र ध्रुव, विनोद शर्मा सुरेंद्र दुबे,देवकांत सोनी, धृकपाल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार




**तखतपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376, 506 तथा पास्को एक्ट 4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर निवासी प्रार्थीयां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी नाबालिग पुत्री का 2 वर्ष पूर्व घुण्डूकापा निवासी आरोपी शिवशंकर साहू पिता राम साहू जो रिश्तेदारी में आता है वह नाबालिग के घर आया और मौके का फायदा उठाकर उसको डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। साथ ही बार बार उसके साथ यह हरकत करता रहा परेशान पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी तब परिजनों ने तखतपुर थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी शिवशंकर साहू के खिलाफ धारा 376, 506 तथा पास्को एक्ट 4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**केंद्र सरकार क्यों नहीं करा रही...**

क्यों नहीं हो रही है। हम आर्थिक सर्वेक्षण, हेड काउंट करा सकते हैं, बिहार की सरकार जाति जनगणना करा सकती है, तो केंद्र सरकार जनगणना क्यों नहीं करा रही है। वहीं कांग्रेस एक परिवार की पार्टी वाले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि नड्डा पहले बताएं उन्हें किसने अध्यक्ष चुना।

**केंद्र की योजनाओं को ...**

तो गरीब, महिलाओं को भूल गए।कांग्रेस सरकार पीएससी घोटाला करने वाली सरकार है।उन्होंने कहा प्रदेश में युवाओं को नग्न परेड करने की नोबत आ गई। हमें कल्याण राज्य लाना हैं, गरीब, किसानों, माताओं की सरकार बनानी है।पीएम ने विधानसभा लोकसभा में 50त्न मां बहनों को आरक्षण देकर लोक शाही में अधिकार देने की बात कही है।

**छत्तीसगढ़ युवा मितान ...**

था। आज से इस सुविधा की शुरुआत की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय कॉलेजों और राजकीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले 01 लाख से ज्यादा नियमित विद्यार्थियों को लाभ होगा। इस योजना पर लगभग 110 करोड़ रुपए का आर्थिक व्ययभार आएगा, इसमें से आधा भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा एवं आधा व्यय बस संचालकों द्वारा छूट के तौर पर वहन किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों के दौरान हमने प्राइमरी स्कूलों से लेकर महाविद्यालयों तक उत्कृष्ट शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत राज्य में 753 अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया गया है।

**विद्यार्थी ऐसे उठा सकते हैं योजना का लाभ**

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का लाभ उठाने के लिए छात्र वेबसाईट पर कॉलेज और रूट के साथ बस पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज लॉग इन कर सभी विवरणों की जांच के पश्चात् आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकार करेगा। स्वीकृत छात्र लॉग इन कर क्यूआर कोड युक्त अपना बस पास डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं। बस कंडेक्टर द्वारा पास की जांचकर घर से महाविद्यालय, महाविद्यालय से घर ले जाया जाएगा।

**विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना के तहत छात्रों को घर से महाविद्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी। नि:शुल्क परिवहन से छात्रों को उच्चशिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। यह योजना छात्रों के लिए आर्थिक रूप से भी मददगार होगी। यह योजना छात्रों के समय की बचत करेगी। यह योजना छात्रों के बीच सामाजिक समावेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करते हुए 30 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। कॉलेजों में 1252 सहायक प्राध्यापकों, 40 ग्रंथपालों और 39 क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। हाल ही में हमने 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना की शुरुआत भी की है। इस योजना में विद्यार्थियों को नीट और जेईई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में 83 नये कॉलेज खोले गए हैं। पहले से संचालित कॉलेजों में 23 हजार 500 सीटों की वृद्धि की गई है। जिला मुख्यालयों में 10 नये कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। राज्य में अंग्रेजी माध्यम के 10 कॉलेजों की भी शुरूआत की गई है। प्रदेश में वर्ष 2018-19 में 02 लाख 26 हजार 373 विद्यार्थी कॉलेजों में प्रवेशित थे, इसकी तुलना में वर्ष 2022-23 में 03 लाख 35 हजार 139 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। साथियों, हमारी सरकार ने विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के उत्कृष्ट वातावरण के निर्माण के साथ-साथ उनके लिए अच्छा भविष्य भी सुनिश्चित किया है। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, विधायक लखेश्वर बघेल, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती शारदा वर्मा, कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**गाजा में इजराइली बमबारी से ...**

उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।

**हमास का कई को बंधक बनाने का दावा**

हमास ने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को 'अल-अक्सा फ्लड' नाम दिया है। वहीं इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ 'स्वॉर्ड्स ऑफ आयरन' ऑपरेशन शुरू किया है। हमास ने दावा किया है कि उन्होंने कई लोगों समेत इजराइली जनरल निमरोद अलोनी को बंधक बना लिया है। इन्हें छुड़ाने के लिए ओफाकिम इलाके में इजराइली फोर्सेस ने एक घर को घेर लिया है। यहां वो हमास के लड़ाकों से बात कर रहे हैं। येरूशलम पोस्ट के मुताबिक, हमास लड़ाकों ने कई इजराइली कस्बों पर कब्जा कर लिया है।

**महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में ...**

शीर्ष कोर्ट ने यह फैसला उत्तराखंड हाई कोर्ट के मार्च 2014 के आदेश को चुनौती देने वाली दो दोषियों की अपील पर दिया है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत के फैसले को कायम रखा था। निचली अदालत ने 2007 में दर्ज मामले में मृतका के पति और सास को दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने मृतका के पति बलवीर सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 498-ए (एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था। साथ ही मृतका की सास को आईपीसी की धारा 498-ए (किसी महिला के पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) के तहत दोषी ठहराया गया था। शीर्ष अदालत में दी गई दलीलों के मुताबिक, मृतका का विवाह दिसंबर 1997 में बलवीर सिंह से शादी की थी। वहीं, जून 2007 में, उसके पिता ने एक मजिस्ट्रेट अदालत में एक आवेदन दायर किया था जिसमें मई 2007 में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी बेटी की मौत के संबंध में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / Q/ अति.तह./ वा./ 20...
बिलासपुर, दिनांक 27/09/2023
रा.प्र.क्र. .../ ब-121/ 22-23
ग्राम - सिरगिट्टी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं 41 रा.नि.मं बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रद्धा तिवारी पिता/ पति श्री प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम नयापारा के द्वारा मृतक/मृतिका गौरी शंकर की मृत्यु दिनांक 18/06/1968 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/10/2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / Q/ अति.तह./ वा./ 20...
बिलासपुर, दिनांक 27/09/2023
रा.प्र.क्र. .../ ब-121/ 22-23
ग्राम - सिरगिट्टी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं 41 रा.नि.मं बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रघुनाथ निषाद पिता श्री सुकालू निवासी ग्राम नयापारा के द्वारा मृतिका श्याम बाई की मृत्यु दिनांक 20/06/2003 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/10/2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/ समंस**

गायत्री राठौर वगै. ..... आवेदिकागण
विरुद्ध
आम जनता वगैरह ..... अनावेदकगण
प्र.क्र- 724/ 2023
आदेश दि. 05.09.2023
पेशी दि.- 18.10.2023
प्रोसेस क्रमांक..........

प्रति,
आम जनता, (जिससे संबोधित हो)

आवेदकगण गायत्री राठौर पति स्व. अभिषेक राठौर आयु 41 वर्ष, नाबालिक अंशिका राठौर पिता स्व. अभिषेक राठौर आयु 5 वर्ष, नाबालिक अवंतिका राठौर पिता स्व. अभिषेक राठौर आयु 2.5 वर्ष एवं अभिलेख राठौर पिता गणेश राम राठौर आयु 38 वर्ष की ओर से इस न्यायालय में धारा 8 (ना.अंशिका राठौर)एवं (ना.अवंतिका राठौर) के नाम से दर्ज शामिल भूमि को बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 18.10.2023 को नियत है। अतः इस ईश्तहार/ नोटिस के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 18.10.2023 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रकरण में भाग लें, जबाब प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद में एक पक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अस्तू सूचित हो।

स्थान - बिलासपुर
दिनांक- 05/10/2023

सील

**(सुनील कुमार जायसवाल)**
**प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान दशम् अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/ समंस**

धनीराम .......... अपीलार्थी
विरुद्ध
छ.ग.शासन वगैरह ...... उत्तरवादीगण
प्र.क्र. - सी.ए.30-अ/ 2023
आदेश दिनांक 24.08.2023
पेशी दिनांक - 17.10.2023
प्रोसेस क्रमांक ......

प्रति,
1. संतोष यादव पिता स्व. श्री बहोरन आयु 50 वर्ष 2. श्रीमती सरिता यादव पति स्व. श्री पुनीराम यादव पिता आयु 46 वर्ष 3.किसन यादव पिता स्व. श्री पुनीराम यादव आयु 17 वर्ष 4.वैष्णवी यादव पिता स्व. श्री पुनीराम यादव आयु 14 वर्ष 5.योगेश्वर यादव पिता स्व. श्री पुनीराम यादव आयु 12 वर्ष 6.श्रीमती सावित्री बाई पति स्व. श्री बहोरन आयु 75 वर्ष
सभी निवासी- ग्राम रॉक, थाना सीपत, तह. मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(जिसको सम्बोधित हो)

अपीलार्थी धनीराम पिता स्व. श्री बिसाहू जाति सूर्यवंशी आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम रॉक, तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर के द्वारा न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)व्य.प्र.क्रं. 135-अ/ 2022 पक्षकार धनीराम विरुद्ध छ.ग. शासन वगैरह में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 19.04.2023 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में प्रथम व्यवहार सिविल अपील अन्तर्गत आदेश 41 सी.पी.सी. प्र.क्रं. 30-अ/ 2023 पक्षकार धनीराम विरुद्ध छ.ग. शासन वगैरह प्रस्तुत किया है। जिसकी पेशी दिनांक 17.10.2023 को नियत है। अतः इस ईश्तहार नोटिस के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 17.10.2023 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रकरण में भाग लें, अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद में एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तू सूचित हो।

स्थान - बिलासपुर
दिनांक- 05/09/2023

सील

**(अविनाश के त्रिपाठी)**
**दशम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र.55/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2023-24 दिनांक 29/09/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल फार्म-A में दिनांक 16/10/2023 को सायं 04:30 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 49 रामबिहारी के घर से सोनू के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.80 | 2nd Call |
| 2 | वार्ड क्र. 49 गोस्वामी के घर से अनिल केंवट के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.78 | 2nd Call |
| 3 | वार्ड क्र. 49 देवांगन के घर से कुरैशी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.09 | 2nd Call |
| 4 | वार्ड क्र. 52 माधव सिंह के घर से प्रतिमा गढेवाल के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.74 | 2nd Call |
| 5 | वार्ड क्र. 58 मेंनरोड से विजय यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 2.99 | 2nd Call |
| 6 | वार्ड क्र. 49 तारासिंह के घर से रामसनेही के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 02.93 | 6th Call |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-7

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें। नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

# देश

**उवाच**

मैंने कई बार कहा है कि पिछले साल जब हमारी सरकार बनी थी, उसी दिन मैंने भविष्यवाणी की थी कि तलाशी और छापे शुरू होंगे। मेरा नाम आरोप पत्र में नहीं था लेकिन पूरक आरोप पत्र में डाल दिया गया था।

-तेजस्वी यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34` | 27` |
| मुंबई | 3` | 27` |
| कोलकाता | 29` | 27` |
| चेन्नई | 3`.` | 28` |

# भारत लोकतंत्र की जननी : ओम बिरला

## आईआईआरएसआई सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को किया सम्बोधित

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को 'इंडियन इंट्राओकुलर इम्प्लांट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी ऑफ इंडिया' (आईआईआरएसआई) सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित किया। भारत की लोकतान्त्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि देश लोकतंत्र की जननी है क्यूंकि वैदिक काल से ही भारत के सभी कार्य और प्रथाएं लोकतान्त्रिक रही हैं।



- देश के नेत्र चिकित्सकों की योग्यता का लोहा पूरे विश्व ने माना : ओम बिरला
- लोस अध्यक्ष ने आईआईआरएसआई के योगदान का किया उल्लेख
- वैदिक काल से ही भारत के सभी कार्य व प्रथाएं लोकतांत्रिक रहीं

इस अवसर पर बिरला ने आईआईआरएसआई के नेत्र विशेषज्ञों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के नेत्र चिकित्सकों की योग्यता का लोहा पूरे विश्व ने माना है। लोस अध्यक्ष ने कहा कि नवीनतम इनोवेशन, रिसर्च और टेक्नोलॉजी के आधार पर नेत्र चिकित्सा के लिए समर्पित भारतीय डॉक्टरों ने सम्पूर्ण विश्व में भारत की ताकत और योग्यता दिखाई है। आईआईआरएसआई के योगदान का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि पिछले चार दशकों से आईआईआरएसआई ने चर्चा-संवाद के आधार पर नई टेक्नोलॉजी, अनुभव, रिसर्च, नवाचार साझा करके नेत्र चिकित्सा से जुड़े सभी पहलुओं पर बड़ा योगदान दिया है। ओम बिरला ने आगे कहा कि आईआईआरएसआई के डॉक्टर नियमित रूप से अपने विचार, अनुभव, टेक्नोलॉजी, रिसर्च का आदान प्रदान करते हैं जिससे जनता और समाज का कल्याण का कार्य सुनिश्चित होता है। ओम बिरला ने आगे कहा कि नेत्र चिकित्सकों ने जन सेवा में पुण्य कमाया है और दूर दराज के गांवों के लोगों के लिए जागरूकता और सेवा की दिशा में कार्य किया है। यह उल्लेख करते हुए कि नेत्र विशेषज्ञ अक्सर गांवों के लोगों लिए कैंप लगा कर जानकारी और इलाज प्रदान करते हैं जिससे आम लोगों को सुविधा मिलती है और अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक और प्रभावी चिकित्सा मुहैया होती है, बिरला ने हर्ष व्यक्त किया कि उनके प्रयासों के परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे हैं। बिरला ने याद किया कि पुराने दिनों में अज्ञान के कारण लोग कई बार आंखों का इलाज नही कराते थे, लेकिन अब व्यवस्था में बहुत बदलाव आया है।

जागरूकता बढ़ने के कारण लोग आज समय रहते डॉक्टर से आंखों का इलाज कराते हैं। बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में भारत में हुए नए रिसर्च, इनोवेशन को दुनिया के विकसित देशों द्वारा अपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के डॉक्टर विश्व में अपनी कार्यकुशलता, नवाचार और रिसर्च के लिए जाने जाते हैं। स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर बल देते हुए बिरला ने कहा कि आज के समय में कई बार बच्चों को छोटी उमर में चश्मा लग जाता है। इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि लम्बे समय तक बच्चों का मोबाइल फोन का इस्तेमाल आंखों पर प्रतिकूल असर डालता है। उन्होंने माता पिता को इस दिशा में ध्यान देने के लिए आग्रह किया।

### बली राम भगत की जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शविार को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बली राम भगत को उनकी जयंती पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में बाली राम भगत के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी तथा व्यापक संसदीय अनुभव संपन्न और संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के ज्ञाता, बली राम भगत को 5 जनवरी, 1976 को पांचवी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया था। वह अंतरिम संसद पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी, सातवीं और आठवीं लोकसभा के सदस्य रहे। केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त, योजना, रक्षा, विदेश, विदेश व्यापार और आपूर्ति, इस्पात और हैवी इंजीनियरिंग सहित अनेक महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। उन्होंने फरवरी, 1993 से चार महीने के लिए हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल तथा 30 जून, 1993 से 1 मई 1998 तक राजस्थान के राज्यपाल का कार्यभार संभाला। बली राम भगत का निधन 2 जनवरी 2011 को नई दिल्ली में हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोकसभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित दादाभाई नारोजी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई।

# कृषि संबंधित तकनीक का पूरा फायदा उठाएं किसान : धनखड़

**नई दिल्ली/सूरतगढ़,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि में बदलावों की आवश्यकता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि भारत के किसान को कृषि संबंधित तकनीक का पूरा फायदा उठाना चाहिए ताकि उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हो सके। धनखड़ ने सूरतगढ़ में राष्ट्रीय बीज निगम के परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक न केवल उत्पादन के क्षेत्र में, बल्कि निर्यात, आयात और विपणन के क्षेत्र भी किसानो लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसान बदलाव का केंद्र बिंदु बने और किसान कृषि उत्पादों के व्यापार में अपना उचित स्थान बनाए। किसान कृषि अनुसंधान एवं विकास का केंद्र बने और निर्यात में हमारे बच्चे प्रमुख भूमिका निभाएं। धनखड़ ने कहा कि कृषि उत्पादों का मार्केट बहुत बड़ा है, लेकिन इसमें किसानों की भागीदारी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने किसान को कृषि उत्पादकों के व्यापार पर अपना यथा उचित स्थान तथा कृषि सम्बंधित अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जिससे किसानों को समृद्धि की दिशा में अग्रसर करने और देश के निर्यात क्षेत्र में नए पीढ़ियों को अवसर मिले। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को तकनीक का पूरा फायदा उठाना चाहिए। उत्पादन की अगर गुणवत्ता बढ़ती है, तो उसका मूल्य कई गुना होता है पर आप तक फायदा तब आयेगा जब उत्पादन के साथ उसकी मार्केटिंग और निर्यात में आपकी भागीदारी हो।



- उपराष्ट्रपति ने कृषि में बदलावों की आवश्यकता पर दिया जोर
- सूरतगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को किया संबोधित

### हल्दी बोर्ड के गठन को किसानों के लिए बताया महत्वपूर्ण

उपराष्ट्रपति ने हल्दी बोर्ड के गठन को किसानों और उनके बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह बोर्ड उनके लिए नई दुनिया के दरवाजे खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप आर्थिक गलियारे को दुबारा जीवित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है जिससे किसानों को बड़ा फायदा होगा और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। किसानों को समर्थन और सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की देश का किसान इतना सक्षम हो गया है कि पीएम किसान सम्मन निधि के माध्यम से भेजी जाने वाली राशि किसान सीधे अपने बैंक खाते में प्राप्त कर रहा है, इसमें कोई बिचौलिया नहीं है, और न ही किसी प्रकार का कमीशन देना पड़ता है।

## सार संक्षेप

### मनोज सिन्हा वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलिस गोल्फ कोर्स से निशात बाग, श्रीनगर तक वन्यजीव सप्ताह 223 के एक भाग के रूप में वॉकथॉन 'वॉक फॉर वाइल्ड लाइफ' को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। वन्यजीव संरक्षण पर जागरूकता फैलाने के लिए वन्यजीव संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित पांच किमी लंबे वॉकथॉन में प्रमुख नागरिकों, वन्यजीव संरक्षण और इको क्लब के सदस्यों, स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों, छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उपराज्यपाल ने वन्यजीव संरक्षण, अद्वितीय व समृद्ध पारिस्थितिक विरासत की सुरक्षा एवं आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने तथा सही संतुलन बनाकर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### मध्य प्रदेश के दौरे पर आएंगे राहुल व प्रियंका

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अगले सप्ताह मध्य प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने यहां बताया कि गांधी 1` अक्टूबर को शहडोल जिले के ब्यौहारी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। सभा दोपहर में होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा 12 अक्टूबर को आदिवासी बहुल मंडला में जनसभा को संबोधित करेंगी।

### नीतीश ने एशियन खेलों में शानदार प्रदर्शन पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशियन गेम्स 223 में भारत के शानदार प्रदर्शन करने और पहली बार 1` से अधिक पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुमार ने शनिवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि एशियन गेम्स में भाग ले रहे भारत के सभी खिलाड़ी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। सभी देशवासी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### शहीद सरोज को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**भुवनेश्वर।** सिक्किम बाढ़ में शहीद हुए ओडिशा के जवान सरोज कुमार दास के पार्थिव शरीर को यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचा, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल द्वारा शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी हवाई अड्डे पर शहीद दास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा अपने चरम पर : कमलनाथ

## शिवराज के चर्चित बयानों के बीच कसा तंज

**भोपाल,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाल ही में दिए गए चर्चित बयानों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने तंज कसते हुए आज कहा कि राज्य भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया और उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू किया कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं और अब सीधे पूछ रहे है कि मोदी जी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं। पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है।



जिन्हें टिकट मिला, वह लड़ने को तैयार नहीं है और जो टिकट की रेस से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं।' चौहान ने शुक्रवार को डिंडोरी जिले में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जनता के समक्ष पूछा, 'मैं अच्छी सरकार चला रहा हूं या बुरी। मामा को मुख्यमंत्री बनना चाहिए कि नहीं, प्रदेश में भाजपा की सरकार आना चाहिए या नहीं।' इसके अलावा पिछले तीन चार दिनों में उन्होंने अपने गृह क्षेत्र बुधनी के अलावा बुरहानपुर और सीहोर की जनसभाओं में भी भावुक अंदाज में जनता से इसी तरह बात की। उन्होंने कहा, 'मै चला जाऊंगा तो बहुत याद आऊंगा।' 'मैं चुनाव लड़ूं या नहीं। यहां से लड़ूं या नहीं।'

# बिहार में मंडी कानून लागू करे राज्य सरकार : टिकैट

## किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

**पटना,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। यहां वे सरकार के साथ-साथ कई किसान नेताओं से मुलाकात करेंगे। दिल्ली से पटना पहुंचे किसान नेता ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया कर्मियों से बातचीत में बिहार सरकार से मांग की कि राज्य में मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बिहार के किसानों की जमीन हड़पने की साजिश को लेकर भी अपनी बात कही और आने वाले समय में किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। राकेश टिकैत ने कहा कि मेरा बिहार का 3 दिन का कार्यक्रम है। सबसे पहले बिहार में बाजार समिति लागू होनी चाहिए हजारों ट्रक यहां से रोज धान जाता है। यहां के किसानों को एमएसपी नहीं मिलती है, यह व्यवस्था बंद हो। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने किया कि यहां के किसान फसल पैदा करते हैं, लेकिन इनको उचित मूल्य मिले। बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार से फसल खरीदती हैं और बाहर जाकर ऊंचे दामों में बेचती हैं। यहां तीन दिन रुकूंगा और यहां के सिस्टम को देखूंगा। यहां मंडी सिस्टम लागू होनी जरूरी है और हम लोगों की पहली मांग है की मंडी कानून लागू किया जाए। उन्होंने लालू प्रसाद यादव से मिलने के सवाल पर कहा कि यहां हूं तो सारे नेताओं से मिलेंगे, सरकार से भी मिलेंगे। तीन दिवसीय यात्रा पर पटना पहुंचे राकेश टिकैत ने आंदोलन करने की बात कही। राकेश टिकैत कहा कि बिहार में एमएसपी से कम दाम मिलने और किसानों के विभिन्न मुद्दों पर बिहार में जल्द आंदोलन होगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने आगे कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के लिए बिहार के किसानों का साथ दे।

**एमएसपी गारंटी कानून के लिए बिहार के किसानों का दे साथ**



बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा किसानों की जमीन हड़पने की हो रही साजिश : राकेश टिकैत

### किसानों की आज जमीन लेंगे तो आज का दाम देना होगा

राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की आज जमीन लेंगे तो आज का दाम देना होगा। बिहार अपनी दो बातों के लिए जाना जाता था, पहली स्कूल और शिक्षा। लेकिन, अब बिहार के लोग बाहर जाने लगे हैं, साजिश के तहत पलायन किया जा रहा। बड़ी बड़ी कंपनिया किसानों की जमीन छीनने पहुंच रहे हैं। बाजार कानून के कारण ये हालात है। मीडियाकर्मियों द्वारा किए गए इस सवाल पर कि सरकार चौथा कृषि रोड मैप लेकर आ रही है, क्या इससे किसानों को क्या फायदा मिलने वाला है। इसके जवाब में राकेश टिकैत ने कहा कि हम पहले चौथे कृषि रोड मैप को पढ़ेंगे, उसके बाद ही बता पाएंगे कि इसमें सरकार ने किसानों के लिए क्या-क्या किया है।

# सरकार की गरीबों को सस्ते घर व सौर ऊर्जा योजना को लागू करने की तैयारी

## प्रधानमंत्री मोदी ने उच्चस्तरीय बैठक में लिया जायजा

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के संकल्पों को मूर्त रूप देने के दृढ़ प्रयास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले के भाषण के दौरान अपने दो प्रमुख घोषणाओं की समीक्षा लेकर शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने देश के वंचितों के उत्थान और नवीकरणीय ऊर्जा के गंभीर मुद्दे को संबोधित करने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, प्रधानमंत्री ने गरीबों व मध्यम वर्ग को सस्ते आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने और घरों के लिए सौर उर्जा के कार्यान्वय को लेकर जमीनी कार्यों का आकलन किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लालकिले से किए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री



मोदी ने समाज के हासिए पर रहने वाले लोगों को किफायती आवास समाधान प्रदान करने के अपने दृटिकोण को व्यक्त किया था।

इस महत्वपूर्ण के अनुरूप शनिवार की बैठक में इस दृटिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए तैयार की गई व्यापक योजनाओं पर चर्चा हुई। तात्कालिकता की स्पष्ट भावना के साथ प्रधानमंत्री ने शीघ्र निष्पादन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि किफायती आवास उपलब्ध करना केवल एक वादा नहीं है, यह लाखों लोगों की आकांक्षाओं के प्रति एक गंभीर प्रतिबद्धता है। सपनों और वास्विकता के बीच की खाई को खत्म करने का संकल्प है।

जहां हर भारतीय अपनी कमजोर आर्थिक पृष्ठिभूमि के बावजूद एक घर खरीदन की आकांक्षा कर सकता है। इसके अलावा उनकी दूसरी घोषणा जिसमें उन्होंने घरो के लिए सौर उर्जा सुनिश्चित करके अधिक टिकाउ और उर्जा कुशल भारत के लिए अपना दृटिकाेण रखा था, इसको क्रियान्वय को लेकर भी समीक्षा की गई। बैठक में जमीनी स्तर पर सौर ऊर्जा को अपनाने की सुविधा के लिए तकनीकी व्यवहार्यता, बुनियादी ढांचे की आवश्कताओं व वित्तीय मॉडल को लेकर भी चर्चा की गई।

### ईडी ने अभिनेता नवदीप को दस अक्टूबर को किया तलब

**हैदराबाद,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टॉलीवुड अभिनेता नवदीप को मादापुर मादक पदार्थ मामले में नोटिस जारी कर 10 अक्टूबर को पूछताछ के लिए कार्यालय में पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी ने यह नोटिस नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) मामले में जारी किया है। इससे पहले टीएसएनएबी ने उनसे छह घंटे तक पूछताछ की थी। जांच के दौरान पता चला कि अभिनेता नवदीप संदिग्ध लोगों के संपर्क में है। पुलिस ने संकेत दिया है अभिनेता ने गिरफ्तार व्यक्तियों में से एक रामचंदर से मादक पदार्थ प्राप्त किया था और उनके पास सबूत हैं। इसके अलावा, अधिकारियों ने अभिनेता का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है और उनके मोबाइल कॉल डेटा और व्हाट्सएप चैट को फिर से खंगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# हत्या से जुड़े में मामले केके पाठक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## डेढ़ साल पुराने मामले में न्यायिक जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर/पटना,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के चर्चित और कड़क आईएएस अधिकारी केके पाठक की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। मुज़फ्फरपुर स्थित जिला न्यायालय में उनके विरुद्ध एक केस में न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है। यह मामला हत्या से जुड़ा है। मर्डर के इस पुराने मुकदमे में केके पाठक पर संगीन आरोप लगे हैं जिसके तहत कोर्ट ने शनिवार को परिवादी का बयान दर्ज किया। दरअसल, मामला करीब डेढ़ साल पुराना है। 23 जनवरी 2022 को जब के के पाठक बिहार में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मुख्य सचिव हुआ करते थे उस दौरान एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग के दौरान मुजफ्फरपुर उत्पाद न्यायालय के स्पेशल पीपी बजरंग प्रसाद सिंह को उन्होंने काफी बुरा भला कह डाला था। मीटिंग अटेंड करने की रात ही बजरंग प्रसाद सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने बजरंग प्रसाद सिंह की मौत की वजह के के पाठक द्वारा प्रताड़ित करना बताते हुए सीजीएम कोर्ट में केस किया था जिसमें केके पाठक और अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शनिवार को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए परिवादी सुधीर कुमार ओझा का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही कोर्ट ने अन्य गवाहों के बयान के लिए 8 नवंबर की तिथि मुकर्रर की है। मालूम हो कि केके पाठक वर्तमान में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं और अपने कड़े तेवर के कारण वो फिर इन दिनों सुर्खियों में हैं। शिक्षा विभाग की कमान मिलते ही उनकी भिड़ंत विभाग के मंत्री चंद्रशेखर से काफी लंबे समय तक चली थी जिसे सीएम के हस्तक्षेप से समाप्त कराया गया था।



**योजना** — *मप्र में 36 लाख से अधिक बहनों को मिलीं खुशियां*

# लाडली बहनों के खाते की 219 करोड़ की राशि स्थानांतरित

**भोपाल, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की बहनों को लिए छह अक्टूबर का दिन खुशियां लेकर आया। मध्य प्रदेश शासन की ओर से प्रदेश की 36 लाख से अधिक बहनों के खाते में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक से 219 करोड़ रुपए अंतरित किए। बहनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मेरी बहनों की जिंदगी में कोई कष्ट** न रहे, उनके चेहरे पर मुस्कान और घर-आंगन में खुशियां हों, यही मेरी जिंदगी मिशन है। मैंने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 36 लाख से अधिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों और लाड़ली बहनाओं के खाते में गैस रिफिल योजना की 219 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित कर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। एकजुट हों बहनें, सरकार है उनके साथ



- शिवराज ने गैस रिफिल योजना की अनुदान राशि अंतरित कर दी शुभकामनाएं

प्रदेश की महिलाओं को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को मुख्यमंत्री ने एक बार फिर दोहराया। अब बहनों को प्रति माह 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध कराने की स्थाई व्यवस्था कर दी गई है।

गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपए के बीच के अंतर की राशि राज्य सरकार द्वारा भरवायी जाएगी। बहनों को गैस कंपनी को उतनी ही राशि का भुगतान करना होगा जितनी राशि का गैस सिलेंडर है। गैस कंपनी के गैस सिलेंडर की कीमत और 450 रुपए के बीच के अंतर की राशि बहनों के खाते में राज्य शासन द्वारा जारी की जाएगी। इस प्रकार बहनों को गैस सिलेंडर 450 रुपए में ही पड़ेगा। इस प्रकार अब प्रतिमाह बहनों को 450 रुपए में ही सिलेंडर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने यह भी कहा कि बहन बेटियों का सभी आदर सम्मान करें इसी उद्देश्य से मैं प्रदेश के सभी कार्यक्रम बहन-बेटियों की पूजा से आरंभ करता हूं। बहन-बेटियों को मैं दुख-दर्द से मुक्त करना चाहता हूं इसीलिए राज्य शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण की कई योजनाएं संचालित की जा रही है। बहनों की जिंदगी आसान और सम्मानजनक बनाना ही मेरे जीवन का मिशन है। बहनें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ रहें यही हमारा उद्देश्य है, लाड़ली बहन योजना बहनों का मान सम्मान बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई है। बहनें संगठित रहकर समस्याओं का सामना करें और आगे बढ़ती रहें इसी उद्देश्य से लाड़ली बहना सेना का गठन किया गया है। बहनें एकजुट होकर आगे बढ़ें-हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी के जन्म पर सभी खुशियां मनाएं, इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना में तय किया कि बेटी अगर पैदा होगी तो लखपति पैदा होगी।

यह निश्चय किया कि बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाएंगे। बेटी पैदा हुई तो लाडली लक्ष्मी, स्कूल जाए तो किताबें निशुल्क, दूसरे गांव जाए तो साइकिल।

### हाना

दूध के जरे मही ल फूंक के पीथे।

जेन मनखे ह दूध म जर जाथे, त ओ ह जुड़ाय जिनिस ल मही ल घलो फूंक-फूंक के पीथे।जेन मनखे कोनो काम म नकसान पा जाथे त दूसर काम या बेपार करे डर-डर के कदम उठाथे त ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. चिल्लाल- शोर किया हुआ, हल्ला किया हुआ
2. चिल्लै-चिल्लई
3.चिल्लैया- चिल्लइया
4. चिल्हर- फुटकर पैसे, छुट्टा
5. चिल्लौनी- चिल्लउनी
6. चिल्हरा- गिलहरी
7. चिहइया- चुगली करने या कराने वाला
8. चिल्ले- चिल्लाई
9. चिरवउनी- फाड़ने या चीरने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. चिरवई- फाड़ने व चीरने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया एवं उसका खर्च ।

# आज फेर जरुरत हे कबीर के

आज अंधविश्वास बाढ़त हे। नवा कार ,गाड़ी, घर मन म नीबू-मिर्चा टंगाये रहिथे। घर मन म शनि देव लटके रहिथे। कर्मकांड बाढ़त हावय। छूआछूत तो नंदागे फेर जात-पात के गोठ बात होवत रहिथे। हिन्दी भाषी मन में ही जात पात के बात हावय। मराठी, गुजराती सिंधी, तेलगु, तमिल मन तो अपन एक ही जात ल बताथें। आरक्षण ह जरुर.ओबीसी म सब ल बांध दे हावय। एक स्तर म लाये के प्रयास आये फेर नहीं ओमा भी जात के प्रतिशत देखत रहिथें।

छत्तीसगढ़िया तो छत्तीसगढ़िया आय। ओला जात पूछ के बांटे के काम नइ करना चाही। क्रांति सेना अपन नारा बनाये हावय-

'जात पात के करव बिदाई, जम्मो झन भाई भाई'।

'जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात।
रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात॥ '

रैदास कहिथे के कखरो जात नइ पूछना चाही काबर के संसार म कोई जात-पात नइये। जम्मो मनखे एक ही ईश्वर के संतान आये।

जात पात के फेर में उलझ रहे सब लोग
मनुष्यता को खा रहा, रैदास जात का रोग ।।

कबीर दास घलो एखर ऊपर लिखे हावय-

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान
मोल करे तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।

घासीदास जी के सिद्धांत म हावय -जात पात के प्रपंच म नहीं पड़ना। आज आरक्षण के नाव ले सब अपन जाति ऊपर बोलना शुरु कर दे हावंय। एक तरफ अउ दूसर तरफ जात के नाव लेबे त हम- ओ बी सी आन कहिथें। मतलब ओ बी सी एक जाति बनत हावय अइसे लगत हे। समय के साथ-साथ सामान्य अउ ओ बी सी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति चार भाग म बंटावत हे। अब इही चार वर्ग रहिही।

काम के अनुसार जाति विभाजन तो अब बदलगे हावय। गायत्री परिवार म पुरोहित हर जाति के मनखे मन हावंय, इंहा तक महिलामन घलो विवाह करवाथें। दक्षिण भारत म कुछ बछर पहिली महिला पुरोहित बने रहिन हें, अभी तक बनत हावंय।

अब तो धंधा जाति के आधार म नहीं जरूरत के अनुसार होथे। सेलून, सब्जी बेचना, व्यापार करना, खेती करना, दाल-दलहन के मील लगाना, लांड्री खोलना, मनियारी बेचना, चूड़ी बेचना, कपड़ा बेचना हर जाति के मनखेमन करत हावंय। इंहा तक के रोड म झाड़ू लगाना भी हर जाति के मन करत हावंय।

आज टॉयलेट धोना पैकेज में होथे। 1500 दे दो अउ पूरा दीवाल तक ल साफ करके चल देथें। जाति पूछ के स्वयं शरम लागही के घर के ये काम ल हमन नइ कर सकन का? आज जेन ओ बी सी म जाति के गणना होवत हावय ये मेर आज भी जाति के मोह छूटत नइये। एक तरफ तो जाति के नाव मत लो कहिथें अउ आरक्षण के बेरा म अपन जाति अउ जनसंख्या ल ले के खड़े हो जथें। आज कर्म के आधार म जाति समाप्त हो गे हावय। फेर एक चिन्हारी के रूप म अपन गोत्र के संग म खड़े हावय। शहर म छुआछूत तो समाप्त होगे हावय। यदि जाति ल पहचान के रूप म रखना हे त गौरव के साथ बोलना चाही। येमा बार-बार अपन जाति के नाव बदल के का बताना चाहत हें? कोई भी जाति छोटे हो नहीं सकय ,सब अपन उच्च कर्म करके खड़े हावंय। काबर के 'काम छोटे बड़े नइ होवय मनखे छोटे बड़े होथे।'

आज ये मन ल समझाये बर एक संत के जरूरत हे। जेन कबीर ,रैदास अउ घासीदास सरीख होवय। काबर के ये मन तो अपन बोली ल छोड़ के चल दिन फेर ये सब गीत अउ पुस्तक म रहिगे हावय। आज अमल म नइ आवत हे। आवव संत आवव।

**सुधा वर्मा**

## कहां नन्दा गे घिरनी,खड़खड़िया

कहां लुकागे ओ चिरई के चींव-चींव
कहां नन्दागे टेड़ा-रहट ओ गली गांव।
दिखय नहीं कउनो सब्बो जुच्छा होंगे
अब कइसे-कइसे मन ल मैं ह दुलरांव
कहाँ लुकागे मोर गांव के कुआं बावली
कोनो कोती दिखय नहीं डहर पैडगरी।
कहां नन्दागे हे मोर गांव के पनिहारिन
दिखय नहीं ओ पनघट के घिरनी,गघरी।
ओ पनघट के रद्दा,सुख-दुख के बोली
कहां नन्दागे संगी-सहेली के ठिठोली।
कहां नन्दागे घिरनी अउ खड़खड़िया
दिखय नहीं ओ सुग्घर बैन मीठ-बोली।
ओ,खड़खड़ात घिरनी के डोरी-बाल्टी
कहां नन्दागे हे कुवांसी ओगरा पानी।
ओ पार पनघट कुआं ह सुनसान होगे
दिखय नहीं छलकत गघरी के बिहानी।

**-अशोक पटेल आशु मेघा,धमतरी**

# हमर पितर अउ हमर कउआं

पितर पाख ह कुवांर महीना के अंधियारी पाख के एक्कम तिथि ले लेके अमावस तक चलथे। पंदरा दिन तक घरोघर बरा, सोहारी, गुलगुला भजिया, खीर बना के पुरखा मन ला गुड़ अउ घींव के हुम दे जाथे। बताए हे के गुड़ अउ घी के हुम ला पितर पाथे। पितर पाख मा तो अबड़ नियम-धियम रहिथे, फेर आज कल के वातावरण अउ व्यस्थता ला चलते धीरे-धीरे बदलत जात हे; अउ कम होवत हे। पर पितर ह सिरिफ बरा, सोहारी रांध-रांध के खाय बर नइ मनाये जाए; भलुक येमा मनखे के संग-संग हमर पर्यावरण अउ पशु-पक्षी घलो जुड़े रहिथे। आजकल मनखे मन हा सोचथे के पितर ल नइ मनाबो त का हो जाही। नहीं... नहीं...। येकर नइ मनई हर हमर पर्यावरण अउ पशु-पक्षी के विनाश के कारण घलो बन सकत हे।

हमर सियान मन बोलया- के हुम देये के बाद रोटी-पीठा ल छानही म फेंक देहू। कउआं मन आहीं अउ खाहीं त समझ लेहू के पितर मन आ के खावत हें, त घर म जेन नान-नान लोग-लइका रहय तेन मन हर बबा-दाई मन के मजाक उड़ावयं; कइसे बोलथस बबा! मरगे तेन मन कोनों कउआं बन के आहीं गा?

फेर हमर पुरखा मन घलो जेन काम करे अउ बताये तेन सोला आना सच रहय, भले हमन बात ल हँसी-मजाक म टाल देत रहेन। अइसे घलो माने जाथे कि त्रेतायुग म भगवान इंद्र के बेटा ह सबले पहिली कउआं के रूप धरे रिहिस, अउ जयंत ह माता सीता के तीर म जा के ओकर पांव म चोंच मार दिस। उही बेरा भगवान श्रीराम जी ह तिनका बाण चला के जयंत के आंखी ल फोर दिस। जयंत ह रोवत-गिड़गिड़ावत भगवान राम जी ले माफी मांगिस, उही बेरा राम जी अपन दयालु स्वभाव ले माफ करके जयंत ल वरदान दिस कि तोला पितर पाख म परसे खाना ह मिलही अउ पितर के रूप माने जाही। कउंआ ह प्राकृतिक कारण ले नइ मरे, भलुक कोनो मार दिही या बीमारी ले ही मरथे, काबर के समुद्र मंथन के बेरा म कउआं अमृत पीये रिहिस; अइसे बताए हे।

वइसे हमर पुरखा मन प्रकृति ले बहुते-जादा जुड़े रिहिन हें। रुखराई, चिरई-चिरगुन ले बड़ मया करें। पर्यावरण ल सजा के राखें। कउआं मन ल खाये बर देये के ये कारण घलो बताए हे कि भादो महीना म मादा कउआं मन अंडा देथे। अपन लइका ल छोड़के जादा दुरिहा नइ जा सकयं, ते पाय के घरोघर के छानही या बरेंडी म जा-जाके दाना-पानी के बेवस्था कर पाथे, फेर अब दिनों-दिन कउआं के संख्या कम होवत हे।

> एकठन बात जनई जरूरी हे कि कउआं मन ह पीपर अउ बर के बीजा ल खाथें; ओ मन ह ये बीजा ल खा के कोनों जगह बीट कर देथें, जेकर ले बर अउ पीपर के पौधा जगह-जगह जाग जाथे। येकर ले हमर वातावरण शुद्ध होथे। आजकल कउआं ल बचई बहुत जरूरी हे। येकर जनसंख्या बहुत कम होगे हे। देखे बर नइ मिले। बरगद-पीपर के रुख म आक्सीजन के मात्रा बहुत अधिक पाए जाथे ; ते पाय के पर्यावरण ल सरेखे बर पुरखा मन ये उपाय ल करे हें।

एकठन बात जनई जरूरी हे कि कउआं मन ह पीपर अउ बर के बीजा ल खाथें; ओ मन ह ये बीजा ल खा के कोनों जगह बीट कर देथें, जेकर ले बर अउ पीपर के पौधा जगह-जगह जाग जाथे। येकर ले हमर वातावरण शुद्ध होथे। आजकल कउआं ल बचई बहुत जरूरी हे। येकर जनसंख्या बहुत कम होगे हे। देखे बर नइ मिले। बरगद-पीपर के रूख म आक्सीजन के मात्रा बहुत अधिक पाए जाथे ; ते पाय के पर्यावरण ल सरेखे बर पुरखा मन ये उपाय ल करे हें।

पितर मा तोरई तरकारी के अब्बड़ महत्व हे। तोरई के साग अउ ओकर पत्ता के अब्ब्ड़ महत्व बताये हे। येकर बिना पुरखा मन नइ तरयं। तोरई के अर्थ ही तारना हे। तोरई के साग अउ ओकर पत्ता म रख के परसे जाथे। मोर मयारू संगवारी हो! ये कहानी नो हरय; सही बात आय।

हमर पुरखा मन बताए बात ल माने बर हमन पाछू नइ घुंच सकन। अब्बड़ सोच-बिचार करके पुरखा मन हर बात ल रखे हें। हमन ल पर्यावरण के सुरक्षा करई घलोक बहुत जरूरी हे। आप जम्मों झन ले मोर हाथ जोड़ के बिनती हे के ये हमर पुरखा मन के माना ल बनाए राखहू। जय जोहार!

**-प्रिया देवांगन 'प्रियू'**
**राजिम- गरियाबंद**

# माटी महतारी

### कहिनी

घर के माली हालत बने नइ रहे ले रघुनाथ कमाय खाय बर अपन जनम भुंइयां ल छोड़ के शहर के रस्ता नापत हवय। ओकर सुआरी कुंती घलव ओकर संग म जावत हे। पहिली घांव गांव के मेड़ो ल छोड़ के जावत हवय दूनो परानी। पांव उसलत नइ हे, अउ पेट म परे छाला ओला गांव म रहन घलव नइ देवत हे। का करय?

पेट के नांव सदा जग जीता, सांझे खाय बिहाने रीता।

एकर पहिली रघुनाथ कतको ल अइसने खाय कमाय बर जावत देखे हे। फेर गांव छोड़े के पीरा पहिली बेर जनावत हे। आंखी ले बोहावत धार थिरकत नइ हे। मनेमन बिनती घलव करत हे, अपन माटी अउ अपन गांव छूटे के अइसन पीरा अउ कोनो ल झन देबे भगवान।

पांव आगू बढ़त जावत हे अउ गांव ओतके पीछू छूटत जात हे। महतारी संग माटी ले बने घर म सात परानी रहिथें। ददा ल दू बछर होवत हे, माटी के तन ल माटी म छोड़ सरग सिधारे। ददा के बड़ दवा-दारू करिस फेर ददा हाथ नइ आइस। लकवा के चलत छे महीना ले इलाज कराइस। जे काहय तिही डॉक्टर अउ बइद करा गिस रघुनाथ ह। फेर दूधो गिस अउ दुहनओ गय। ददा दम नइ लिस अउ एक दिन सुते दसना ले उठे के नांव नइ लिस। सुते च सुते सदा दिन बर सुत गे। इलाज-पानी अउ खात-खवई म करजा ह रघुनाथ के मुड़ म छानी म चढ़े रखिया-तुमा के नार सहीं चढ़ते गिस। उतरे के नांव नइ लिस। चढ़े नार कभू उतरय नहीं, वइसने करजा के नार दिन-दिन ब्याज के डारा पतोरा ले अउ घपटते जाथे। जिहां मनखे धंधा जाथे।

खेती के नांव म सवा एकड़ हावय। बांटा म मिले एक ठो बखरी घलव हवय। पुरखौती कहे बर पुरखा मन के इही दू ठन चिन्हारी हवय रघुनाथ तिर। माटी के घर के छोड़े। खेत ह नांवभर के तो अपासी हरे, जेन तीन गांव ल पार करत आय नाहर नाली ले जुरे खार के छेवर म हे। बरसा के एक पानी टूटे ले बीजहा के पुरती हो जवय। अइसन म लइका-पिचका सुद्धा सात परानी के पेट पलई ह मुश्किल होवत रहिस। बीते बछर इही हाल होगे राहय। अइसन म रघुनाथ के करजा के चढ़त घाम बरोबर दिन के दिन बाढ़त गिस। मूल ऊपर सूद बाढ़तेच रहिस। ओकर जिनगी दूब्बर बर दू असाढ़ होगे राहय। जग अंधियार लागे। सुतय त नींद नइ परय, साहूकार ह नजरे नजर म झूलय अउ ओकर गोठ ले हिरदे म शूल उठय।

साहूकार के नजर बखरी बर गड़े रहिस। जे पइत आवय ते पइत इही काहय- 'रघुनाथ! बखरी ल करजा के बलदा म दे दे। गांव म अतका काम-बुता नइ हे कि मोर करजा के पुरता तें कमा सकस।' साहूकार के तगादा ले हलाकान रघुनाथ करजा छूटय के सातो परानी के मुंह म चारा डारय, कुछु समझ नइ आवत हे ओला। चार झन नोनी च नोनी हें। बेटा के आस म एक-एक कर दू झन नोनी ह अउ आगे रहिस। वो तो भला होवय ओकर महतारी के जउन ओला नोनी-बाबू म फरक करे ले झंझेट के ओकर बाढ़त परिवार म ब्रेक लगाइस। कुंती बपुरी ह तो हम दू, हमर दू के गिनती गिनत रहिगे। बपुरी के चलती रहतिस त परिवार छोटेच रहितिस। फेर कोठा के लक्ष्मी ल अभियो बरोबर मान कहां मिल पाय हे? जिनगी भर अपन ठीहा ल खोजत रहि जथे बपुरी मन। लक्ष्मी अवतरे हे, कहिके बड़ मान देथें नान्हेपन म। घर म सबो बड़ खुश होथें। कोरा म लेके घुमत रहिथें। फेर हाथी के दांत जनाइ जथे। खाय के आने अउ दिखाय के आने। नोनी बड़े होवत जाथे अउ ओकर भरम टूटत जाथे। ओकर घर तो कहूं अउ हे, लोगन यहू ल भुला जथें कि वहू ह नारीच के कोख ले अवतरे हे। कोन जनी कोन जुग म बरोबर दरजा अउ मान पाही ते नारी ह? त्रेता म घलव सुख के घरी आइस त अग्निपरीक्षा दे ल परगिस। बनवास के बेरा राम के छंइहां बन के संगे तो निकले रहिस सीता माई ह। फेर वाह रे जमाना! नारी के मान करे कभू नइ जानेस।

आजो घलव लांघन पेट के जतन करे रघुनाथ संग शहर पहुंचाय के सड़क तक रेंगत जावत हे घर के लक्ष्मी ह। मुड़ म बड़े जान मोटरा हावय। जेमा बरतन-भाड़ा अउ कपड़ा-लत्ता भराय हे। मन के पीरा ल अंछरा म बांध के कनिहा म खोंचे हावय। चारो पिला ल घर म छोड़ के जावत हे। सास के जतन बर एक झन ल छोड़त हें, त दूसर ल ओकर बुता म हाथ बटाय बर। छोटकी अभी छठवीं कक्षा म हवय। कुंती पढ़े बर आठवीं पास हवय, जउन पढ़ई के मरम अउ महत्तम ल जानथे। तभे तो बेटी मन ल पढ़ाय बर चेत करथे, अउ ओमन ले पढ़े के नांव ले घर के सरी बुता ल अपने ह कर लेथे। कुंती आय दिन बेटी मन ल काहय- 'बने पढ़ लिख लेहू त तुंहर जिनगी संवर जही। पढ़े ले अपन हाथ म हुनर आ जथे। ओकर पाछू कखरो मेर हाथ फइलाय के जरूरत नइ पड़य।' फेर आज ओकर सपना सपना रहि जही जस लागत हे। बखत के सुरसा लीले बर लुहुर-तुहुर करत हावय। बेटी मन ल घर म छोड़ शहर जाय ल परत हे। इही हर समय के खेला आय। इही समय के आगू तो बड़े-बड़े के बोलती बंद हो जथे।

शहर म दूनो परानी बुता म जाहीं त बाढ़त बेटी ल अनजान जघा म काखर भरोसा छोड़हीं। शहर लागे न गांव गिधवा मन सबे जघा नजर गड़ाय रहिथें। राखी जइसन पबरित तिहार के दिन मनचलहा गिधवा मन दू बहिनी ल नोंच डरिन। लाज लूट लिन। अपन हाथ म पहिने राखी के मान घलव नइ रख पाइन। राखी सिरिफ अपने बहिनी के लाज रखे के नोहय, कब समझहिं? नशा म बिधुन ए गिधवा मन। कोन जनी अउ कोन दिन साबुत बांचही ते नोनी जात के अस्मिता ह? कानून तो बड़े-बड़े बने हे फेर मन के करिया मन कब कानून ल मानथें। धन बल के गरब म रोजेच नंगा नाच नाचथें। कतको ह तो गरीबी के ओनहा म लपटाय मान मरजाद खातिर थाना के मुंहाटी ल झांके नइ। दूसर कोति जादा ले जादा अपराधी मन कोन जनी कति ले बोचक जथें? इही सब ल सुते दसना म गुनान करत दूनो कोई घर रखवार महतारी तिर चारो बेटी ल छोड़े के मन बनाइन।

कुंती ह करजा के बलदा म बखरी ल साहूकार ल सउंपे बर काहत थकगे। आय दिन रघुनाथ ले वो काहय- 'अइसन करे ले बाढ़त ब्याज ले मुक्ति मिल जही। नइ ते करजा के अउ बाढ़े ले जम्मो जिनिस ह सिरा जही। करजा छूटे ले मन भर कमाबो। मन म एको संसो नइ रही। एके जघा रही के नोनी मन ल पढ़ाय के जतन करबो।'

कुंती घेरी-भेरी जोजियाइस, फेर रघुनाथ ओकर गोठ ल न कभू सुनिस अउ न कभू गुनिस। कुंती ह कलेचुप रघुनाथ के छंइहां सहीं ओकर संगसंगे चले म अपन भलई समझिस। ओकर ले अलग सुर चले म कति मुंह म समाही। अपन घर के भेद ल दूसर तिर कभू नइ जनवाइस।

> रघुनाथ अस्पताल म पीरा ले कलहरत बेड म परे हे। दाई के बरजना गोठ रघुनाथ ल सुरता आवत हे। दवई के असर म नींद आय लगिस। थोरके बेर म नींद म ओहर बड़बड़ाय धर लिस। 'दाई! तोर कहना सही रहिस। मोर गांव मोर माटी ले जादा कहूं अउ सुख नइ हे। मोर गांव म मोर हितवा हे। मोर माटी मोर देश आय।

गांव म रोजगार गारंटी म काम तो खुलथे फेर सब ल काम के गारंटी नइ देवय। कभू नाली निर्माण, त कभू वन विभाग म पेड़ लगाय बर गड्ढा खनई अउ पानी डरई, त कभू धरसा रेंगान म मुरुम के बुता चलथे। सरपंच अउ पंच मन अपने हितवा अउ गिनवा मनखे मन ल ही नवटिप्पा बुता देवयं। गरमी घरी तीन महीना के नब्बे दिन म नौ दिन बुता मिलगे त बहुत आय। अब तो अबड़ अकन बुता बर मशीन आगे हवय। सड़क बुता तो बड़ेच मनखे ल मिलथे। सबो किसम के मशीन उंकर, गिट्टी, रेती लाय बर डम्फर अउ बगराय बर जेसीबी घलव उंकरे। अइसे लागथे कि बड़का मनखे के पेट जादा उन्ना रहिथे। गरीब ल भूख लागबे नइ करय सहीं।

बस के अगोरा म बइठे कुंती रोजगार गारंटी योजना ल सुरता करत हताश हो जथे। ओहर यहू गुनान करथे कि एकरे आय ले मनखे अलाल होगे हवयं। खेती बुता ले कइसे दुरिहावत हें? मेड़ म ढेलवानी तो नंदाइच गेहे। बेंदरा के नांव ले राहेर तिंवरा बोवई छोड़ दे हें, त दार के भाव सरग काबर नइ चढ़ही? मनखे अपन दोस ल नि देखय, दूसरे ऊपर पटक देथे।

घर-रखवार महतारी बरजत हावय, 'तोर बाप पुरखा मन इही माटी म कमा के मर खप गें, तें ए भुंइयां ल छोड़ के झन जा बेटा। दू मुठा खा के अपने डीह डोंगर म रइ जा। एकर ले जादा कहूं मेर सुख नइए। तोर पुरखा मन के अशीष तोला इहें मिलहि। ए भुंइयां ल छोड़ कहूं झन जा बेटा! बूढ़त काल म मोला कोन पानी अमरही बेटा!!'

अइसन काहत बोम फार के रो डरिस। सुसकत-सुसकत आगू कहे लगिस- कोन जनी मोर सांसा अउ कतेक बांचे हे ते...। परदेश म कोन हवय? जे बिपत परे तोर अंगना म ठाड़ होही। महतारी के आंसू के पूरा अतका नइ रहिस कि रघुनाथ अउ कुंती के गोड़ ल बांध पातिस। दूनो जीव छाती म पथरा लादे घर के डेरौठी ल पार कर लिन।

कोन जनी शहर ह के झन के पेट ल पोसही? सबे शहर म जाके ठेलावत जात हें। कतको ह बैठांगुर हो जहीं, अउ माइलोगन के कमई ल मंद मउहा म उड़ाहीं। माइलोगन मन बड़े-बड़े घर म मंजई-धोवई करथें। का एकरे बर जाथव तहूं मन? महतारी के ए गोठ रघुनाथ सुनिस के नइ उही जानय। फेर जुवाब नइ आइस।

लइकामन दाई-ददा ल सिरिफ जावत देखत रहिगे। सबोझिन अपन-अपन गंगा-जमुना के धार ल कति मेर बांध के रखे रहिन, उही मन जानयं। जब दूनो झिन नइ दिखिन त उंखर छाती म लदाय पथरा के बंधान ल फोरत आंसू बहे लगिस। एक-दूसर ल चारों कोई पोटार के रोय लगिन। सियानिन ह चुप राहा...नोनी हो, चुप राहा कहत रहिगे, चारो बहिनी दाई-ददा ल सुरता करत रोतेच राहयं। छोटकी ह तो घेरी-भेरी रोवईच करिस दिनभर।

बस चार घंटा के चले ले शहर हबरिस। बस म चढ़ के दूनो परानी शहर अमरगे। रिक्शा म बइठ उही ठिहा म पहुंचगे, जिहां रघुनाथ बुता खोजे राहय। रघुनाथ बर शहर अनजान तो नइ रहिस फेर शहरिया मन अनजान जरूर रहिन। वो सुने रहिस जिहां बुता करबे, उहें रहे बर कुंदरा मिल जथे। उंकर तिर कुछु आने जिनिस तो रहिस नहीं, जेकर ओमन ल चोरी होय के डर रहितिस। चार पहर रतिहा ले दे के कटिस। एक कोति लइकामन ले बिछुड़े के पीरा त दूसर कोति मच्छर के चबई म नींद आबे नइ करिस। चार दिन बीते पाय रहिस हे। चार मंजिल ऊपर पोते बर चढ़े रहिस रघुनाथ ह। एकर पहिली अतेक ऊपर कभू चढ़े नइ रेहे हे। अइसन बुता ल करे घलव नइ रहिस। पोतत-पोतत खाल्हे कोति ल झांक परिस अउ चक्कर खा के गिर गिस। देखो देखो होगे। तुरते ताही ओला अउ कमइया मन सरकारी गाड़ी म भर के अस्पताल लेगिन। राम लेगही तेन ल बचाही कोन, राम बचाही तेन ल लेगही कोन? सहीं रघुनाथ ल कुछु तो नइ होइस। जेवनी हाथ बस थोरिक फ्रेक्चर होय रहिस।

रघुनाथ अस्पताल म पीरा ले कलहरत बेड म परे हे। दाई के बरजना गोठ रघुनाथ ल सुरता आवत हे। दवई के असर म नींद आय लगिस। थोरके बेर म नींद म ओहर बड़बड़ाय धर लिस। 'दाई! तोर कहना सही रहिस। मोर गांव मोर माटी ले जादा कहूं अउ सुख नइ हे। मोर गांव म मोर हितवा हे। मोर माटी मोर देश आय। मैं भुलागे रेहेंव, सोचत रेहेंव कि शहर जाके जादा पैसा कमा लेहूं। फेर ए पइसा तो मोला मोर गांव मोर माटी संग मोर परिवार ले दुरिहा कर देहे। मोर जम्मो सुख तो मोर माटी, मोर गांव म हे। मोर माटी ले बड़का कुछु नइ हे।' भगवान राम ल घलव सुमिर डरिस रघुनाथ ह। अउ नींद म बुदबुदाय लगिस 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।'

नींद उमचते साठ लइकापन म ददा के बिसाय रेडियो म सुने गीत घलव गांव के माटी के सुरता संग ओकर अंतस म गूंजे लागिस- जतन करौ रे, धरती के जतन करौ...जतन करौ रे, भुंइयां के जतन करौ....मैं माटी महतारी अंव। इही बेरा अपन गांव के माटी के ममहासी ल धरे ओकर महतारी ओकर तिर म आके ठाड़ होइस। रघुनाथ के आंखी एक पइत फेर तर-तर बोहाय लगथे।

**पोखन लाल जायसवाल,पठारीडीह ( पलारी )**
**बलौदाबाजार-भाटापारा**

# ठिकाना

गुजरात म गुजराती रहिथे, पंजाब म पंजाबी, महाराष्ट्र म मराठी अऊ तमिलनाडु म तमिल, फेर छत्तीसगढ़िया मन कतिहां रहिथे पापा? लइका के सवाल, पहिली बहुतेच सरल लागिस अऊ तुरते उत्तर देवत ओकर ददा किथे - छत्तीसगढ़ म रहिथे छत्तीसगढ़िया मन ,अऊ कहां रइहि बेटा? ओहा सोंचिस के ओकर लइका ओकर बात ला समझ जही अऊ खेले खेल म भुला जही। फेर ओहा प्रतिप्रश्न करिस- नहीं पापा, तैं मोर बात ला समझेस निही। मैं तोला पूछेंव के, जइसे बाकी प्रदेश म,नाव मुताबिक लोगन रहिथे, तइसने सिर्फ हमरेच प्रदेश म, नाव मुताबिक लोगन काबर नइ दिखय? ददा किथे-इहां घला नाव मुताबिक लोगन रहिथे बेटा, छत्तीसगढ़िया मन रहिथे इहां तभे तो ये प्रदेश ल छत्तीसगढ़ कहिथे बेटा। लइका किथे- उहीच ला तो पूछत हंव के, इहां छत्तीसगढ़िया दिखय निही तभो ले छत्तीसगढ़ काबर किथे ये जगा ला? अऊ दू-चार झिन छत्तीसगढ़िया, सहींच म धरती म जियत होही, त ओमन कतिहां रहिथे? ददा हाँसिस अऊ ओला बताइस, दू-चार झिन निही बेटा, इहां अढ़ई करोड़ छत्तीसगढ़िया रहिथे। बेटा किथे- उहीच ला तो पूछत हंव पापा, अढ़ई करोड़ छत्तीसगढ़िया रहिथे कहिथस, त ओमन कतिहां रहिथे? ददा खिसिया गिस-इंहे रहिथे अऊ कहां रहि, काबर फोकट उलटा-सीधा सवाल करके समे खराब करथस जी? लइका किथे-कति मनखे ह, छत्तीसगढ़िया आय पापा? हमर घर के बगल म रहवइया छत्तीसगढ़िया आय का? ओकर ओ पार रहवइया हा छत्तीसगढ़िया आय? हमर कालोनी म कति मनखे छत्तीसगढ़िया आय? ददा किथे- येमन छत्तीसगढ़िया नोहे बेटा। लइका पूछिस- त कति आय छत्तीसगढ़िया, कालोनी के बाहिर निकलथन त, कति तिर छत्तीसगढ़िया ले भेंट होथे?

ओकर बात अऊ सवाल सुन के ददा सुकुरदुम होंगिस। लइका फेर पूछिस- येमन छत्तीसगढ़िया नोहे, त येमन अढ़ई करोड़ जनसंख्या म शामिल नइ होही, त अढ़ई करोड़ छत्तीसगढ़िया आखिर रहिथे कति मेर? ओकर सवाल झकझोरे लगिस। अतेक बेर तक ओला ददा हा सिर्फ लइका समझत रिहिस... ओहा सियान निकलगे। ओकर बात सुन के ददा हा सन् खा के पटवा म दतगिस अऊ संझाती बताहूं कहत डिवटी निकल गिस।

संझाती बेरा सवाल धर के फेर खड़ा होगे लइका ह। कतेक ला टारय। ददा केहे लगिस- हमर गांव म रहिथे बेटा छत्तीसगढ़िया मन। बेटा किथे- का? गांव म रहिथे कहिथस का पापा? ददा ह हव कहत मुड़ी डोलाइस। लइका किथे- बीते देवारी म घर गे रेहेन, त घर के आगू के गौरा चौंरा सुन्ना रिहिस पापा, तब तहीं बताये रेहे के, अभू ये तिर छत्तीसगढ़िया नइ रहिगे हे बेटा तेकर सेती, गौरा चौंरा के कोन्हो साफ सफई अऊ माटी महतारी के कोन्हो इज्जत नइ करय। तेकर सेती गौरा-गौरी के स्थापना नइ होइस, तभे ये तिर सुन्ना हे। ददा तिर कहींच जवाब नइ रिहिस। तभो ले ,किहिस- हमर पारा म नइ रहय बेटा , राजा पारा म रहिथे छत्तीसगढ़िया मन , तभे ओ पारा म गौरा-गौरी मढ़हाये रिहिन, ओकर पूजा पाठ करत रिहिन। बेटा फेर पूछिस-त असन म हमूमन छत्तीसगढ़िया नोहन का पापा? ददा हाँसत किहिस- हमन छत्तीसगढ़िया आन बेटा। बेटा किथे- त हमन गौरा-गौरी के स्थापना काबर नइ करेन। ददा किथे- हमन गोंड़ नोहन बेटा, गौरा गौरी अऊ माटी महतारी हा सिर्फ ओकर मन के देवता आय तेकर सेती उही मन मानथे अऊ परब ला मनाथे। बेटा किथे- अरे , माटी हा सिर्फ गोंड़ मनखे के आय तेला नइ जानत रेहेंव पापा। त अइसन म, बाकी जात के मन, इहां के माटी म काबर फसल उपजाथें जबकि ओहा तो ओकर नोहे का? ओकर सवाल झकझोरे बर धरलिस। मुड़ी पिरावत हे काली बताहूं कहिके, बिगन -खाये सुतगे ददा।

दूसर दिन सांझकुन। पापा, काली बताहूं केहे रेहे तेकर सेती तिर म आये हंव-लइका के अवाज सुनई दिस। आपिस ले आ के सोफा म ढलगे रिहिस, लइका फेर आगे। ददा किथे- हमर तिर खेत खार निये बेटा, तेकर सेती हमन माटी महतारी के पूजा पाठ नइ करन अऊ गौरा-गौरी नइ मढ़हावन। बेटा- त हमर घर हा दूसर देश के माटी ले बने होही न पापा? ओकर प्रश्न ला अनुत्तरित करे के अलावा ददा तिर कांहीं चारा नइ बांचिस।

लइका के महतारी किथे -पापा डिवटी ले आये हे थोकिन अराम करन दे बेटा, सुते के बेर पूछबे। सुते के बेर लइका फेर धमकगे अऊ पूछे लगिस-पापा , हमन सहींच म छत्तीसगढ़िया नोहन का? ददा पूछथे- कोन कथे बेटा? हमन सहींच के छत्तीसगढ़िया आन जी। बेटा किथे- आज स्कूल म हमर मेडम हा, छत्तीसगढ़ही के एक ठिन शब्द के अर्थ पूछिस । कोन्हो बता नइ सकिस, महूं नइ बता सकेंव। मेडम मोला किहिस- तैं छत्तीसगढ़िया नोहस का रे? अपन मातृभाखा ला घला नइ जानस। में उठ के अपन आप ला छत्तीसगढ़िया बताये के कोशिस करेंव, तइसने म मोर संगवारी मन केहे लगिन के, येहा सहींच म छत्तीसगढ़िया नोहे मेडम, येहा काला जानही। में बिरोध करेंव त ओमन केहे लगिन,पंजाबी लइका हा अपन टिफिन म सरसों के साग लानथे, गुजराती हा खम्मन ढोकला, मराठी हा कढ़ही-भात धर के आ जथे अऊ बंगाली ह बिगन रसगुल्ला के एको दिन नइ आवय। तैं हा एको दिन न बासी लाने, न फरा-मुठिया...। ओकर सुवारी हाँसत किहिस - अई तोरो संगवारी मन घला बड़ बिचित्तर हवय रे, तोर टिफिन ला झांकत रहिथे, ओकरे सेती तो मेंहा, तोला दूसर के आगू लजाये बर झिन परय कहिके, रंग-रंग के बना के डारथंव। रिहिस बात बासी के, फरा-मुठिया के, त येहा केवल गरीब मन के खाना आय बेटा। हमन गरीब थोरे आन। लइका किथे- येकर मतलब? छत्तीसगढ़िया सिर्फ गरीब होथे पापा? ददा सीरियस होके केहे लगिस- इहां के मनखे मन एक कनिक पइसा पा जाये म, अपन आप ला छत्तीसगढ़िया बताये म लजाथे बेटा। तेकर सेती अइसन खाये के समान ला, कभू देखे नियन या कभू खाये नियन कहि देथे। लइका किथे -अऊ मेडम किहिस के, इहां के महतारी भाखा के एको अक्षर के अर्थनइ जानस , त कइसे छत्तीसगढ़िया हो सकत हस। एमा कतेक सच्चाई हे? ददा लाजे काने केहे लगिस-मेडम किहिस ते सच आय बेटा । बेटा किथे- तैं हा छत्तीसगढ़ही भाखा म लिखथस - पढ़थस अऊ गोठियाथस, त हमन ला काबर नइ सिखावस? ददा किथे-येला दूसर के लोग लइका मन बर लिखथन बेटा, जेला आगे जाना हे तेकर मन बर नोहे हमर लिखई हा। येला लिखथन ओकर बरजे पढ़ नइ सकय। जे पढ़ लिख ते समझ नइ सकय। जे समझगे तेहा पढ़के घुरुवा म फेंक देथे। लइका किथे-त असन म काबर लिखथव अइसन भाखा म अऊ काबर राजभाषा के मंच ले बोमबियावत रहिथव के, पहिली ले बारहवीं तक के शिक्षा ला छत्तीसगढ़ही मदेना चाही? ददा बतइस-सिर्फ नाव कमाये बर, अपन नाव ला, अपन साहित्य ला थाती राखे बर लिखथन। रिहीस राजभाषा के मंच ले बोमबियाये के... तोला सच बतावंव बेटा, राजभाषा हा छत्तीसगढ़ी भाखा बेंचे के सिर्फ दुकान आय, कतको के रोजी-रोटी इही म चलथे बेटा। येमा बोमबियइया कतको मनखे के घर के मनला, छत्तीसगढ़ही नइ आवय। ओमन अपन घर के लोग लइका मन छत्तीसगढ़ही सीख के पिछवाये झिन सोंचत रहिथे रात-दिन। जेकर लोग लइका मन थोक बहुत जानथे ते लइका मन, भाखा के बैपार म लगे रहिथें।

> फरा-मुठिया के, त येहा केवल गरीब मन के खाना आय बेटा। हमन गरीब थोरे आन। लइका किथे- येकर मतलब ? छत्तीसगढ़िया सिर्फ गरीब होथे पापा ? ददा सीरियस होके केहे लगिस- इहां के मनखे मन एक कनिक पइसा पा जाये म, अपन आप ला छत्तीसगढ़िया बताये म लजाथे बेटा। तेकर सेती अइसन खाये के समान ला, कभू देखे नियन या कभू खाये नियन कहि देथे।

छत्तीसगढ़ही भाखा के प्रचार प्रसार म लगइया मनखे मन, बहुत अच्छा से जानथे के, येला सीख के वोकर लइका दुनिया के काम्पिटीशन म पिछवा जहि तेकर सेती, दिन भर छत्तीसगढ़ही के प्रचार करथे,संझा रोजी पा के अपन लइका अऊ नाती ला, अंग्रेजी स्कूल ले लाने बर जाथे। ददा के बात सुनत-सुनत,लइका के नींद परगे।

दूसर दिन लइका फेर अपन ददा तिर म बइठगे अऊ पूछथे-काली जे बात बतावत रेहे तेहा, मोर समझ म नइ अइस। फेर का अइसे नइ हो सकय के, हमन छत्तीसगढ़िया कुनबा ला बंचाये बर, अपन-अपन घर ले उपाय शुरू करन। ददा किथे-बढ़िया बात आय। एक दूसर ला देख के सीखहीं त, छत्तीसगढ़ ला वापिस ओकर गंवाये गौरव अऊ संस्कृति मिलही। बेटा किथे-काली ले आफिस, धोती-कुरता पहिर के जाये बर परही पापा। दूसर दिन- सहींच म ददा हा धोती कुरता मा आफिस चल दिस। आफिस के सुरक्षा गार्ड नइ चिन्हिस अऊ पहिचान पत्र देखाये के बाद भी ओला डेनिया के निकाल दिस। ओ सोंचिस, अइसे तो छुट्टी मिलय निही, आज अइसने छुट्टी जान, राजभाखा के कार्यक्रम म संघरे बर चल दिस। उहां कोन्होडेनिया के निकालिन तो निही फेर, मंच तिर पहुंचिस त गलत जगा पहुंच गेंव कस लागिस। मंच म बिराजित सिर्फ कोट अऊ पेंट वाला मनला देख के भरम होगे के, अंग्रेजी राजभाखा के कार्यक्रम तो नोहे? मंच के खालहे म, दरी बिछावत धोती सलूखा पहिरे मनखे मनला देखिस तब तसल्ली होइस के, छत्तीसगढ़िया मन बर कार्यक्रम आय। कार्यक्रम के आनंद लेहे बर दरी म बइठ गिस । सिर्फ उहीच बात आवत- जावत रिहिस के छत्तीसगढ़ही के बिकास बर हमर सरकार बहुतेच काम करत हे। अब तब आठवीं अनुसूची म संघरइयाच हे। जेहा बोले बर आवय तिही हा, भाखा के पहिली सरकार के गुन गावय अऊ समापन घला सरकारी भजन स्तुति सुना के करय। आखिरी म सरकार के नंबर अइस। सरकार किहिस- ये दारी हमर भाखा ला आठवीं अनुसूची म आये ले कोन्हो रोक नइ सकय। हमर प्रयास निर्रथक नइ होवय। अइसन बोल के,पांच बछर बर बिसा डरिस सुनइया मन ला। उहू खुश होके घर निकल गिस। सुवारी पूछथे- आज जल्दी कइसे आगेव? धोती कुरता पहिर के रोज जाहू त रोज जल्दी आये बर मिलही । बपरा हा अभू ओला कइसे बतावय के, कोट पेंट नइ पहिरे के सेती,आफिस म खुसरन नइ दिस अऊ जिंहा छत्तीसगढ़िया ड्रेस के इज्जत होवत होही सोंचे रिहीस, तिंहा दरी म बइठे के जगा मिलिस।

सांझ कुन लइकामन फेर पाछू परगे। ओ कुछु बतातिस तेकर पहिली उही मन केहे लगिस-आज हमन सहींच के एक झिन छत्तीसगढ़िया देखेन पापा? ओहा अपन परिवार सम्मेत ओवर ब्रिज के तिर म झोफड़ी म रहिथे। ददा पूछिस- तूमन कइसे जानेव के ओहा छत्तीसगढ़िया आय? लइका किथे-अतेक अभाव दिखत म घला ओमन आपस म अतेक प्रेम से ,छत्तीसगढ़ही म गोठियात रिहीन, हमन ला लगिस के हमर तलाश पूरा होगे। हमन देखेन पापा के , ओकर बेटा हा बाहिर डहर के अंगना म बटकी म गोंदली डार के बासी खावत रिहिस। ओकर डोकरी दई हा, गोरसी म अंगाकर रोटी डारे रिहिस अऊ सिल लोढ़हा म पताल के चटनी घसरत रिहिस अऊ बताववं पापा , ऊंकर बातचीत से लगिस के, ओकर मन तिर दूसर टेम खाये के बेवस्था नइ रिहिस, ओकरे जुगाड़ म भरे तिहार म घला घर के कमइया सियान हा, पटका अऊ सलूखा पहिर के, अपन बाई संग कमाये बर जावत रिहिस। फेर एक बात समझ नइ अइस पापा के, उहू कइसे छत्तीसगढ़िया आय जेकर तिर, अतेक बड़ अपन प्रदेश म बोंये खाये बर, नानुक जगा भुंइयां के टुकड़ा निये? कहूं अइसे तो निही के, उहू छत्तीसगढ़िया नोहे? बड़का लइका किथे-उहीच हाछत्तीसगढ़िया आय भाई, ओहा छत्तीसगढ़िया नइ होतिस त, ओकरो तिर इहां कतको एकड़ जगा भुंइयां होतिस। ओकर डोकरी दई बतावत रिहिस- ओकर तिर दू रूपिया किलो म चऊर मिलइया न राशन कार्ड हे, न सरकारी अवास। ओहा जरूर छत्तीसगढ़ियाच आय भाई।

छत्तीसगढ़िया खोजत खोजत, दुनों लइका ला बचपना म जवानी मिलगे। उंकर बात सुन, ददा ला लगिस, छत्तीसगढ़िया कतिहां रहिथे तेला बताये के सही समे अब आगे। ओहा बताये लगिस - जेला तूमन देख के आये हव, सचमुच म उहीच मन छत्तीसगढ़िया आय। जेकर तिर खाये बर बासी पेज, रेहे बर छितका कस कुरिया, तन ढांके बर चिरहा कपड़ा, बिछाये बर गोदरी ओढ़हे बर कथरी अऊ जिनगी के बेफिकरी हे, उही मन छत्तीसगढ़िया आय बेटा। छत्तीसगढ़िया अइसे संस्कृति आय जेहा पइसा अऊ पद आय के बाद एकाएक बिलुप्त हो जथे।

ओकर सुवारी बड़ भावुक होके किथे- जिंहा भूख गरीबी अऊ बेकारी संघरा रहिथे तिही जगा म छत्तीसगढ़िया रहिथे बेटा। जिंहा अपन शोषक ला संरक्षन अऊ अपन बैरी तको ला, ऊंच पिढ़हा देके संस्कार हे, तिंहे छत्तीसगढ़िया रहिथे बेटा। जिंहा लाचारी हा धरम आय, जिंहा ईमानदारी हा करम आय, जिंहा मेहनत हा पूजा आय, जिंहा सेवा हा ब्रत आय, जिंहा प्रेम हा स्वभाव आय, जिंहा इज्जत हा प्रभाव आय, तिंहे छत्तीसगढ़िया मन रहिथे बेटा। चरचा म सियानिन पहुंचगे। ओहा पूछे लगिस, त अइसन म हमर प्रदेश म बहुतेच कम छत्तीसगढ़िया रहिथे बेटा, त अढ़ई करोड़ जनसंख्या कहिके काबर भरमाथे बैरी मन? बपरा हा केहे लगिस-जेमन अढ़ई करोड़,अढ़ई करोड़ छत्तीसगढ़िया हाबन कहिके चिचियावत हे, तेमन जानत हे दई, अढ़ई करोड़ सिर्फ बोट आय, छत्तीसगढ़िया नोहे। वाजिम म, पूरा भारत म,अढ़ई करोड़ ले जादा जनसंख्या हे छत्तीसगढ़िया मनके। जिंहा-जिंहा, लूट-खसोट बईमानी अऊ भ्रस्टाचार के शिकार ,शोषण झेलत मनखे रहिथे, तिंहे-तिंहे छत्तीसगढ़ अऊ छत्तीसगढ़िया रहिथे।

सियानिन पूछथे- अइसन म छत्तीसगढ़िया के कोन्हो बने ढंग के ठिकाना निये कस लागथे बेटा? ओ किथे- हव, तैं सहीच कहत हस महतारी! छत्तीसगढ़िया के ठिकाना ला कोन्हो ठिकाना ले नइ रहन देना चाहे... ओकर ठिकाना ल कतको झिन...ठिकाना लगाये बर उमड़े हे! अइसन म बपरा छत्तीसगढ़िया के का ठिकाना! वाजिम म देखे जाय तो जिंहा भूख हा मनखे के पोषण करथे, गरीबी हा ईमानदारी सिखाथे , जिंहा बेकारी हा मेहनत ला पूजा बनाथे, जिंहा शोषण हा सेवा के शक्ति देवाथे, जिंहा अत्याचार के बदला उपकार के बेवहार होथे, तिंहा तिंहा छत्तीसगढ़िया रहिथे!

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

**उल्टा पुल्टा**

बबलू -तू स्कूल क्यों नहीं जाता

पप्पू- कई बार गया अंकल वो वापिस भगा देते हैं।

बबलू -क्यों ?

पप्पू- कहते हैं भाग तेरा क्या काम लड़कियों के स्कूल में।

# पत्रकारों के गिरफ्तारी के विरोध में ट्रेड यूनियन ने किया विरोध प्रदर्शन



**बिलासपुर**, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्रेड यूनियन कौंसिल द्वारा पत्रकारों के गिरफ्तारी के विरोध में जनसभा केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों सीटू, एटक, इंटक, एक्टू एवं ट्रेड यूनियन कौंसिल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज शाम 5 बजे पं. देवकीनंदन चौक पर जनसभा का आयोजन किया गया।

सभा में वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा नेटफ्लिक्स के पत्रकारों के ठिकानों पर छापे एवं गिरफ्तारी की निंदा की एवं अविलम्ब उनकी रिहाई की मांग की। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा जनवादी आंदोलनों एवं बुद्धीजीवियों पर बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त की। सरकार द्वारा 2014 से लगातार श्रमिकों के हितों पर कुठाराघात किये जाने एवं श्रमकानूनों में किये जा रहे बदलाव पर अपने विचार रखे एवं इसकी भर्त्सना की। सभा में उपस्थित पत्रकारों ने छ.ग. में पत्रकारों पर हुए हमले पर बिलासपुर ट्रेड यूनियन कौंसिल की पहल का स्वागत करते हुये कहा कि पत्रकारिता जनवाद की आवाज को मुखर करता है एवं ट्रेड यूनियन कौंसिल हमेशा जनता की आवाज को लेकर समाज में आंदोलन करती रही है। बिलासपुर शहर के तमाम जनवादी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने इस सभा में अपने विचार रखते हुये इस तानाशाही पूर्ण रवैये को जनवाद पर सीधा हमला बताया। किसान आंदोलन की तरह एक नये आंदोलन के आगाज का आव्हान करते हुये जनवादी ताकतों को एकत्र होने का आव्हान किया गया। आज की सभा में साथी रवि बनर्जी, साथी सतीश जायसवाल, साथी नथमल शर्मा, गणेश साहू, साथी किशोर शर्मा, साथी महेश श्रीवास, साथी मुदित मिश्रा, साथी नंद कश्यप, पवन शर्मा, साथी जी.आर. चंद्रा, साथी लालन सिंह, साथी सुखउ निषाद, साथी सईद खान, साथी एस.के. जैन आदि ने अपने विचार रखे। आज की सभा को सफल बनाने में बिलासपुर प्रेस क्लब साथियों की शत प्रतिशत उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभा की अध्यक्षता ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष साथी पी. आर. यादव एवं संचालन महासचिव साथी राजेश शर्मा ने किया।

# पीसीसी के निर्देश पर कांग्रेस पहुंची बुजुर्गों के बीच

## कस्तूरबा नगर में ब्लॉक कांग्रेस ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**बिलासपुर**, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01के मार्गदर्शन में आज सेक्टर कांग्रेस कमेटी कस्तूरबा नगर वार्ड न.19 में विभिन्न समाज के वरिष्ठ जनों तथा प्रतिष्ठित नागरिकों का सम्मान किया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 कस्तूरबा नगर सेक्टर नंबर 19 में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एक के अध्यक्ष जावेद मेमन की अगुवाई में विभिन्न समाजों के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक शैलेश पांडे, ने वरिष्ठ जनों को श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया। विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान किया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दिशा निर्देश पर कांग्रेस ने सभी वरिष्ठ जनों का



आज सम्मान किया। बुजुर्गों के आशीर्वाद से समाज का निर्माण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी समाज के बुजुर्गों का उन्हें आशीर्वाद मिला और वे इस शहर में विधायक बने। विधायक शैलेश पांडे ने तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 के अध्यक्ष जावेद मेमन एवं पार्षद भरत कश्यप, काशीरात्रे ने 50 से अधिक वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। इस अवसर पर मोहन श्यामनानी ,आरएस ठाकुर ,बृजलाल भोजवानी ,गोमती पाल ,झामन दास चेतानी, हरिकिशन गंगवानी ,पंच कुंवर यादव ,चमेली पाल ,चंदा पाल ,छोटेलाल, नरेश यादव ,एस के भोई ,जवाहरलाल कोशिक, मोहन मदवानी ,कौशलेश कीर्ति,आनंद जी, का श्रीफल व शाल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद भारत कश्यप काशी रात्रे, जुगल गोयल, श्याम लाल चंदानी रिजवान खान सेक्टर अध्यक्ष भारत निर्मलकर आदि मौजूद थे। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने बताया कि पीसीसी सेटर रायपुर के निर्देश पर सभी सेक्टर अध्यक्षों को कांग्रेस की मजबूती के लिए बूथ सेक्टर जोन मे बूथ कमेटी की समीक्षा की जाए । विभिन्न समाज के वरिष्ठ जनों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष मे शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए उसे आशीर्वाद लेवे।

# सार-संक्षेप

## भोई समाज बाइसाराज बिलासपुर संभाग के लिए गर्व की बात-सुनील भोई



**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों को सामाजिक भवन हेतू राशि जारी किया गया था। जिसमे भोई (महरा) समाज बिलासपुर को भी 20 लाख की राशि प्रदान किये थे। इसी परिपेक्ष में पूरे छत्तीषगढ़ के समाज प्रमुखों को गुरुवार को सीएम हाउस में मुलाकात एवम भोज हेतु आमंत्रित किया गया था । इस दौरान भोई( महरा )समाज की ओर से सुनिल भोई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यंमत्री का समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने अपने उदबोधन में भोई (महरा) समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। भोई (महरा)समाज से सचिव रवि शंकर भार्गव कार्यकारी अध्यक्ष संतोष भोई इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से मिलकर समाज की ओर से धन्यवाद प्रेषित किये ।

## पेंशन शंखनाद महारैली में पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने रचा इतिहास

**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में पूरानी पेन्शन बहाली के लिए देश भर से केन्द्र एवं राज्य के कर्मचारियों ने नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेन्शन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं फ्रंट अगेंस्ट न्यू पेन्शन स्कीम इन रेलवे के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरिक सिंह के नेतृत्व में रामलीला मैदान में पेन्शन शंखनाद महारैली के लिए 10 लाख कर्मचारी इकट्ठा हुए इस महारैली को आंल इंडिया रेलवे ट्रैकमेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं ट्रैकमैन एसोसिएशन बिलासपुर जोन के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कौशिक ने भारतीय रेलवे के सभी ट्रैकमेंटेनरो की और से नैतिक समर्थन प्रदान किया कार्यक्रम में भारतीय रेलवे के ट्रैकमेंटेनरो की ओर से राजेन्द्र कुमार कौशिक ने 7 लाख से भी अधिक कर्मचारियों के सामने अपनी यूनियन की ओर से बात पेंशन विहीन कर्मचारियों की बात रखी । राजेन्द्र कौशिक ने आगे बताते हुए कहा कि 1 अक्टूबर को दिल्ली जाम हो गई। लगभग 10 लाख केन्द्र और राज्य के कर्मचारियों ने इस पेन्शन शंखनाद महारैली को समर्थन प्रदान किया दोपहर 11 बजकर 40 मिनट पर रामलीला मैदान फुल हो गया जिससे दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान का गेट बंद कर दिया जितनी संख्या पूरे कार्यक्रम के दैरा रामलीला मैदान में थी उसके दुगनी संख्या में मैदान के बाहर दिल्ली के सड़कों पर थी । राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि आजादी के बाद अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा आंदोलन देश की राजधानी दिल्ली में हुई आज तक राजनीतिक पार्टियों के द्वारा भी इतना बड़ा जनसमूह एक साथ इकट्ठा नहीं किया गया है । अगर सरकार नई पेन्शन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेन्शन व्यवस्था लागू नहीं करेगी तो आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कर्मचारी वोट की चोट अवश्य देंगे ।

## दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारी को निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन कार्य से दिव्यांग, 60 वर्ष की आयु एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारी / अधिकारियों को मुक्त रखने संबंधी ज्ञापन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा बिलासपुर ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी, बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 का कार्य पूर्ण किया जाना है। निर्वाचन को सुचारू रूप से संचालित करने जिले के कर्मचारी / अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। संघ ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर को दिव्यांग, 60 वर्ष की आयु एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारी/अधिकारियों को मुक्त रखने संबंधी ज्ञापन दिया । ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रदेशाध्यक्ष जी आर चंद्रा, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, राजीव कस्तूरे, आर. के. चंदवानी आदि शामिल हैं।

# बिलासपुर में खिली धूप रात में गिर सकता है पारा

**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यायधानी में तेजी से मौसम बदल रहा है। शनिवार सुबह से धूप खिली हुई है। मौसम विभाग की माने तो आज दिन भर मौसम शुष्क बना रहेगा। शाम को हल्की ठंडक महसूस होगी। रात के तापमान में गिरावट हो सकता है।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्र के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून के विदाई जम्मू कश्मीर के शेष भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पश्चिम मध्य प्रदेश, गुजरात, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ भाग, विदर्भ, मराठवाडा, मध्य महाराष्ट्र और कोकण, संपूर्ण उत्तर अरब सागर और मध्य अरब सागर के कुछ भाग से हो गई है। दक्षिण पश्चिम मानसून के विदाई रेखा लखनऊ, सतना, नागपुर, परभणी, पुणे, और अलीबाग है। दक्षिण पश्चिम मानसून के विदाई के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के शेष भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश के शेष भाग, बिहार के कुछ भाग, झारखंड, उड़ीसा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र के कुछ और भाग तथा मध्य अरब सागर के कुछ और भाग के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। प्रदेश में सात अक्टूबर को मौसम शुष्क करने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट संभावित है। बता दे कि इधर वर्षा के थमते ही सड़कों पर धूल उड़ने लगी है। वातावरण में चारों ओर हरियाली नजर आने लगी है। रंग-बिरंगे फूल खिलने लगे हैं। सर्दी का एहसास होने लगा है।

# भाजपा ने समर्थन नहीं दिया तो 41 सीटों पर खड़े करेंगे प्रत्याशी-संजय

## राजकुमार निषाद पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित

## प्रदेश में मछुआ समाज की जनसंख्या 27 लाख

**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय सचिव व छग प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने साफ संदेश दिया कि अगर भाजपा की ओर से समर्थन नहीं मिला, तो आगामी विधानसभा में पार्टी 41 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेगी। बिलासपुर प्रेस क्लब में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने कहा कि मछुआ समाज की जनसंख्या प्रदेश में तकरीबन 27 लाख है। समाज में 16 जातियों का समावेश है, जिनकी अलग अलग विधानसभा सीट पर संख्या 20 हजार से 65 हजार तक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में निषाद पार्टी भाजपा के साथ गठबंधन का हिस्सा है। इसके बाद भी प्रदेश




में सीटों के बंटवारे में पार्टी को निराशा ही हाथ लगी है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार है। इस सरकार को बदलने के लिए पार्टी भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहती है।

लेकिन भाजपा इस बार भी पार्टी को टिकट देने में भेदभाव करती है, तो विधानसभा चुनाव में 41 सीटों पर निषाद पार्टी के प्रत्याशी उतारे जाएंगे।प्रदेश प्रभारी राजपूत ने बताया कि निषाद पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार निषाद ने सात दिन पहले ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वे बेमेतरा से चुनाव लड़ना चाहते थे और बीजेपी और निषाद पार्टी के गठबंधन में सीट की मांग कर रहे थे।

इस बीच उन्होंने अकेले ही बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली। निषाद पार्टी का कोई भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बसपा में शामिल नहीं हुआ है। उन्होंने निषाद पार्टी के बसपा में शामिल होने की घोषणा कर दी, जो की सरासर झूठ है।

# ब्राह्मण समाज से दो विधानसभा में प्रत्याशी बनाए जाने की मांग

## भाजपा प्रदेशअध्यक्ष को प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्याशियों के संभावित सूची में बिलासपुर जिले के छ: विधानसभा क्षेत्रों में एक भी प्रत्याशी ब्राह्मण समाज से नही दिया गया है । जिसके विरोध एवं बिलासपुर जिले के कम से कम दो विधानसभा क्षेत्रों में ब्राह्मण प्रत्याशी बनाए जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि मंडल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव को ज्ञापन सौप कर मांग किया गया।

ब्राह्मण समाज के ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बिलासपुर संभाग में लाखो की संख्या में ब्राह्मण निवास करते है और चुनाव में निर्णायक भूमिका ब्राह्मणों की रहती है भाजपा के संभावित सूची में एक भी ब्राह्मण समाज के प्रत्याशी का नाम नही है जिससे समस्त




ब्राह्मण समाज मे रोष व्याप्त है । बिलासपुर संभाग छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग है इसमें एक भी ब्राह्मण को टिकट ना दिया जाना दु:खद है भाजपा अगर बिलासपुर जिले के छ: विधानसभा सीट में से कम से कम एक एवं संभाग में दो विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाते है तो उचित होगा अन्यथा बिलासपुर संभाग, रायपुर संभाग एवं प्रदेश के ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है भाजपा अध्यक्ष अरुण साव से बात करते हुए उनसे मांग की गई। जिस पर अरुण साव ने आश्वाशन दिए कि ब्राह्मण समाज की मांग के बारे में बात के लिए ही दिल्ली में बैठक हुई और कहा कि आपकी मांग जायज है हम पूरी कोशिश करेंगे । अरुण साव को ज्ञापन देने वालो में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में सत्येन्द्र शर्मा, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, अभिजीत पाण्डेय,संतोष अवस्थी, गोरे लाल तिवारी, आयुष दुबे,अनुभव शुक्ला, पीयूष शुक्ला, अल्पेश द्विवेदी आदि ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गरबा में कसौंधन समाज नशे से निजात दिलाने देगा संदेश

**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा आदिशक्ति मां महामाया की आराधना हेतु रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है । यह तीन दिवसीय आयोजन 15 16 व 17 अक्टूबर को सामाजिक भवन कर्बला में होगा। गरबा की प्रैक्टिस के लिए गरबा टीचर को बुलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 8 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक शाम 4 बजे से 7 तक होगी। महिला मंडल के द्वारा गरबा का आयोजन 1996 से किया जा रहा है और आज इसका 26 वा वर्ष है जूना बिलासपुर बनियापारा सत्संग मैदान से शुरुवात हुई है, गरबा महोत्सव में संदेश एक दूसरे को एक साथ जोड़ना है और नशे से निजात दिलाने का भी संदेश देंगे। महिला वर्ग का ड्रेस कोड पहले दिन लाल रंग की साड़ी दूसरे दिन फिरोजी रंग की साड़ी और तीसरे दिन लहंगा या गुजराती ड्रेस रखा गया है नवयुवतियों को पहले दिन फ्लोर टच ड्रेस दूसरे दिन सलवार सूट और तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया है । बालिका वर्ग को पहले और दूसरे दिन फ्रॉक और तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया है बालक वर्ग के लिए सफेद कुर्ता पजामा लाल दुपट्टा और तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया है सभी वर्ग को उनके विशेष पोशाक और उनके गरबा , पर विभिन्न पुरस्कार तीनों दिन दिया जाएगा, महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रभा गुप्ता, सचिव शुभ्रा गुप्ता और कोषाध्यक्ष बबली गुप्ता ने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

# यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे में नई तकनीक के समावेश के साथ डिजिटल पहल

## 190 कोचों में सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान

**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। यात्रियों की सुरक्षा व संरक्षा तथा ट्रेनों में अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखकर ट्रेनों के कोच में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे का प्रावधान किया जा रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 110 एलएचबी कोच, 72 ईएमयू के कोच तथा 08 डेमू कोच में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे गए है । इससे यात्रियों का सफर सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होगा । ट्रेनों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर इन कैमरों की मदद से डाटा को डाउनलोड करके उनका विश्लेषण कर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी ।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत यात्री ट्रेनों में बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर, वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग, हमसफर एक्स्प्रेस के 22 कोच, कोरबा-अमृतसर-कोरबा,



छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के 38 कोच, बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस के 13 कोच, बिलासपुर-पुणे व बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के 06 कोच, बिलासपुर-पटना व बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के 04 कोच, दुर्ग-निज़ामुद्दीन, संपर्कक्रांति व दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस के 16 कोच सहित 11 स्पेयर कोच शामिल है । इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चलने वाली बल्लारसाह-गोंदिया मेमु के 12+12 कोच, चांदाफ़ोर्ट-गोंदिया मेमु के 12 कोच, गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमु के 12 कोच, झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमु के 12 कोच, केवटी-रायपुर डेमू के 8 कोच सहित 12 स्पेयर कोचों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए जा चुके है । ट्रेनों में कोच के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 26 स्टेशनों के प्लेटफार्म व स्टेशन परिसरों में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगाए गए है । इन कैमरों की मदद से आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के साथ स्टेशनों पर यात्रियों के छूटे हुए सामानों की बरामदगी में भी सहायता मिल रही है । इसके अतिरिक्त संदिग्धों एवं अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा विवाद सुलझाने में कैमरे के फुटेज साक्ष्य के तौर पर उपयोग में लाये जा रहे है । साथ ही साथ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों और रेल में अपराध करने वालों पर भी अंकुश लगाने में क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । पिछले 2 साल में लगभग 50 से भी अधिक मामलों को सीसीटीवी के द्वारा डिटेक्ट किया गया है, जिसमें इन घटनाओं में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ चोरी आदि मामलों में संपत्ति की बरामदगी भी की गई है। यात्रियों विशेषतया महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मेरी सहेली अभियान चलाई गई है । इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम ट्रेन में अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों के पास जाकर उनसे बात करती है । अगर महिला यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसे तुरंत हल किया जाता है । इसके अलावा यात्रियों को एक हेल्पलाइन लाइन नम्बर भी दिया गया है जिस पर शिकायत करने पर तुरंत एक्शन लिया जाता है ।

## सार-संक्षेप

### गाली-गलौच से मना करने वाले युवक पर टूटा कहर



**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के पुराना बस स्टैण्ड में व्यापारी के साथ बुरी तरह की गई मारपीट का मामला लोग अभी भूले नहीं है कि फोकटपारा क्षेत्र में कुछ ऐसा ही कहर दो युवकों ने एक व्यवसायी युवक पर बरपाया है। दुकान के सामने गाली-गलौच कर रहे दो युवकों को ऐसा करने से मना करना व्यवसायी के लिए भारी पड़ गया। उसे दुकान से निकालकर हाथ-मुक्का और चेन से मारपीट की गई जिसमें चोटें आई है।

पीड़ित विकेश देवांगन पिता प्रहलाद देवांगन की सर्वमंगला रोड फोकटपारा में कार एसेसरीज की दुकान है। 5 अक्टूबर को सुबह 10 बजे दुकान में बैठा था कि फोकटपारा का रहने वाला पंकज प्रसाद और क्रिश्चियन मोहल्ला का रहने वाला यशु के पास आकर गाली-गलौच कर रहे थे। विकेश ने इन दोनों को गाली देने से मना किया तो एक साथ मिलकर गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्का, लोहे के चेन से मारपीट करने लगे। लड़ाई-झगड़ा की जानकारी होने पर विकेश का भाई कोमल देवांगन व पिता प्रहलाद तथा विक्की जायसवाल ने आकर बीच-बचाव किया। मारपीट से विकेश के पीठ में कई जगह चोट आए हैं। दोनों ने जाते-जाते उलझने पर जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित विकेश की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की है।

### पुरानी पेंशन योजना की बहाली दीपावली पूर्व सीएम का उपहार-पाण्डेय

**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुक्रवार को पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने की घोषणा से पॉवर कंपनीज के युवा अभियंताओं एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर है एवं सभी ने इस घोषणा को दीवाली के पूर्व दीवाली के उपहार की संज्ञा दी है।

इस बहुप्रतीक्षित घोषणा उपरांत छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांडेय एवं महासचिव मनोज वर्मा ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने के लिए कांग्रेस पार्टी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री व ऊर्जामंत्री टीएस सिंहदेव, राजस्व मंत्री एवं पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष अंकित आनंद, प्रबंध निदेशकगण के प्रति आभार व्यक्त किया है। विगत दिनों पॉवर इंजीनियर्स कॉन्क्लेव में संघ की ओर से तीन मांगे रखी गई थी जिनमें से दो मांगों पर मुख्यमंत्री ने त्वरित घोषणा कर दी थी जिसमें प्रमुख रूप से विद्युत कंपनीज में कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं अभियंताओं के लिए 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता की मांग की थी। आज विद्युत कंपनीज में कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं तकनीकी भत्ता से कंपनी के अभियंतागण लाभान्वित हो रहे है। आज इस घोषणा उपरांत युवा अभियंताओं की बहुप्रतीक्षित (ओपीएस) की मांग भी पूरी हो गई। छत्तीसगढ़ में संवेदनशील सरकार एवं उनकी योजनाओं के कारण ही आज छग विद्युत उत्पादन कंपनी पूरे भारत वर्ष में उत्पादन के आधार पर प्रथम स्थान पर काबिज है। ओपीएस की घोषणा के पश्चात युवा अभियंताओं में ऊर्जा, उत्साह एवं जोश देखते ही बनता है। उन्होंने आगे भी कर्मठता साथ कार्य करने एवं छग में सस्ती एवं सुलभ विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित हो इसके लिए संकल्प किया है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस सामाजिक सुरक्षा से परिपूर्ण पुरानी पेंशन योजना के लिए जिन्होंने भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रयास किया, उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

### परिवारों में होने वाली नोंकझोक रिश्तों को तोड़ देती है

**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया।

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित हाउजी में महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। हर नंबरों में उपहर मिलने से उत्साह बढ़ता ही रहा। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा संबंध विच्छेद-कारण व सुझाव पर आधारित नाटक का मंचन प्रतियोगिता के माध्यम 20 प्रतिभागियों ने समाज को संदेश दिया। वर्तमान परिवेश में हो रहे संबंध विच्छेद को सफल नाट्य रूप में मंचन से बताया गया कि परिवारों में होने वाली आपसी नोकझोक, रिश्तों को तोडने की कगार पर ला कर रख देती है। अग्रसेन नवयुवक मंच द्वारा आयोजित किड्स डांस प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी अन्य डांस प्रतिभागियों के द्वारा प्रस्तुत किये गये। मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि 8 नवंबर को अग्रसेन नवयुवक मंच द्वारा अग्रसेन स्कूल में सुबह 10 बजे से जनरल नॉलेज व किड्स डांस वर्ग ब, शाम 4 बजे से अग्रसेन स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

### चाइल्ड हुड कैंसर के प्रति जागरुक करने पाम्पलेट का वितरण

**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा सेवा सप्ताह के छठवें दिन दिव्य ज्योति विशेष स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष मीना सिंह सहित सभी अतिथियों का बच्चों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया एवं गीत की प्रस्तुति दी।



उन्होंने बच्चों के इस कला की सराहना की एवं प्राचार्या रीता खेत्रपाल को नेक कार्य के लिए बधाई देते हुए मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। अगली कड़ी में चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से कक्षा 10वीं तक के सभी विजेता प्रतिभागियों को पारितोषक भेंट किया गया एवं गीत की प्रस्तुति के लिए बच्चों को पुरस्कार दिया गया। उपस्थित सभी टीचर्स को भी मोमेंटो भेंट किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कामायनी दुबे एवं शहनाज शेख रहे। एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल द्वारा उनके पुत्र के जन्मदिवस पर दिव्य ज्योति विशेष स्कूल को 11000 रुपए नकद भेंट स्वरुप दिया गया। लायंस चौक में आमजन को चाइल्ड हुड कैंसर के प्रति जागरुक करने पाम्पलेट वितरण किया गया जिसमें कार्यक्रम प्रभारी ममता वासन एवं भगवती अग्रवाल रहे। आयोजन को सफल बनाने में लांयस स्कूल के चेयरपर्सन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), पुरुषोत्तम अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, शहनाज शेख, कोषाध्यक्ष रविशंकर सिंह, नंदकिशोर अग्रवाल, मधु पांडे, कामायनी दुबे, दीपक माखीजा, मधु पाण्डेय, भगवती अग्रवाल, ममता वासन सहित अन्य का योगदान रहा।

# पुलिस को देख यू-टर्न कर भागा कार चालक, झाड़ियों में फेंका पायल का बंडल

## जब्त कर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस, कार और सवार का पता लगाया जा रहा

**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही आचार संहिता भी जल्द ही लग सकती है। इसके पहले मतदाताओं के बीच वितरण के लिए अवैधानिक तरीके से लाए जाने वाले सामग्रियों के साथ-साथ नगदी आदि की धर-पकड़ पूरे राज्य में जारी है। इसके अलावा अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी सक्रिय न हों तथा उनकी आवाजाही पर नजर रखने के लिए, संदिग्धों की पड़ताल व धर-पकड़ के लिए पुलिस के द्वारा जांच





अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने झाड़ियों में फेंके गए चांदी के पायलों के बंडल बरामद किए हैं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए जिला पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण के मार्गदर्शन व निर्देशन में जिले भर में दुपहिया वाहनों से लेकर चार पहिया व अन्य वाहनों की शहर के भीतर व आउटर में जांच का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में दर्री थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस की टीम एनटीपीसी राखड़ पाइप लाइन जाने वाले मार्ग पर जांच पड़ताल में लगी हुई थी। यहां पुलिस वाहनों को रूकवा कर जांच कर रही थी कि इस दौरान उक्त मार्ग से आ रही एक कार जांच स्थल से लगभग 100 मीटर पहले अचानक रूकी और चालक ने तेजी कार मोड़ा और दूसरी तरफ रफ्तार पकडने से पहले भीतर सवार शख्स ने एक छोटा थैला झाड़ियों की ओर फेंका। यहां जांच स्थल पर मौजूद पुलिस कर्मियों सहित अन्य लोगों की नजर में कार और उसमें सवार लोगों की हरकत जैसे ही पड़ी, संदेह गहरा गया। थैला फेंके जाने वाले स्थल पर जाकर पुलिस ने पड़ताल किया तो राखड़ पाइप लाइन के किनारे-किनारे झाड़ी में एक थैला मिला जिसे खोलने पर पायल के बंडल बरामद हुए हैं। दर्जनों की संख्या में बरामद हुए इन पायलों को पुलिस ने जप्त कर लिया है। घटनाक्रम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराते हुए अब इस बात की तस्दीक की जा रही है कि उक्त कार और कार में सवार लोग कौन थे जो पायल फेंककर भागे? क्या यह पायल चुनाव में बांटने के लिए मंगाए गए थे, इन पायलों को कौन और किसके लिए शहर में ला रहा था? बहरहाल इस घटनाक्रम की चर्चा क्षेत्र और महकमे में गर्म है।

# गौरव पथः भारी वाहनों पर प्रतिबंध एसडीएम ने जारी किए आदेश



कोरबा-दीपका, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपका गेवरा खदान से निकलने वाले कोयला वाहनों का संचालन गौरव पथ से नहीं कराए जाने की मांग को लेकर लगातार किए जा रहे धरना प्रदर्शन और आंदोलन के बीच एक राहत भरी खबर आई है जिसमें भारी वाहनों के संचालन पर दो अलग-अलग समय में दीपका थाना से दीपका चौक (रेलवे क्रासिंग) गौरव पथ में भारी वाहनों का आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कटघोरा एसडीएम ने आदेश जारी करते हुए थाना प्रभारी दीपका को इसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस विषय पर आंदोलन कर रही दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति ने कटघोरा एसडीएम के आदेश का स्वागत करते हुए कहा है कि राजपत्र में पुराने प्रकाशित इस नए आदेश के अनुसार भारी वाहनों को तत्काल प्रतिबंधित करने की कार्यवाही परिवहन विभाग द्वारा की जानी चाहिए। बता दें कि 6 अक्टूबर को एसडीएम कटघोरा द्वारा दीपका गौरव पथ को लेकर नया आदेश जारी किया गया है जिसमें सुबह 7.30 से 8.30 एवं दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश के उपरांत क्षेत्रवासियों को एक अतिरिक्त घंटे का समय मिलेगा जिसमें दीपका गौरव पथ का उपयोग क्षेत्र की जनता सुगम तरीके से कर सकेगी। आदेश पर दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति ने धन्यवाद ज्ञापित किया है । गौरवतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्यपत्र 20 जून 2008 में सुबह 7 से 11 एवं शाम 4 से 7 बजे पूर्व से ही भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नए आदेश के उपरांत दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक भी भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहने का आदेश जारी हुआ है जिससे दीपका क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। गौरव पथ दीपका संघर्ष समिति के उमा गोपाल, बंशी दास महंत ने निवेदन किया है कि परिवहन विभाग तत्काल इस सडक में उक्त आदेशों का पालन करने के लिए पक्के नाके एवं उचित मानव संसाधन उपलब्ध कराए साथ ही प्रतिबंधित समय में गौरव पथ में जबरदस्ती घुसने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए। इन्होंने सीसीएल के दीपका गेवरा एवं कुसमुंडा प्रबंधन से भी निवेदन किया है उक्त समय में गाडियों को ना छोड़ा जाए जिससे गौरव पथ में अनावश्यक अव्यवस्था फैलने से बचा जा सके।

### आंदोलनकर्ता उमा गोपाल को थाना ले जाने से आक्रोश

गौरव पथ को भारी वाहनों से मुक्ति दिलाने के लिए 13 अगस्त से धरना प्रदर्शन कर रहे उमा गोपाल कुमार व बंशीदास महंत ने आज ही एसपी कार्यालय पहुंचकर पिछले दिनों 1 अक्टूबर को धरना का पंडाल उखाड़ फेंकने तथा बिना किसी नोटिस व सूचना के थाना ले जाने की घटना को अन्यायपूर्ण बताते हुए अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 13 अगस्त से ऑटो स्टैण्ड में प्रशासन को सूचना देकर जनहित में अनिश्चितकालीन अनशन किया जा रहा था। 18 अगस्त को आश्वासन पर इसे समाप्त कराया गया। इसके बाद शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन आवेदन देकर किया जा रहा था जिसमें एकाएक 1 अक्टूबर को कार्यवाही की गई। आज शाम क्षेत्र में इस बात को लेकर समर्थकों में आक्रोश की लहर दौड़ पड़ी जब यहां पहुंचे पुलिस वाहन में उमा गोपाल को जबरदस्ती घसीट कर बिठाकर ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत





**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के उरगा-हाटी मार्ग पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को चपेट में ले लिया. इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं दूसरे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना के बाद राहगीरों ने डायल 112 को इसकी सूचना दी। जानकारी के मुताबिक, हादसे में मृत युवक का नाम रहीम टोप्पो है जो कि जशपुर का रहने वाला है, वहीं दूसरे युवक को सूचना मिलने के मौके पर पहुंची पुलिस ने कोरबा मेडिकल कॉलेज भेजा है, जहां उसका इलाज जारी हैं. वहीं पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है।

### आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने कलेक्टर से गुहार

कोरबा, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम में एमआईसी सदस्य सुरती कुलदीप ने कलेक्टर सौरभ कुमार से भेंट कर कोरबा पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न ग्राम भैरोतल, कपाटमुड़ा, सुराकछार डंगनिया, बल्गी रोहिना, कुचेना, मड़वाढोढ़ा, बांकीमोंगरा आदि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में मवेशियों पर नियंत्रण के लिए आग्रह किया है। सुरती कुलदीप ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के जीवकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि है। आवारा मवेशियों के कारण फसल जिसके अब पकने का समय आ चुका है, वो नष्ट हो रहे हैं। किसान परिवार कांजी हाउस बंद हो जाने से अपनी फसल बचाने के लिए परेशान हैं।आवारा मवेशियों पर नियंत्रण लगाने व पश्चिम क्षेत्र में गौठान बनाने की मांग रखी गई। कलेक्टर ने तत्काल निगम को निर्देशित किया कि दो माह के लिए पशुओं को कांजी हाउस में देखभाल किया जाए। साथ ही कुचेना मोड़ से बलगी मोड तक रोड निर्माण और नदी पुल जो क्षतिग्रस्त हो गया है, उसकी मरम्मत कराने तथा सर्वमंगला पुल से इमलीछापर फोर लेन निर्माण अविलंब चालू करने की मांग भी की गई। इस पर तत्काल पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से बात कर निर्देश दिया गया। 9 अक्टूबर को इसके लिए सर्वे किया जाना है और यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि आम जनता को आने-जाने की परेशानी दूर हो।

### पहाड़ी कोरवाओं के बीच पहुंची मतदाता जागरूकता




**कोरबा,** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता टीम द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने विशेष पिछड़ी जनजाति - पहाड़ी कोरवा, पण्डो व बिरहोर के बीच बस्ती में पैदल यात्रा कर ट्रेकिंग करते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

टीम प्रभारी अनिल रात्रे ने बताया कि सुदूर जंगल में बसे ग्राम छातासराई, कदम झरिया, हरदीमौहा, जांमभाठा और सोनारी के 18 साल या ज्यादा उम्र के लोगों को मतदान करने जागरूक किया गया। रिपोर्ट के अनुसार विशेष पिछड़ी जनजातियों द्वारा बहुत कम संख्या में मतदान किया जाता है जिसे लेकर जिला प्रशासन के निर्देशन में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सभी मतदाताओं को शत-शत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया।

### राष्ट्र निर्माण में युवा ही सशक्त माध्यम होते हैं- प्यारेलाल

कोरबा, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के सही विकास के लिए युवाओं को हर दृष्टि से प्रशिक्षित करना होगा। हमारे देश के अधिक से अधिक युवाओं को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष योगदान दे रहा है। इसलिए राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश में हर एक सकारात्मक कार्यों को किया जाना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं की सहभागिता अग्रणी होती है। इस कार्य के लिए युवा ईमानदारीपूर्वक सामने आ सकें इसके लिए भी राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष कार्य कर रही है। राष्ट्र निर्माण में राष्ट्र के युवा ही सशक्त माध्यम होते हैं।

उक्त उद्गार प्रोफेसर प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जेबीडी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा ने डाइट कोरबा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना अभिमुखीकरण




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डाइट के प्राचार्य रामहरि सराफ ने कहा कि आज समय आ चुका है हम अध्यापक युवाओं को देश के निर्माण में अपनी विशेष सहभागिता दर्ज करना चाहिएऔर संस्कारयुक्त तरीके से अपना सभी कार्य संपादित करने चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामित श्रीमती वसुंधरा कुर्रे शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला सरईसिंगार, श्रीमती सहोदरा सुरक्षित पशु चिकित्सा विभाग विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्रीमती पूजा बघेल ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता गौरव शर्मा, पीके कौशिक व्याख्याता गणित, अश्विनी कुमार पाटले का सहयोग रहा।

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक आज

कोरबा, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति द्वारा सतनाम प्रांगण टीपी नगर में 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में कोरबा जिला के 5 ब्लाकों में छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मॉडल जैतखाम का निर्माण, सतनाम प्रांगण में जिला स्तरीय गुरूघासीदास जयंती मनाने की रूपरेखा तय कर शोभायात्रा सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा होगी। अध्यक्ष यूआर महिलांगे व सचिव जीएल बंजारे ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थित होने आग्रह किया है।

# आरएसएस नगर के सडक़ कार्य को यथाशीघ्र पूरा करें-महापौर

### सडक़ कार्य को वर्षाकाल के बाद पुनः शुरू हुआ काम

कोरबा, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने रविशंकर नगर जोन क्षेत्रातर्गत वार्ड क्र. 23 में किए जा रहे सडक़ डामरीकरण कार्य का वर्षा ऋतु के बाद पुनः शुभारंभ कराया। इस कार्य का भूमिपूजन लगभग 5 माह पूर्व में राजस्व मंत्री के मुख्य अतिथ्यि एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के आतिथ्य में हुआ था। इस कार्य के भूमिपूजन हो जाने के बाद इसमें डी.एस.पी., डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य करने के साथ ही अन्य प्रकार के कार्य किये



गये थे, लेकिन बारिश होने की वजह से कार्य को बीच में ही रोक दिया गया था, अब वर्षा ऋतु के थम जाने पर यह कार्य पुनः प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर उन्होंने पूरी गुणवत्ता के साथ डामरीकरण कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए।

नगर निगम द्वारा वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत रविशंकर शुक्ल नगर चौक से दादर चौक तक सडक़ डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। महापौर ने कहा कि राजस्व मंत्री के लगातार प्रयासों से कोरबा शहर तथा निगम के उपनगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ जिले की सडक़ों का कायाकल्प किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरबा शहर के सभी प्रमुख मार्गो व आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों की सडक़ों के डामरीकरण, सडक़ों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं, जो अभी निरंतर जारी हैं।

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सडक़ संबंधी समस्त समस्याओं का सम्पूर्ण निदान किया गया है। कार्यक्रम में पार्षद राजेन्द्र सूर्यवंशी, एल्डरमेन आरिफ खान, रूपा मिश्रा, शशि अग्रवाल, राजेश यादव, राजीव जायसवाल, विजय यादव, अमित सिंह, सरफाराज खान, निहाल खान, लक्ष्मी, अनिल, रामकुमार आदि उपस्थित थे।

### सीता अग्रवाल का निधन



कोरबा, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं अजंता लॉज के संचालक महावीर प्रसाद अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सीता अग्रवाल का आज दुःखद निधन हो गया। उनके निधन के समाचार से परिजनों सहित समाज के लोगों व नगरजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। स्व. सीता अग्रवाल का अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर को मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# सार-संक्षेप

## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2023 के उपलक्ष्य में वन मंडलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार काष्ठागार मनेंद्रगढ़ के ऑक्शन हॉल में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र प्रतिभागी के रुप में भाग लिए और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदिवी गुप्ता स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ द्वितीय स्थान हिमांशु यादव केंद्रीय विद्यालय झगराखांड एवं तृतीय स्थान समीर सेंट जोसेफ स्कूल झगराखांड एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान याशिका उपाध्याय स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेंद्रगढ़, द्वितीय स्थान ईशान जायसवाल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ एवं तृतीय स्थान आस्था सलूजा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ ने प्राप्त किया। और इन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ ही शेष सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में श्री लोकनाथ पटेल वनमण्डलाधिकारी मनेंद्रगढ़, श्री लक्ष्मीनारायण ठाकुर उप वनमण्डलाधिकारी मनेंद्रगढ़, श्री के.एस. कंवर उप वनमण्डलाधिकारी केल्हारी, श्री अमलेंदु मिश्रा वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट, श्री रामसागर कुर्रे प. अ. मनेंद्रगढ़, शंखमुनी पाण्डेय काष्ठागार अधिकारी मनेंद्रगढ़ एवं वन कर्मचारी स्कूली बच्चे एवं शिक्षक गण उपास्थित रहे।

## बस्तामुक्त विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम तथा संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले के स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में भी शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा हमारे संवाददाता से बातचीत में बताया गया कि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक उपरांत बैठक में उपस्थित अभिभावकों को एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती एनवति राजवाड़े व उपाध्यक्ष कैलासो की उपस्थिति में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। उपस्थित लोगों से घर के समस्त सदस्यों को मतदान करने एवं आस पड़ोस सहित ग्राम के समस्त नागरिकों एवं आम मतदाताओं से मतदान दिवस पर मतदान मे भाग लेने अथार्त मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान संस्था में पदस्थ शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी व सहायिका सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया उपस्थित रहे।

## विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बलरामपुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एक्का के निर्देशन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाता है। साथ ही निर्वाचन संबंधित सभी बातों को विस्तार से समझाया गया। आचार संहिता लगने के पश्चात् होने वाली कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान आमसभा, रैली, वाहन अनुमति, रोड शो, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रत्याशियों के प्रचार हेतु मीडिया निगरानी प्रमाणन समिति से अनुमति लेने की प्रक्रिया की जानकारी, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया के प्रयोग तथा पोस्टर एवं बैनरों के प्रकाशन, सभी दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का निर्वाचन कार्यों में सावधानी पूर्वक प्रयोग के संबंध में समझाया गया, एवं विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही प्रतिनिधियों को प्रत्येक पोस्टर बैनर में प्रकाशक एवं मुद्रक की जानकारी के संबंध में भी बताया गया। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा अपने निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर, जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारम्भ आज

**सूरजपुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा श्री अग्रसेन की 5147 वीं जयंती के तहत विविध आयोजन व प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ आज श्री अग्रवाल सभा के आतिथ्य में अग्रोहा भवन में प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश महलवाला व सचिव सुनील अग्रवाल ने बताया कि अग्रवंश की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती 15 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जायेगी। इसके एक सप्ताह पूर्व सभी अग्रजों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अग्रोहा भवन में किया जा रहा है। अग्रवाल महिला मंडल व अग्रवाल नव युवक समिति के द्वारा पावन महोत्सव पर्व को गरिमामय बनाने के बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज आठ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिनिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें अग्र प्रतिभा सम्मान 2023-24 के साथ महाराजा अग्रसेन के विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया है। इस वर्ष जयंती के अवसर पर क्रिकेट के एपीएल का आयोजन अग्रवाल नव युवक समिति के द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में स्वस्थ्य शिशु, म्यूजिकल चेयर, रिंग सेरेमनी की ट्रे सजाओ, मटका फोड़, सामान्य ज्ञान, गिलास गिराओ, सिक्का डालो, फैंसी ड्रेस, कैरम, पाईपोमेनिया, तीन पहिया साइकिल रेस, रंगोल, कुर्सी दौड़, वेशभूषा प्रतियोगिता, वाट्स इन द रूम, लक बाई चांस, डांस, सब्जियों के गहने बनाओ, रानी सत्ती दादी का स्वरूप व पाटा, धार्मिक क्वीज, पास टू पास, स्टूडेंस ऑफ द इयर, पेपर गेम, भजन पर रील बनाओ, जोड़ी नम्बर-1, मेंहदी, पेंसिल गेम, सिंगल विकेट, बहू हमारी सब पर भारी, केबीसी, बैलून गेम, रिंगा रिंगा रोसेस, एडवरटाईजमेंट के टैगलाईन से ब्रांड का नाम पहचानो, एक से भले दो, हाऊजी, एक मिनट, पॉलीटिकल क्वीज, बच्चों की ड्राईग, गुरड़िया चलो, जोर लगाओ, ट्रेजर हंट व माला प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिदिन एक सप्ताह तक होना है। जयंती के प्रमुख आकर्षणों में से एक आनंद मेले का आयोजन 13 अक्टूबर को आकर्षक कार्यक्रम व विशेष पुरस्कार के साथ भव्य रूप से आयोजित होगा।

# निर्वाचन के कार्यों का समय सीमा में संपादन करने कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

### निर्वाचन की घोषणा होते ही लागू होगी आदर्श आचार संहिता, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**अम्बिकापुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल एवं एएल ध्रुव एवं समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में आदर्श आचार संहिता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी। इस दौरान सबसे पहले संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जाती है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही केन्द्र अथवा राज्य के सरकारी उपक्रम, स्थानीय निकाय में राजनैतिक पदाधिकारियों को दी गयी शासकीय वाहन वापस लिये जायेंगे। शासकीय वाहन का दुरुपयोग नहीं होगा। जिला स्तर पर 24इ7 नियंत्रण कक्ष तत्काल सक्रिय हो जाएगा। शिकायत प्रकोष्ठ तत्काल कार्य करना प्रारम्भ कर देंगी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई भी विज्ञापन बिना पूर्व प्रमाणन के प्रसारित नहीं होंगे। विभिन्न मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन जारी कराने एमसीएमसी समिति से पूर्व अधिप्रमाण करना अनिवार्य होगा। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जायेगी। आदर्श आचार संहिता लगते ही निर्वाचन व्यय की निगरानी करने वाली समितियां तत्काल सक्रिय हो जाएगी। इसके साथ ही समस्त नोडल अधिकारियों ने अपने दायित्वों और तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन श्री कुन्दन ने पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। सभी अधिकारी अपने सहायक नोडल एवं अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करें और समय सीमा में दायित्वों को पूरा करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नायक ने भी नोडल अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही समस्त दलों का प्रशिक्षण भी जारी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्यों का समय सीमा में संपादन करने के लिए अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 15 से ज्यादा डीजे संचालकों तक पहुंची सरगुजा प्रशासनिक टीम

### कोलाहल नियंत्रण अधिनियम सहित विभिन्न नियमों के तहत सरगुजा जिले में हुई सबसे बड़ी कार्रवाई



**अम्बिकापुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। उच्च न्यायालय और मुख्य सचिव के दिशा-निर्देशों के पालन हेतु कलेक्टर द्वारा बैठक लेकर बनाई कार्ययोजना पर जिले में प्रशासनिक टीम एक्शन मोड में, संयुक्त टीम ने जब्त किए 05 डीजे, 12 संचालकों को समझाइश, दो वाहन स्वामियों पर 25 हजार तक का जुर्माना नियमों के उल्लंघन पर इसी तरह जारी रहेगी कार्रवाई, जनहित के मद्देनजर कलेक्टर के सख्त निर्देश माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम संबंध में पारित आदेश के पालन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन द्वारा बीते बुधवार को अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली गई जहां मुख्य सचिव ने ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने राज्य के सभी कमिश्नरों, आई.जी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में प्रशासनिक टीम एक्शन मोड में नजर आ रही है। त्योहारों, पर्वों और शादी व्याह के सीजन को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे डीजे, एम्प्लीफायर्स सहित मोटर व्हीकल अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जनहित को ध्यान में रखते हुए कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए जिसके बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रशासनिक टीमों द्वारा डीजे दुकानों सहित विभिन्न स्थानों पर जाकर निर्धारित मानकों के आधार पर जांच की गई। संतोषजनक स्थिति नहीं पाए जाने पर अब तक 05 डीजे संचालकों से जप्ती और 02 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है। वहीं लगभग 12 संचालकों को समझाइश दी गई है कि ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण) नियम 2000, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं माननीय हाई कोर्ट के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों, मापदण्डों एवं गाइडलाइनों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।

अम्बिकापुर के केदारपुर में जांच के दौरान वाहन स्वामी राजेश गुप्ता द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति अनुज्ञा के सूरजपुर जिले से परिचालन कर अम्बिकापुर में प्रतिबंधित ध्वनि क्रियाकलापों में उपयोग के लिए परिवहन करते पाया गया जिसमें 15 नग चोंगा, 10 नग बॉक्स, 6 नग एम्प्लीफायर्स, 01 मिक्सर मशीन सहित अन्य सामग्रियों को जब्त कर लिया गया तथा 05 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर डीजे वाहन स्वामी छत्रपाल सिंह पर मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 194(1)(ए) के तहत 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया। इसी प्रकार निर्धारित मानकों के विरुद्ध पाए जाने पर अन्य डीजे संचालकों पर डीजे जब्ती की कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री कुन्दन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस, जिला परिवहन अधिकारी तथा क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 एवं ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण तथा नियमन) नियम 2 के प्रावधानों व शर्तों के अधीन शहर में कानफोडू डी.जे. को लेकर नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिसके परिपालन में नियमों का उल्लंघन करने वाले डी.जे. संचालकों के विरूद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार दण्डात्मक एवं जब्ती की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने भी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आगामी दिवसों में चुनावी रैलियों, सभाओं में नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर सतत निगरानी रखी जाये और नियम उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।

### भोंपू हॉर्न बजाना प्रतिबंधित

गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुन्दन द्वारा आदेश जारी कर अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में होने वाले अत्यधिक कोलाहल को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण) नियम 2 के तहत लाउडस्पीकर और लोक संबोधन प्रणाली (और ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण) का प्रयोग रात्रि 1 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार उक्त अवधि को छोड़कर सावर्जनिक स्थान जहां लाउडस्पीकर यो लोक संबोधन प्रणाली या ध्वनि का कोई अन्य स्त्रोत उपयोग में लाया जाता है तो ध्वनी का स्तर 1 डीबी (ए) या 75 डीबी (ए) जो भी कम हो से अधिक नहीं होगी। इसी प्रकार भोपू (हॉर्न) के उपयोग, फटाखे फोड़ा जाना आवासीय क्षेत्र में रात्रि 1 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

## जूटमिल क्षेत्र में बोरे में मिला नवजात शिशु

**रायगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। मामला रायगढ़ शहर के जूटमिल क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 नवापारा का है। जहां किसी अज्ञात द्वारा नवजात शिशु को नाली में फेंके जाने की बात सामने आई है। वार्डवासियों ने मानवता का परिचय देते हुए ना केवल शिशु को बाहर निकाला बल्कि तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 और मोहल्लेवासियों के सहयोग से नवजात को सुरक्षित मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया है।जहां शिशु के स्वस्थ अपने की जानकारी मिली है। बच्चा किसका है और कहां से यहां आया अभी पता नहीं चल पाया है। वार्ड क्रमांक 34 नवापारा मोहल्ले के ओम प्रकाश साहू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तकरीबन 6:25 में जब वह घर से बाहर नाला के तरफ निकले तो देखा एक नवजात बोरे में से रोने की आवाज आ रही थी पास जाकर देखा तो आवाज एक नवजात शिशु के रोने की थी। तब उन्होंने स्थानीय लोगों को इस बात की सूचना दी थोड़ी देर बाद मामले की चर्चा पूरे मोहल्ले में फैल गई।112 की मदद से बच्चे को अस्पताल भिजवाया गया है। जहां का उपचार जारी है।

## 55 विभागों के 788 कर्मचारियों के नाम पोर्टल में हुआ दर्ज

# सेवानिवृत्त कर्मियों को धन्यवाद पोर्टल से मिल रही है राहत

**कोरिया** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के अभिनव पहल ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को पेंशन सम्बंधित समस्याओं राहत देने के लिए विगत चार माह पूर्व एक नवाचार प्रयास किया गया था। धन्यवाद पोर्टल के नाम से तैयार किए गए इस पोर्टल के माध्यम से जिले के शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्त होने पर उनकी पेंशन सुविधा के लिए यह पोर्टल का निर्माण किया गया है।

बता दें पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में विगत 4 माह पूर्व तैयार इस 'धन्यवाद पोर्टल' के तहत जिले के 55 विभागों के 788 अधिकारियों-कर्मचारियों को पोर्टल में रजिस्टर किया गया है। विगत 4 माह में सेवानिवृत्त 29 कर्मचारियों एवं उनके कार्यालय प्रमुख के रजिस्टर्ड मोबाइल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सन्देश प्रेषित की गई है। पेंशन निराकरण की प्रक्रिया की निगरानी इस पोर्टल से की जा रही है। 'धन्यवाद पोर्टल' द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी व सम्बंधित विभाग प्रमुख को पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। इस धन्यवाद पोर्टल के माध्यम से कार्यालय प्रमुख, संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन तथा जिला कोषालय तीन स्तरों पर की गई कार्यवाही से शासकीय सेवक को अवगत कराया जा रहा है। सेवानिवृत्त हुये 29 कर्मचारियों में से 16 कर्मचारियों का संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन



अदायगी आदेश (पी.पी.ओ.) जारी किया गया है तथा उनमें से 10 कर्मचारियों को कोषालय द्वारा पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा चुका है।

## मंत्री अमरजीत भगत ने मैनपाट के बैगहवा से घटगांव तक सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

**अम्बिकापुर** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने शनिवार को मैनपाट विकासखंड में सड़क एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान मंत्री श्री भगत ने 10.50 करोड़ की लागत से मैनपाट के बैगहवा से घटगांव तक 7.20 किमी के सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही उन्होंने 5.05 करोड़ रुपये की लागत से नर्मदापुर पटेलपारा से पटपरिया भण्डारपारा तक 30.30 किलोमीटर की सड़क का नवीनीकरण एवं संधारण कार्य, 10.00 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत कमलेश्वरपुर में रैदास भवन निर्माण एवं 10.00 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत नर्मदापुर में अंबेडकर भवन का निर्माण, 03.00 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत नर्मदापुर में तथा 03.00 लाख रूपये की लागत से ग्राम पंचायत बरिमा में पटेलपारा में चंद्रशेखर के अहाता के पास चबुतरा एवं शेड निर्माण का भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रोपाखार बजारपारा से केसरा जूनापारा सड़क के 4.20 किमी लम्बाई के नवीनीकरण एवं संधारण कार्य भूमिपूजन, रोपाखार बाजार पारा से रोपाखार तिब्बती कैम्प तक 1.80 किमी सड़क नवीनीकरण एवं संधारण कार्य 33.44 लाख रुपए की लागत का भूमिपूजन, नर्मदापुर पटेलपारा से बरिमा बरडांडपारा तक 4.60 किमी की लंबाई के 77.19 लाख रुपए की लागत सड़क नवीनीकरण एवं संधारण कार्य का भूमिपूजन, बिसरपानी खास से करमहा खास तक 7.32 किमी लम्बाई की 1 करोड़ 54 लाख रुपए लागत सड़क नवीनीकरण एवं संधारण कार्य का भूमिपूजन सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन किया।

## अध्यक्ष उपाध्यक्ष के खिलाफ जनपद सदस्यों ने खोला मोर्चा



**रायगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। घरघोड़ा नगर पंचायत के बाद जनपद पंचायत की राजनीति गरमा गई है। अपुष्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार घरघोड़ा जनपद पंचायत में जनपद सदस्यों ने भाजपा की अध्यक्ष और कांग्रेस के उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल खोलने की जानकारी मिल रही है। जनपद सदस्यों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाने की बात सामने आ रही है । आज जनपद पंचायत सदस्यों ने जनपद पंचायत सीईओ के समक्ष हस्ताक्षर सत्यापन के लिए उपस्थित होने की बात सामने आ रही है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत

**रायगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटना में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाकारूमा निवासी कल शाम तकरीबन 5 से 6 के बीच अपने गांव से लैलूंगा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाईक सवार युवक अपने वाहन पर नियंत्रण नही रख सके और फिर उनकी तेज रफ्तार दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे बाईक सवार दोनों युवकों को डायल 112 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां पहले युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं दूसरे युवक की स्थित भी गंभीर बनी हुई है। दूसरे युवक के बेहोश होनें की वजह से दोनों की शिनाख्त नही हो सकी है।

## डंपर चालक ने बाइक सवार को कुचला



**रायगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार की सुबह रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल भेजत हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़-घरघोडा मार्ग में उर्दना के पास शुक्रवार की सुबह डंपर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार एक युवक की अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना इतना भयावह था कि बाईक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह सडक दुर्घटना में युवक की मौत की खबर मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। विदित रहे कि इस मार्ग में 24 घंटे भारी वाहनों का रेलमपेल लगा रहता था जिसकी वजह से आए दिन इस मार्ग में सड़क दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। यातायात पुलिस के द्वारा भी जिले में लगातार घट रही सड़क दुर्घटनाओं में विराम लगाने कई कोशिश की गई इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की बजाए हादसों का सिलसिला लगातार जारी है।

# शहडोल एक्सप्रेस का और दुर्ग अंबिकापुर उदलकछार, नागपुर रोड में होगा दो मिनट का रहेगा

### स्टॉपेज चेंबर के व्यापारियों की पुरानी मांग हुई पूरी, आम जनता को भी मिलेगा इसका लाभ

**एमसीबी** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला एम,सी,बी,रेलवे बिलासपुर मंडल के अनुसार गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस का दिनांक 08 अक्टूबर से उदलकछार व नागपुर रोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, उदलकछार स्टेशन सुबह 4.03 बजे पहुंचेगी व 4.05 बजे रवाना होगी और नागपुर रोड स्टेशन सुबह 4.16 बजे पहुंचेगी व 4.18 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस, नागपुर रोड स्टेशन रात 12.11 बजे पहुंचेगी व रात 12.13 बजे रवाना होगी और उदलकछार स्टेशन रात 12.24 बजे पहुंचेगी व 12.26 बजे रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 18755/18756 शहडोल-अम्बिकापुर-शहडोल एक्सप्रेस



की 8 अक्टूबर से उदलकछार व नागपुर रोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18755 शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, उदलकछार स्टेशन शाम 4.51 बजे पहुंचेगी व 4.53 बजे रवाना होगी और नागपुर रोड स्टेशन शाम 5.04 बजे पहुंचेगी व शाम 5.06 बजे रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 18756 अम्बिकापुर-शहडोल एक्सप्रेस नागपुर रोड स्टेशन 10.31 बजे पहुंचेगी व 10.33 बजे रवाना होगी और उदलकछार स्टेशन 10.44 बजे पहुंचेगी व 10.46 बजे रवाना होगी काफी चेंबर पुरानी मांग थी समय समय बिलासपुर रेलवे मंडल पत्राचार के माध्यम की जाती रही छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्रीज जिला एम,सी बी, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन प्रदेश मंत्री मधु पोद्दार जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल जिला महासचिव मनीष अग्रवाल सुदामा छत्तानी मनोज अग्रवाल रघुनाथ पोद्दार शोएब अख्तर सभी सदस्यों की तरफ से बिलासपुर रेलवे मंडल और, रेलवे विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करता है, की उक्त दोनो ट्रेनो के दो मिनट के ठहराव से आम जनता के साथ साथ व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### रिटर्निंग ऑफिसर ने लिया चुनावी प्रशिक्षण का जायजा



**खरसिया** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा खरसिया एसडीएम रोहित सिंह ने शनिवार को शासकीय महात्मा गांधी कॉलेज में चल रहे चुनाव प्रशिक्षण का अवलोकन किया। वहीं पीठासीन अधिकारी मतदान दल क्रमांक 123 के लिए लगाए गए अधिकारी कर्मचारियों से उनके कर्तव्यों के संबंध में प्रश्न पूछे। आगामी निर्वाचन को सफल बनाने प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक लेने हेतु मतदान दल के रूप में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। यह प्रशिक्षण एमजी कॉलेज में 6, 7 एवं 8 अक्टूबर को दो पाली में आयोजित है। जिसमें शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग आदि से 931 अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण होना है, जिसमें 199 महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दलों को ईवीएम, सीलिंग प्रक्रिया, मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति, पीठासीन अधिकारी मतदान क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्य, सेवी वर्गीय मतदाता प्रवासी मतदाता, एएसडी सूची, प्रतिनिधि मतदाता, डाक मतपत्र, रिकॉर्ड किए गए मतों का लेख तैयार करना, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन बैठक व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत का किया निरीक्षण



सारंगढ़ 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर आवश्यक कन्ट्रोल टीम के बैठक व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत सारंगढ़ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें परिसर में स्थित सभी कक्षों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान और सीईओ जनपद सारंगढ़ संजू पटेल उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ ने नवपदस्थ डीईओ भगत से की मुलाकात



**सारंगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन , नवा रायपुर अटल नगर के आदेशानुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला का जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत प्राचार्य शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सरिया (बरमकेला) को बनाया गया है। उक्त पदभार ग्रहण करने से सारंगढ़ जिला के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया जा रहा है। क्रांतिकारी शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अपने प्रांताध्यक्ष लैलून कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में स्वागत किया गया तत्कालीन विकास खंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ रह चुके एस एन भगत को डीईओ सारंगढ़ बनाये जाने पर कर्मचारियो ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई एवम शुभकामनाएं दिए जिसमें क्रांतिकारी शि0 संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार महेश , तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष फकीरा यादव क्रांतिकारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष विमल अजगल्ले , प्रांतीय , जिला व ब्लाक पदाधिकारीगण रामशरण भारद्वाज , कौशल कुमार राठिया , जगराम लक्ष्में , महंगू भारद्वाज , मोहन लाल विशेश्वर खरे ,उमाशंकर अनंत , रामेश्वर प्रसाद जांगडे , चुनेंद्र लहरे , कमलेश भारती, सोनिया सारथी, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल रहे।

### कलेक्टर ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण, स्टॉक की ली जानकारी



**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर बिरगहनी में संचालित शराब वेयर हाउस का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने स्टॉक में उपलब्ध शराब की मात्रा और वाहन से मदिरा की लोडिंग-अनलोडिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने शराब के आवागमन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, सीसी टीव्ही कैमरे, वाहनों में जीपीएस के संबंध में जानकारी ली एवं विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवाओं को संगठित कर मंच प्रदान करता है राजीव युवा मितान क्लब- प्रदीप शर्मा

### क्लब के माध्यम से सांस्कृतिक एवं समाजिक गतिविधियों को मिल रहा बढ़ावा



**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सलाहकार,योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास, छत्तीसगढ़ शासन प्रदीप शर्मा ने आज नव निर्मित ऑडिटोरियम में राजीव युवा मितान क्लब, रीपा एवं गोधन न्याय योजना की समीक्षा की एवं युवाओं और स्वसहायता समूहों की महिलाओं से रूबरू हुए। प्रदीप शर्मा ने जिले के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के कार्यों की स्व-सहायता समूहों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा बनाए उत्पाद मिक्चर-नमकीन, अगरबत्ती, ब्रेड-बेकरी, हर्बल पेंट, कोसा धागा, मशरूम, काफी कप जैसे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने गौठान से संबंधित मल्टिएक्टिविटी कार्य मुर्गी पालन,मछली पालन,सब्जी उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर से पेंट निर्माण, गौमूत्र से ब्रम्हास्त्र निर्माण के कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये । प्रदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को तराशने और उन्हें संगठित कर उपयुक्त मंच प्रदान किया जा रहा हैं। जिसके माध्यम से ग्राम स्तर पर युवा क्लब गठित कर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों के भागीदार बन रहे हैं। युवा ग्रामीण स्तर पर राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से छत्तीसगढियां खेल, पर्व, संस्कृति को सहेजने में भी अपनी महती भूमिका निभा रहे है। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों से विभागीय समन्वय के माध्यम से क्लब के सदस्यों द्वारा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की पहचान एवं योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने कहा। प्रदीप शर्मा ने समीक्षा के दौरान युवाओं को राजीव युवा मितान के उद्देश्य को बताते हुए सभी को समाज की सेवाभावना से कार्य करने कहा। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब द्वारा कराए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हमारे ग्रामीण खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं। उन्होंने युवाओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए नागरिकों प्रेरित करने कहा। श्री शर्मा ने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों से रूबरू होकर उनके सवालों का जवाब दिया तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के लिए प्रेरित करने कहा।

राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने बताया कि राजीव युवा मितान क्लब की माध्यम से युवाओं को प्लेटफार्म मिला है। जिससे युवाओं को गांव एवं समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने का अवसर मिला। इस अवसर पर सदस्य भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य श्रीमती मंजू सिंह, जिला पंचायत सभापति श्रीमती कुसुम कमल साव, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, विवेक सिसोदिया, देवेश सिंह, प्रशांत शर्मा, कमल साव, जिला समन्वयक राजीव युवा मितान क्लब सुश्री रोमा भारद्वाज, जिला पंचायत सीईओ आरके खूंटे, जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस उप संचालक जिला पंचायत अभिमन्यु साहू, उप संचालक कृषि एमडी मानकर, सर्व जनपद सीईओ, सहित राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष और समस्त सदस्य गण, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बदहाल सड़क के विरोध में निकाली गई पदयात्रा

### सप्ताह भर में मरम्मत नहीं होने पर झालरौंदा के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने की दी चेतावनी




**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। झालरौंदा से खम्हरिया होते हुए दर्राभांठा तक 7 किलोमीटर बदहाल सड़क की मरम्मत कराने की मांग को लेकर झालरौंदा व आसपास के लोगों ने झालरौंदा से दर्राभांठा तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया व नायब तहसीलदार ने 1 सप्ताह में सड़क मरम्मत कराने का लिखित आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

ग्राम झालरौंदा एवं आसपास के ग्रामीण 6 अक्टूबर की सुबह 10 बजे ग्राम झालरौंदा से पैदल मार्च करते हुए निकले, ग्राम खम्हरिया होते हुए 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाते हुए ग्रामीण दोपहर 2 बजे ग्राम दर्राभांठा चौक पहुंचे एवं अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए एक सप्ताह के अंदर ग्राम झालरौंदा से दर्राभांठा तक 7 किलोमीटर सड़क मरम्मत की मांग से संबंधित ज्ञापन मौके पर उपस्थित जैजैपुर नायब तहसीलदार एमके साहू को सौंपा। जिस पर नायब तहसीलदार एमके साहू ने जल्द मरम्मत कराने का मौखिक आश्वासन ग्रामीणों को दिया। नायब तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों को लिखित रूप से 7 दिवस के अंदर सड़क मरम्मत कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। झालरौंदा से दर्राभांठा तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन करने वालो में झालरौंदा सहित आसपास के ग्रामीण, सभी राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठन के पदाधिकारी, महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल थे। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए बाराद्वार टीआई गगन बाजपेई सदलबल मौजूद थे। प्रदर्शन करने बाराद्वार- जैजैपुर रोड पर बैठे ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करने वालों ने अधिकारी से लिखित आश्वासन की मांग की, जिस पर अधिकारी ने असमर्थता जताई। उसके बाद ग्रामीण नाराज होकर बाराद्वार जैजैपुर मुख्य मार्ग पर बैठ गए व चक्काजाम कर दिया। थोड़ी देर के बाद ही शासन प्रशासन हरकत में आया नायब तहसीलदार ने उच्चाधिकारियों से दिशा निर्देश लेते हुए पीडब्लूडी के एसडीओ से फोन के माध्यम से बात की व बताया कि पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने कहा है कि एक सप्ताह के अंदर दर्राभांठा चौक से खम्हरिया होते हुए झालरौंदा तक सड़क की मरम्मत का काम किया जाएगा।

## आधा दर्जन नर्सिंग होम संचालकों ने अब तक नहीं कराया रिन्यूवल

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के आधा दर्जन से अधिक नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। इन नर्सिंग होम संचालकों ने समय रहते अपना लाइसेंस रिन्यूवल नहीं कराया है। ऐसे में इन नर्सिंग होम को अवैध की श्रेणी में रख दिया है। हालांकि नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अफसरों द्वारा यह दलील दी जा रही है कि नर्सिंग होम संचालक अपना लाइसेंस का रिन्यूवल कराने कागजात जमा कर रहे हैं। कुछ कमियों की वजह से उनका लाइसेंस रिन्यूवल नहीं हो पाया है। ऐसे में जिले के आधा दर्जन नर्सिंग होम बिना लाइसेंस रिन्यूवल कराए संचालित कर रहे हैं।



गौरतलब है कि जिले में आधा दर्जन नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा है। इन्होंने सीएमएचओ कार्यालय में अपना आवेदन तो जरूर जमा किया है लेकिन कई तरह की खामियों की वजह से इनका लाइसेंस रिन्यूवल नहीं हो पाया है। आपको बता दें कि जिले में 102 नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलैब, एक्सरे व सोनोग्राफी सेंटर संचालित हैं। जिसमे से आधा दर्जन नर्सिंग होम व क्लीनिक अवैध रूप से संचालित हो रहा है। क्योंकि इन्होंने अब तक अपना लाइसेंस रिन्यूवल नहीं कराया है। इन्होंने अपना आवेदन सीएमएचओ आफिस में जरूर जमा कराया है लेकिन कई तरह की खामियां पूरा नहीं होने से आवेदन लंबित है। नर्सिंग होम संचालन के लिए एक विशेषज्ञ डॉक्टर का होना जरूरी है। जो नर्सिंग होम के 36 कंडिका को पूरा कराने समर्थ हो, लेकिन सीएमचओ कार्यालय में इसका काम एक क्लर्क के जिम्मे है। नोडल अफसर केवल फाइल में दस्तखत करता है। इस संबंध में संबंधित शाखा के क्लर्क का यह जवाब है कि जिनका लाइसेंस रिन्यूवल नहीं हुआ है उनका एप्लीकेशन ऑनलाइन जमा हो रहा है। सारे आवेदनों को इकट्ठाकर बल्क में जांच पड़ताल की जाती है और फार्म की जांच कर एकमुस्त कलेक्टर से अप्रुवल कराकर लाइसेंस रिन्यूवल किया जाता है।

## बोधीराम साहू प्रदेश संगठन सचिव बने

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ का गठन प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू,श्रीमति मोहनमती साहू , अखिल भारतीय तैलिक महासभा के राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष व तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू के अनुशंसा पर किया गया। जिसमे बोधी राम साहू को प्रदेश संगठन सचिव कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ का दायित्व प्रदान किया गया है। इन्हें यह दायित्व मिलने से साहू समाज के कर्मचारी अधिकारियों की समस्या का त्वरित निदान हो सकेगा वही संगठन में मजबूती आएगी।



### नव मतदाता सम्मेलन आज

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु) जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले युवा, नवमतदाता इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सासंद गुहाराम अजगल्ले, पद्मश्री अनुज शर्मा (छ.ग. सिने सुपर स्टार), भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजयुमों प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोरे इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## खेत से सबमर्सिबल पंप की चोरी, चार युवक गिरफ्तार

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। सबमर्सिबल पंप के साथ पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला पामगढ़ थाना का है। पुलिस के अनुसार रसौटा निवासी रामनाथ यादव पिता स्व. उदयराम यादव केखेत में 03 एचपी का सबमर्सिबल पम्प लोबी कम्पनी का लगा था जिसको 3 अक्टूबर की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया ।

रामनाथ यादव की रिपोर्ट पर पुलिस धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान संदेही रसौटा निवासी करन कुर्रे, संतोष दास मानिकपुरी , सोनू कुमार चौहान परमेश्वर कुर्रे को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। जिस पर उन्होंने 3 अक्टूबर की रात्रि 12 से 1 बजे के बीच लोहे के सब्बल से बोर से पम्प को उपर उठाकर तार को कटर सेकाट कर पम्प की चोरी करना स्वीकार किया । पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का एक नग सब मर्सिबल पम्प 3 एचपी एवं प्रयुक्त औजार को बरामद किया है। मामले में धारा 41 (1) के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपित करना कुर्रे के खिलाफ पूर्व में भी थाना पामगढ में वर्ष 2022 में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट एवं वर्ष 2020 में धारा 294,506,323 का अपराध दर्ज होने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था।

### सहायक संचालक के लिए आवेदन 5 से

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषि विपणन बोर्ड में सहायक संचालक और सचिव के कुल 30 पदों के लिए वैकेंसी निकली है। इनमें सहायक संचालक के 2, वरिष्ठ संचालक के 10 और कनिष्ठ संचालक के 12 पद शामिल हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए 5 नवंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## अनुकूल जीवन शैली की सीख नई पीढ़ी के लिये वरदान- बीईओ

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिशन लाइफ के तहत विकासखंड बम्हनीडीह के पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षको को शनिवार को बीआरसी भवन एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीईओ एमडी दीवान ने किया। अतिथि के रूप में एपीसी हरिराम जायसवाल, हेमा शर्मा उपस्थित थे। प्रशिक्षण स्वनीति ग्लोबल एसोसीएट्स के सौरभ प्रकाश एवं आँचल गोयल द्वारा दिया गया । इस अवसर पर बीईओ एमडी दीवान ने कहा कि बुनियादी स्तर से ही छात्रों को पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के प्रति जागरूक करना है ।यह मिशन लाइफ अनुकूल जीवन शैली की सीख नई पीढ़ी के लिये वरदान साबित होगी । बुनियादी स्तर पर छात्रों को सिखाया पढ़ाया जाएगा ।उन्होंने कहा कि जीवन शैली एक आदत है जो शुरू से जैसी बन जाती है वैसी ही अंत तक लगभग बनी रहती है । ऐसे में यदि छात्रों में शुरुआत से ही अनुकूल जीवन शैली के प्रति रुझान पैदा कर दिया जाय या फिर इसके फायदे और नुकसान के प्रति सचेत कर दिया जाय तो वे निश्चित ही अमल करेंगे । उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि प्रशिक्षण की बारीकियों को समझ कर स्कूलों में इसे अमल पर लाएंगे । प्रशिक्षक सौरव प्रकाश एवं आँचल गोयल ने जल सरंक्षण, कबाड़ से जुगाड़ , किचन गार्डन , स्वच्छता ,कचरा विभाजन आदि पर पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया । इस अवसर पर धन्य कुमार पांडेय , सुशील शर्मा , सीएसी धरमदास मानिकपुरी उपस्थित थे ।



## कोल्डिंग खरीदने पर फ्रिज मुफ्त बता ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोल्डिंग खरीदने पर एक फ्रिज मुफ्त मिलेगा कहकर पैसा लेकर ठगी कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी लखन लाल साहू उम्र 27 साल निवासी तागा थाना मुलमुला जो अपने गांव में किराना स्टोर्स दुकान चलाता है। 17 जून 2023 को सुबह करीबन 09.30 बजे अपने दुकान पर था तभी आरोपी रबदीप उर्फ हरदीप सिंह उम्र 23 साल निवासी राजकिशोर नगर सरकण्डा बिलासपुर दुकान पर पहुंचा और प्रार्थी को बोला कि 15,8,65 रूपए का कोल्ड्रिग खरीदने पर एक फ्रिज मुफ्त में मिलेगा, प्रार्थी द्वारा उनके बातों में आकर आर्डर दे दिया और 4000 रूपए नगद आरोपी को दे दिया। कुछ दिन बाद प्रार्थी आरोपी से उसके मोबाईल नं. से संपर्क किया गया तब मोबाईल बंद बताया। प्रार्थी अपने आप को ठगी होने का महसूस किये जाने से प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना में शिकायत की, मुलमुला में धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान आरोपी रबदीप उर्फ हरदीप सिंह उम्र 23 साल निवासी राज किशोर नगर सरकण्डा बिलासपुर को तलब कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि प्रार्थी लखन लाल साहू से 15865 रूपए का कोल्डिंग खरीदने पर एक फ्रिज मुक्त मिलेगा कहकर उनसे 4000 रूपए नगद लेना, जिसमें से 3500 रुपए को खर्च करना तथा 500 रुपए को पेश करने पर विधिवत बरामद किया गया है। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी को 06 अक्टूबर को धारा 41 (1) क जा. फौ. का नोटिस देकर कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई उपनिरीक्षक सागर पाठक, एसएसपी कपिल राम साहू, प्रमोद महर, आर.एस. द्वारा की गई। राजा जय प्रकाश रात्रे का योगदान रहा।



# बिना अनुमति डीजे बजा रहे संचालक पर लैलूंगा पुलिस ने की कार्रवाई




**रायगढ़** 07 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों पर पुलिस अब सख्त कार्रवाई करेगी। कल सुबह थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुबरा बस्ती में गांव के किसी कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे बजने से परेशान ग्रामीण द्वारा थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को सूचना दिया।

देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुये थाना प्रभारी द्वारा थाने के स्टाफ को मौके पर तस्दीक के लिये भेजा गया। जहां डीजे का संचालक निर्धारित मानक से काफी तेज, कर्कश व कर्णपीड़ा दायक आवाज में डीजे बजाता मिला जिसे संचालक को डीजे संचालन के संबंध में अनुमति पेश करने कहा गया। डीजे संचालक- सीताराम चैहान पिता चमार सिंह उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम सुबरा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ ने डीजे बजाने की कोई अनुमति नहीं होना बताया गया। लैलूंगा पुलिस ने मौके से ही डीजे संचालक के पास से 2 नग बेस बॉक्स, 4 नग डीजे बॉक्स, 1 नग मिक्सर मशीन (आहूजा कंपनी), 2 नग एम्पलीफायर, सम्पूर्ण साउंड सिस्टम कीमती करीबन 1,63,000- जप्ती कर थाना लाया गया। डीजे संचालक पर थाना लैलूंगा में कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा जनहित याचिका के संबंध में पारित आदेश 29 सितंबर अंतर्गत माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित आदेश दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा जिसमें विभिन्न क्षेत्र जैसे- औद्योगिक क्षेत्र, वाणिज्य क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र और शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र की रखे जाने वाली सीमा की जानकारी दिया गया तथा नियमों का पालन करने की समझाइश देकर सचेत किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर उन पर दंडात्मक कार्यवाही के साथ पुलिस कोलाहल अधिनियम के तहत एफआईआर एवं डीजे साऊड सिस्टेम की जप्ती कार्यवाही किया जाएगा।

इस संबंध में गत दिनों पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में अधिकारियों द्वारा डीजे संचालकों की मीटिंग लेकर नियमों का पालन करने की समझाइश दिया गया, साथ ही सचेत किया गया कि नियमों का पालन नहीं करने वाले कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी।** दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह देश पापुआ न्यू गिनी के मदांग के 63 किलोमीटर एसएसई में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.0 मापी गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। भूकंप आज सुबह आठ बजकर 34 मिनट पर आया था। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र 5.70 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 72.0 किमी की गहराई में स्थित था।

# गाजा से हमले के बाद युद्ध की स्थिति में इजरायल : नेतन्याहू

**तेल अवीब,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी की ओर से शनिवार सुबह किए गए रॉकेट हमले के बाद से इजरायल में वास्तव में युद्ध की स्थिति में है।

■ आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने का निर्देश दिया गया

श्री नेतन्याहू ने कहा, इजरायल के नागरिक! हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह कोई अभियान नहीं है...बल्कि एक युद्ध है। आज सुबह हमास ने इज़रायल और उसके नागरिकों पर आश्चर्यजनक तरीके से एक बड़ा हमला किया है। मैंने सुबह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को बुलाया और देश में घुसपैठ करने वाले उग्रवादियों के मद्देनजर आबादी वाले क्षेत्रों को खाली करने का निर्देश दिया। ऑपरेशन में कई घंटों से कार्रवाई की गयी है। मैंने व्यापक रूप से सैन्य भंडार की



व्यवस्था करने के भी आदेश दिये हैं। श्री नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा, दुश्मन को ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी जिसके बारे में उसने कभी नहीं सोचा होगा।

इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह कहा कि उग्रवादियों ने इज़रायल में घुसपैठ की और गाजा पट्टी से उसके क्षेत्र में 1,000 से अधिक रॉकेट दागे। घटना के बाद आईडीएफ ने हमास के खिलाफ 'आतंकवाद विरोधी' अभियान की घोषणा की। हमास आंदोलन की सैन्य शाखा अल-क़सम ब्रिगेड ने बदले में इज़रायल के खिलाफ ऑपरेशन की घोषणा की।

### गाजा से इजरायल में कर रहे आतंकवादी घुसपैठ : आईडीएफ

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि देश में आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से घुसपैठ की हैं। आईडीएफ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजरायल में घुसपैठ की है। सीमावर्ती इलाकों के स्थानीय निवासी आतंकवादियों को घरों में पनाह दे रहे हैं। इससे पहले की रिपोर्टों में कहा गया कि तेल अवीव में सायरन बज रहे थे, क्योंकि गाजा पट्टी से इजरायल की ओर कई रॉकेट दागे गए हैं। इजरायली हवाई सुरक्षा प्रणाली शहर के ऊपर पूरी तरह से निगरानी रखे हुए है।

## लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनाव कानूनों को संयुक्त राष्ट्र मिशन को भेजा



**त्रिपोली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। लीबिया संसद ने नव स्वीकृत चुनावों कानूनों को संयुक्त राष्ट्र मिशन को भेजा है। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे लीबियाई संसद से हाल ही में अनुमोदित राष्ट्रपति और राष्ट्रीय असेंबली चुनाव कानूनों का एक आधिकारिक ज्ञापन प्राप्त हुआ। यूएनएसएमआईएल ने बयान में कहा, यह लीबिया की संप्रभु संस्थाओं और राजनीतिक समाधानों के राष्ट्रीय स्वामित्व का सम्मान करता है। इस बात पर जोर देते हुए कि ये समाधान लीबिया में एक सुचारू चुनावी प्रक्रिया और स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सहमतिपूर्ण और कार्यान्वयन योग्य होने चाहिए। संसद ने सोमवार को औपचारिक सत्र के दौरान सर्वसम्मति से कानूनों को मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि लीबिया राजनीतिक दलों के बीच चुनाव कानूनों पर असहमति के कारण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर 2021 में आम चुनाव कराने में विफल रहा। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से, लीबिया बढ़ती हिंसा और राजनीतिक विभाजन के बीच लोकतांत्रिक परिवर्तन करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## नागरिकों पर हमास आतंकवादियों का हमला युद्ध अपराध है : इजरायली राजदूत

**नई दिल्ली।** इजरायल ने शनिवार को हुए अपने नागरिकों पर फिलीस्तीन के हमास आतंकवादियों के हमले को युद्ध अपराध करार दिया है और जवाब में ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन शुरू किया है। इज़रायल के राजदूत नाओर गिलोन ने हमास आतंकवादियों के खिलाफ शुरू ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन पर यहां एक बयान जारी किया है। श्री गिलोन ने कहा, इजरायल वर्तमान में समन्वित, बड़े और बहु-आयामी फ़िलिस्तीनी आतंकवादी हमलों को विफल करने के लिए लड़ रहा है। दक्षिण और मध्य इज़रायल के शहरों और गांवों में अपने बिस्तरों में शांति से सो रहे हमारे नागरिकों पर हमास द्वारा आज सुबह किए गए ये हमले युद्ध अपराध हैं। उन्होंने कहा, पवित्र यहूदी अवकाश सिमचट तोराह के दौरान हमास ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाने और उनकी हत्या करने , सैकड़ों नागरिकों को घायल करने और हमारे शहरों पर 2000 से अधिक मिसाइलों और रॉकेटों से अंधाधुंध गोलीबारी करने की कायरतापूर्ण कार्रवाइयाँ की हैं। राजदूत ने कहा, इज़रायल हमास आतंकवादियों के रॉकेट हमले और जमीनी घुसपैठ के इस संयुक्त हमले को विफल कर देगा और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के लिए कोई भी और सभी कार्रवाई करेगा। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई पर भारत की जनता के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्री गिलोन ने कहा, हम भारत के लोगों के समर्थन की सराहना करते हैं क्योंकि हम आतंकवाद के सामने मजबूती से खड़े हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 8 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष -आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रूप से अच्छा अनुभव करेंगे। आनंद का अनुभव होगा। रिश्तेदारों तथा पारिवारिक काम में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ घूमने जाएंगे। वित्तीय मामलों में ध्यान देना पड़ सकता है।

मिथुन -आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा। मित्रों और प्रियजनों से मिलकर खुशी अनुभव करेंगे।

कर्क -आज आप बहुत इमोशनल रहने वाले हैं। मित्रों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ किसी गहरी चर्चा में उतर सकते हैं। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा। शुभ प्रसंग में उपस्थित हो सकेंगे।

सिंह -मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

कन्या -आज आप अनेक तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। नौकरी में भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्रों के साथ रमणीय स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है।

तुला -आपके परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण रहेगा। नौकरी और ऑफिस में पदोन्नति होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना बनी रहेगी। माता से आर्थिक लाभ होगा। आप घर की सजावट का काम शुरू करेंगे।

वृश्चिक -आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु -आप वाणी पर नियंत्रण नहीं रखेंगे, तो किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज मन किसी चिंता में रहेगा। खर्च होने की संभावना है।

मकर -आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ -आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन -आज काल्पनिक दुनिया में विहार करना आपको पसंद आएगा। लेखन और साहित्य के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दक्षिण अफ्रीकी सैन्य अड्डे पर आग लगने से 6 सैनिकों की मौत

**केप टाउन,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप प्रांत में एक सैन्य प्रशिक्षण अड्डे में आग लगने से छह जवानों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान घायल हो गए। यह जानकारी दक्षिण अफ्रीकी सेना ने शनिवार को दी। दक्षिण अफ्रीकी सेना ने आज एक बयान में कहा कि देश के सबसे बड़े प्रांत उत्तरी केप में शुक्रवार को सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) में स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजकर 45 मिनट पर आग लग गई थी। बयान में कहा गया कि आग खदान की पश्चिमी सीमा से भड़की जो सैन्य लड़ाकू प्रशिक्षण क्षेत्र से सटा हुआ है। बयान के अनुसार दक्षिण अफ्रीकी सेना के जवान वर्तमान में अपने वार्षिक अभ्यास, अभ्यास वुकुहलोम की तैयारी के लिए आसपास के क्षेत्रों में तैनात हैं। इसके अलाव सेना के जवान उस क्षेत्र में भी तैनात थे जहां आग लगी थी। इस घटना में दक्षिण अफ्रीकी सेना के छह सैनिकों की मौत हो गई और अन्य तीन जवान झुलस गए है जिन्हें निकटतम अस्पताल भर्ती किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी सेना वर्तमान में स्थिति का आकलन कर रही है और घटना की विस्तृत जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। अभी जांच पड़ताल की जा रही है।

# यूक्रेन के लिए अमेरिका का समर्थन घटा

**वाशिंगटन,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष रिपब्लिकन केविन मैक्कार्थी रूस में चल रहे युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन के लिए देश की ओर से जारी फंडिंग को लेकर अपनी नौकरी गंवाने वाले पहले अमेरिकी बन गए हैं।

फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सुरक्षा सहायता, जो संचयी रूप से 43.9 बिलियन डॉलर है, खतरे में है। वार्षिक बजट के अभाव में अमेरिकी सरकार को नवंबर के मध्य तक चालू रखने के लिए हाल ही में पारित एक अस्थायी उपाय में यूक्रेन के लिए कोई विनियोग नहीं किया गया। अमेरिकी सेना के पास पहले से प्रतिबद्ध फंड में से 5.4 बिलियन डॉलर बचे हैं, लेकिन इसके जल्द ही खत्म होने की संभावना है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के साथ जब तक संभव हो खड़े रहने की शपथ ली है। उनका तर्क है कि यूक्रेन की रक्षा अमेरिका के व्यापक सुरक्षा हित में है।

उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि यह काफी हद तक हमारे हित में है। मैंने



■ बाइडेन व कई रिपब्लिकन अभी भी इसके पीछे

ऐसे गठबंधन बनाने में ढाई साल बिताए हैं, जिनके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। और उन्होंने हमें न केवल यूक्रेन से संबंधित, चाहे वह जापान और दक्षिण कोरिया हो, हर क्षेत्र में मजबूत किया है। वह युद्ध के लिए फंड जारी रखने के तरीके खोजने की कोशिश कर सकता है, लेकिन बजटीय सहायता के बिना फंड पर्याप्त नहीं हो सकता। रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सदस्य, जो प्रतिनिधि सभा और सरकार के पर्स-स्ट्रिंग्स को नियंत्रित करते हैं, यूक्रेन को फंड के निरंतर आवंटन का विरोध कर रहे हैं।

## मत सर्वेक्षण में ब्रिटेन में लेबर पार्टी की भारी जीत की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण के अनुसार, ब्रिटेन की लेबर पार्टी इस समय 1997 के पैमाने पर भारी जीत हासिल करने की ओर अग्रसर है। कंजर्वेटिव पिछले चुनाव में सुरक्षित रही अपनी हर सीट हार रहे हैं। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई।



ऑब्जर्वर द्वारा देखे गए निर्वाचन क्षेत्र-दर-निर्वाचन मॉडल के अनुसार, टोरीज़ अपने दक्षिणी गढ़ों में 20 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में हार सकते हैं और रिकॉर्ड-कम संख्या में सीटें हासिल कर सकते हैं।

उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन, रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स और नेतृत्व के दावेदार पेनी मोर्डौंट हार का सामना करने वालों में से हैं। गार्जियन की खबर के अनुसार, ऋषि सुनक जब तक लेबर की चुनावी बढ़त को रोक नहीं कर देते, तब तक लगभग 12 कैबिनेट मंत्रियों को पद से हटाया जा सकता है। मॉडल के केंद्रीय प्रक्षेपण के अनुसार, जो उन नई सीमाओं को ध्यान में रखता है, जिन पर अगला चुनाव लड़ा जाएगा, लेबर पार्टी 420 सीटें जीतेगी - जो कि 190 सीटों के भारी बहुमत के बराबर है। टोरीज़ को केवल 149 सीटें मिलेंगी और लिब डेम्स को 23।

नतीजे 1997 के %भूस्खलन% को दर्शाते हैं, जब टोनी ब्लेयर की पार्टी ने 418 सीटों के साथ 179 का बहुमत हासिल किया था।गार्जियन की खबर के अनुसार, नए विश?लेषण से यह भी पता चलता है कि जीवन यापन की लागत और एनएचएस की स्थिति मतदाताओं के लिए स्पष्ट प्राथमिकताएं बनी हुई हैं।

38 डिग्री अभियान समूह द्वारा कमीशन किया गया विशाल अध्ययन बतता है कि सर्वेशन पोलिंग कंपनी द्वारा 11,000 से अधिक मतदाताओं से बने मेगा पोल का उपयोग करके किया गया है।

## कनाडा में विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**ओटावा,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में हवाई अड्डे के पास एक छोटे विमान के शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त होने जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पाइपर पीए-34 सेनेका, एक दो इंजन वाला हल्का विमान, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग दो बजे (2100 जीएमटी), पर हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर दूर एक मोटल के बगल में गिर गया। दुर्घटना में पायलट सहित विमान पर सवार सभी लोगों की मौत हो गयी। इस बीच, कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांचकर्ताओं को नियुक्त किया है। स्थानीय अधिकारियों ने अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए हैं।



## आज का इतिहास

1931-भारतीय राजनीतिज्ञ पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य का जन्म।
1932-भारतीय वायुसेना का गठन।
1936-प्रसिद्ध हिन्दी कहानीकार और उपन्यासकार प्रेमचंद का निधन।
1965-डाकघर टॉवर लंदन में खोला गया।
1973-ब्रिटेन का पहला स?वतंत्र रेडियो स?टेशन एलबीसी शुरू हुआ।
1996-ओटावा में आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत।
1998-भारत %फ्लाइट सेफ्टी फ़ाउंडेशन% का सदस्य बना।
2000-वोजोस्लाव कोस्तुनिका यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने।
2001-इटली के मिलान हवाई अड्डे पर दो विमानों के आपस में टकरा जाने के बाद एक में आग लग गयी, जिससे 114 लोगों की मौत हो गई।
2002-पाकिस्तान ने शाहीन मिसाइल का पुन: परीक्षण किया।
2003-टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने ख़िताब पर कब्ज़ा जमाया।
2004-भारतीय गेहूँ पर मौनसेंटो का पेटेन्ट रद्द। शांति का नोबेल पुरस्कार केन्याई पर्यावरणविद वांगरी मथाई को।
2005-दक्षिण एशिया में आये एक भीषण भूकंप ने हज़ारों जानें ले लीं।
2007-बंगलादेश के पूर्व गृहमंत्री मोहम्मद नसीम को 13 साल क़ैद की सज़ा हुई।
2008-भारत के प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार केदार नाथ साहू का निधन।
2010-अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) 37 वीं विधानसभा मॉन्ट्रियल में शुक्रवार को समाप्त हो गई, जहां विमानन उत्सर्जन पर विकास किया गया था।
2011-शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त ने सूडान और दक्षिण सूडान के शरणार्थियों के लिए पश्चिमी इथियोपिया में एक नया शरणार्थी शिविर खोला।

**बयान** यूएनएचसीआर व आईओएम पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार

# अफगान शरणार्थियों के पंजीकरण में पाकिस्तान की मदद करेंगी

**इस्लामाबाद,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि वे अफगान नागरिकों का पंजीकरण और प्रबंधन में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी डॉन ने एजेंसियों के हवाले से शनिवार को दी। यह बयान पाकिस्तान में रहने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बीच आया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, पाक सरकार ने अफगान नागरिकों सहित बिना दस्तावेज वाले सभी प्रवासियों को 31 अक्टूबर तक पाकिस्तान छोड़ने का अल्टीमेटम जारी किया, अन्यथा उन्हें कारावास और अपने संबंधित देशों में निर्वासन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। यह निर्णय प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति की बैठक में लिया गया जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समिति ने निर्णय लिया कि सीमा पार आवागमन के लिए पासपोर्ट और वीजा अनिवार्य होगा, जबकि इलेक्ट्रॉनिक अफगान पहचानपत्र (या ई-तज़्किरा) केवल 31 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। समय सीमा की समाप्ति के बाद, अधिकारी आप्रवासियों की अवैध संपत्तियों और उनके स्वामित्व वाले



व्यवसायों या पाकिस्तानी नागरिकों के सहयोग से चलाए जा रहे व्यवसायों को लक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू करेंगे। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने पाकिस्तान के इस निर्णय को अस्वीकार्य करार दिया और अधिकारियों से नीति पर फिर से विचार करने का आग्रह किया।

■ अवैध प्रवासियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बीच आया बयान

संयुक्त राष्ट्र की दोनों एजेंसियों ने आज एक संयुक्त बयान में कहा कि पाकिस्तान के साथ उनका दीर्घकालिक और मजबूत सहयोग रहा है और वे अफगान नागरिकों का पंजीकरण और प्रबंधन के लिए एक व्यापक और स्थायी तंत्र विकसित करने में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए तैयार हैं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता हो सकती है। यूएनएचसीआर और आईओएम ने कहा कि वे पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वह उन सभी कमजोर अफगानों को सुरक्षा प्रदान करना जारी रखे, जिन्होंने देश में सुरक्षा की मांग की है और अगर उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया जाता है तो उन्हें आसन्न खतरा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने सभी देशों से आग्रह किया कि अफगान नागरिकों की जबरन वापसी को निलंबित करें और यह सुनिश्चित करें।

## सुडोकू 6340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6340

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**
१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन, केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१२. बंदीगृह
१५. धारण कर्ता
१६. चिढ़, घृणा (उर्दू)
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**
१. मंगलदायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

### वर्ग पहेली-6339

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बु | ल | २ बु | ल | ■ | ■ | ३ प्र | ति | ४ प | क्षी |
| झौ | ■ | न | ■ | ५ बु | लं | दी | ■ | रि | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | ला | ■ | ७ प | द | चि | न्ह |
| ल | ■ | ८ र | ९ थ | वा | ह | क | ■ | त | ■ |
| ■ | १० व | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ११ नृ | ■ | १२ ह |
| १३ ए | का | ए | क | ■ | १४ अ | ■ | १५ प | रा | स्त |
| ■ | सु | ■ | १६ ना | प | सं | द | ■ | ■ | र |
| १७ नी | र | व | ■ | ■ | भ | ■ | १८ ब | १९ र | खा |
| र | ■ | ■ | २० या | या | व | २१ र | ■ | फ्ता | ■ |
| २२ ज | ह | न्नु | म | ■ | ■ | २३ सा | धा | र | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6340 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 |

## दुनिया को जानें

### स्पेनिश अंतरिक्ष कंपनी ने देश के पहले रॉकेट प्रक्षेपण की घोषणा की

**मैड्रिड,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्पेन की निजी अंतरिक्ष कंपनी पीएलडी स्पेस ने शनिवार को कहा कि उसने देश का पहला सबऑर्बिटल रीयूजेबल रॉकेट, मिउरा 1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, स्पेनिश कंपनी पीएलडी स्पेस ने पहले निजी यूरोपीय रॉकेट, मिउरा 1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया है। सबऑर्बिटल लॉन्चर की पहली उड़ान तकनीकी और ज्ञान के उन्नत स्तर को दर्शाती है जिसे 2011 के बाद से कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। बयान के अनुसार, उड़ान 306 सेकंड तक चली, जिसके दौरान रॉकेट 46 किलोमीटर (28.5 मील) की ऊंचाई तक पहुंचा। रॉकेट अटलांटिक महासागर में उतरा और कंपनी इसे पुनर्प्राप्त करेगा। यह मिउरा 1 को प्रक्षेपित करने की पहली कोशिश नहीं थी। इससे पहले मई में, पीएलडी स्पेस ने घोषणा किया था कि तेज हवाओं के कारण वह मिउरा 1 का प्रक्षेपण रद्द कर रहा है। जून में, इसे इस चिंता के कारण रोक दिया गया था कि इससे जंगल में आग लग सकती है।

# खेल जगत

## गिल बीमार हैं, लेकिन टीम के बाहर नहीं : रोहित शर्मा

**चेन्नई,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां खेले जाने वाले मैच सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अभी बाहर नहीं किया गया है। एमए चिदम्बरम स्टेडियम में भारत रविवार को आईसीसी विश्व कप के अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया से टक्कर लेगा। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने कहा गिल की तबीयत ठीक नहीं है। हम उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। हम उन्हें ठीक होने का हर मौका देंगे। देखतें है कि मैच से पहले वह कैसा महसूस करते हैं। उन्हे अभी तक बाहर नहीं किया गया है। गिल की खराब सेहत से भारतीय खेमे में चिंता के सवाल पर उन्होने कहा ''नहीं, चिंता की बात नहीं है। मेरा मतलब है कि जाहिर तौर पर वह बीमार हैं। मैं चाहता हूं कि वह ठीक हो जाएं। वह युवा हैं। उनका शरीर फिट है इसलिए वह जल्दी ठीक हो जायेंगे।



# भारत ने कबड्डी के दोनों वर्गों में जीता स्वर्ण





**हांगझोउ,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा आज भारत ने महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया। पुरुषों के फाइनल में भारत ने ईरान को करीबी मुकाबले में 33-29 से परास्त कर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। 2018 में जकार्ता एशियाई खेल में भारत सेमीफाइनल में ईरान से हार गया था। इससे पहले बीजिंग 1990 में एशियन गेम्स में कबड्डी की शुरुआत के बाद से भारत ने सभी सात स्वर्ण पदक जीते थे। कप्तान फज़ल अत्राचली के नेतृत्व में मजबूत ईरानी डिफेंस ने जबरदस्त टैकल से भारत पर शुरुआत में दबाव बनाए रखा, हालांकि भारतीय कबड्डी कप्तान पवन सहरावत और रेडर नवीन कुमार ने लगातार अंक हासिल करिते भारत को मैच में बनाए रखा। उप-कप्तान सुनील कुमार के नेतृत्व में भारतीय डिफेंस ने ईरान को ऑल-आउट करने में मदद की और ब्रेक होने तक 17-13 के स्कोर के साथ चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। इस दौरान असलम इनामदार और नवीन कुमार ने भी महत्वपूर्ण रेडिंग अंक हासिल किए। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही कुछ अंक हासिल किए, लेकिन ईरान ने भारत को ऑल-आउट कर दिया और फुल टाइम के 10 मिनट पहले स्कोर 25-ऑल से बराबर कर लिया। इसके बाद पवन सहरावत ने भारत को आगे बढ़ाया और कप्तान फज़ल अत्राचली को रेड में आउट कर दिया। इसी के साथ भारत 28-25 से आगे हो गया। ईरान ने लगातार तीन अंकों के साथ वापसी की और सीटी बजने से केवल एक मिनट पहले स्कोर 28 की बराबरी पर था। डू या डाई की रेड में पवन सहरावत ने तीन अंक जीतकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी। हालांकि, मैच को निलंबित कर दिया गया क्योंकि रेफरी और टीमों ने पवन सहरावत की रेड पर हासिल किए अंकों पर स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद ईरान की ओर से अलीरेज़ा मिज़ेइयन रेड के लिए गए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें आउट कर दिया। अंतिम कुछ सेकेंड में नवीन कुमार अपनी रेड के साथ एक अंक जीतने में सफल रहे और इसी के साथ भारत ने जीत हासिल कर ली। इससे पहले भारत ने ग्रुप चरण में चार मैचों में से चार जीत के साथ अजेय रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया।

## महिलाओं ने चीनी ताइपे को दी मात

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को रोमांचक मुक़ाबले में चीनी ताइपे को 26-25 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। एशियाई खेलों के 72 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने पदकों की सेंचुरी पूरी की है। इसमें 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल है। इस बार एथलेटिक्स में प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है जिसमें अकेले भारत को 29 पदक मिले हैं जबकि शूटिंग में भारत के खाते में 22 पदक आये हैं। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत का तीसरा महिला कबड्डी खिताब था, जबकि चीनी ताइपे ने हांगझोउ में अपने 2018 के कांस्य को रजत में प्रोन्नत किया। स्वर्ण पदक मैच शुरुआती मैच की तरह ही कड़ा मुकाबला था। दूसरे हाफ में चीनी ताइपे ने भारतीय टीम को ऑलआउट कर दिया, हालांकि रेडिंग विभाग में भारत ने उन्हें पछाड़ दिया। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने इससे पहले हांगझोउ 2010 और इंचियोन 2014 में गोल्ड मेडल जीता था जबकि जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में टीम को ईरान के ख़िलाफ़ हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। पुष्पा राणा और पूजा हाथवाला ने भारत के लिए रेड की शुरुआत की। एशियन गेम्स 2023 कबड्डी के ग्रुप स्टेज मुक़ाबलों में भारत ने चीनी ताइपे के ख़िलाफ़ पहला मैच ड्रॉ (34-34) खेला, और उसके बाद दक्षिण कोरिया (56-23) और थाईलैंड (54-22) को हराया था।

### कुश्ती में पूनिया ने भारत के लिये जीता रजत

राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता दीपक पूनिया को एशियाई खेल में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती वर्ग के खिताबी मुकाबले में शनिवार को ईरान के हसन यज़दानी से हार कर रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ भारत ने कुश्ती में एक रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया।

रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता ईरान के हसन यज़दानी ने पहले चरण में ही आठ अंक की बढ़त बना ली थी। पूनिया ने दूसरे राउंड में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन ईरानी पहलवान अपने एशियन गेम्स के खिताब का बचाव करने में सफल रहे।

दीपक पूनिया ने इससे पहले राउंड ऑफ 16 में अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर इंडोनेशिया के रैंडा रियानडेस्टा पर जीत हासिल करते हुए की थी। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में जापान के शोता शिराई को 7-3 से हराया और फाइनल में जगह बनाने के लिए बहरीन के मैगोमेद शारिपोव को 4-3 से मात दी।

# भारत की महिला हॉकी टीम ने जापान को 2-1 से हरा एशियाई खेलों में जीता कांसा



- भारत के लिए दीपिका व सुशीला चानू ने किया एक-एक गोल

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपिका और अनुभवी सुशीला चानू के एक-एक गोल की बदौलत पिछली उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम ने पिछले चैंपियन जापान को हंगजू(चीन) में शनिवार को रोमांचक संघर्ष में 2-1 से हरा कर कांसा जीत लिया। पराजित जापान के लिए एकमात्र गोल दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले यूरी नगई ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। भारत की महिला हॉकी टीम ने मेजबान चीन से सेमीफाइनल में 0-4 से हार के साथ सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के क्वॉलिफाई करने का सपना टूटने के बाद शनिवार को एक पायदान नीचे खिसकने के बावजूद कांसा जीत का सम्मान बचा लिया।

भारत की लड़कियों की तारीफ करनी होगी कि चीन के हाथों सेमीफाइनल में हार के सदमे को दरकिनार जापान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए खेले मैच में उन्होंने गेंद को कब्जेश में रख आक्रामक हॉकी खेलने पर ध्यान दिया। दीपिका ने मैच के पांचवें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। भारत को इसके साथ ही पहले क्वॉर्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर भी मिले लेकिन वह एक को भी गोल में नहीं पाया। जापान ने बराबरी पाने की कोशिश में अपने हमले तेज कर दिए। भारत ने अपनी रणनीति बदल कर गेंद को कब्जे में रखने और जवाबी हमले बोलने की कोशिश की। कप्तान यूरी नगई ने मैच के 30 वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल जापान को एक-एक की बराबरी दिला दी।

जापान ने हाफ तक एक की बराबरी पाने के बाद तीसरे क्वॉर्टर में हमलों का तांता बांध दिया लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी उसकी गोल करने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया। भारत ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बढ़त लेने के लिए अपने हमले तेज कर दिए । भारत ने चौथे क्वॉर्टर के शुरू में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इस पर उपकप्तान ड्रैग फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के शॉट को जापान की गोलरक्षक इका नकामुरा ने रोक बेकार कर दिया। भारत को खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस दीप ग्रेस एक्का ने सीधा शॉट लेने की बजाय गेंद को सुशीला की ओर बढ़ाई और उन्होंने चतुराई से गेंद को गोल में डाल भारत को 2-1 से आगे कर दिया। भारतीय महिला टीम ने बढ़त लेने के बाद अपने हमले जारी रखे और लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन इनका लाभ नहीं उठा सके। जापान ने बराबरी पाने की जुगत में जवाबी हमले बोले लेकिन भारत की रक्षापंक्ति ने उनकी हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत ने अपनी 2-1 की बढ़त को आखिर तक बरकरार रख जीत के साथ कांसा अपने नाम किया।

हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों में कांसा जीतने पर वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को तीन-तीन लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ की हर सदस्य को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के इनाम की घोषणा की।

# तीरंदाजी में भारत ने कंपाउंड स्पर्धा में किया क्लीन स्वीप

**हांगझोउ** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस प्रवीण देवताले ने एशियन गेम्स की तीरंदाजी स्पर्धा में भारत के लिये महिला और पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते जबकि अभिषेक वर्मा ने रजत और अदिति गोपीचंद स्वामी महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।

तीरंदाजी में भारत के खाते में अब तक नौ पदक आये है जिसमें से सात पदक कंपाउंड तीरंदाजों ने अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही भारत ने इस कैटेगरी को सभी पांच स्वर्ण पदकों के साथ क्लीन स्वीप किया।

ज्योति सुरेखा ने महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में दक्षिण कोरिया की चेवोन सो को 149-145 से हराकर तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले वह महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भी स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।




पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में ओजस प्रवीण देवताले ने हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिषेक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, वहीं अदिति गोपीचंद स्वामी ने महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में इंडोनेशिया की रतिह ज़िलीज़ाती फादली को 146-140 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सात्विक-चिराग ने भारत को दिलाया ऐतिहासिक स्वर्ण

**हांगझोउ** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे 19वे एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम सफर जारी है। भारत ने शनिवार को न सिर्फ पदक तालिका में पहली बार 100 के पार पहुंचने का रिकार्ड बनाया बल्कि एशियाई खेलों में पहली बार बैडमिंटन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

बैडमिंटन के पुरुष युगल फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने दक्षिण कोरिया के चोई सोल्ग्यू और किम वोन्हू को 21-18, 21-16 से हराकर एशियाई खेलों में भारत के लिये पहला बैडमिंटन स्वर्ण पदक जीता। ज्ञातव्य है कि इससे पहले भारत ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता था। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने जकार्ता 2018 एशियन गेम्स में महिला एकल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 56 मिनट के खेल में 21-18, 21-16 से हरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। चोई और किम ने भारत की शीर्ष वरीय जोड़ी का साहस के साथ मुकाबला किया। इस बीच सात्विक और चिराग ने कुछ अच्छे ड्रॉप शॉट, स्मैश और बैकहैंड शॉट लगाते हुए पहला गेम 29 मिनट का समय लेकर 21-18 से अपने नाम किया। दूसरा गेम भी बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने लगातार बेहतरीन प्रयास किए लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने विरोधी जोड़ी के ख़िलाफ़ ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाए रखी। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद लगातार कई शानदार शॉट लगाते हुए विरोधी टीम को ग़लती करने के लिए मज़बूर किया। चोई सोल्ग्यू और किम वोन्हू ने ब्रेक के बाद अपने स्कोर में 8 अंक का इज़ाफ़ा ज़रूर किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाने के लिए दूसरे गेम को 21-16 से जीत लिया।



# अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश को मिली आसान जीत



**धर्मशाला** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेहदी हसन मिराज (57 रन और 25 रन पर तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को यहां आईसीसी विश्व कप मुकाबले में अफगानिस्तान को 92 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये 37.2 ओवरों में 156 रन पर सिमट गयी। बांग्लादेश ने जीत का आसान लक्ष्य 34.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। बांग्लादेश की आसान जीत के नायक मेहदी हसन मिराज बने जिन्होने पहले अफगानिस्तान के कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (18),राशिद खान (9) और मुजीब उर रहमान (1) का विकेट लिया और बाद में अर्धशतकीय पारी खेल कर अपनी टीम की जीत को और आसान बना दिया। उन्हे प्लेयर आफ द मैच चुना गया। नजमुल शान्तो 59 रन बना कर नाबाद लौटे। उन्होने मिराज के साथ 97 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी की जब टीम 27 रन पर दो अहम विकेट गंवा कर कुछ मुश्किल में फंस चुकी थी। इससे पहले इब्राहम जरदान (22) और रहमत शाह (18) ने अफगानिस्तान को संतुलित शुरूआत दी थी। जरदान के आउट होने के बाद कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (18) ने शाह के साथ मिलकर टीम के स्कोर को एक विकेट पर 83 तक पहुंचा दिया था।

# भारत की क्रिकेट टीम ने बेहतर वरीयता के आधार पर जीता स्वर्ण




- भारत व अफगानिस्तान में बाारिश के चलते फाइनल बेनतीजा अधूरा समाप्त
- बारिश से खेल रोके जाने पर अफगानिस्तान ने बनाए 18.2 ओवर में 5 विकेट पर 112

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत और अफगानिस्तान के बीच हंगजू(चीन) में एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट टीम के बीच फाइनल को बारिश के चलते बेनतीजा अधूरा समाप्त कर दिया। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने बारिश के चलते फाइनल के बेनतीजा अधूरा समाप्त होने पर अपनी बेहतर वरीयता के आधार पर स्वर्ण जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने भी एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था,।

अफगानिस्तान को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। बारिश के कारण फाइनल अधूरा खत्म नहीं किया जाता तो जिस तरह भारत जिस तरह रंग में था उससे यदि उसके खिलाफ शनिवार को फाइनल बारिश के कारण 18.2 ओवर में अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 112 रन पर रोका था वह बेशक मैदान पर फाइनल में भी अपने दमदार प्रदर्शन को जीत का हकदार था। भारत की अनुशासित गेंदबाजी के सामने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर अफगानिस्तान ने 10.5 ओवर में पांच मात्र 52 रन पर खो दिए । शाहिदुल्लाह (अविजित 49 रन दो छक्के, तीन चौके) और कप्तान गुलाबदीन नायक (अविजित 27 रन, 24 गेंद, दो छक्के, एक चौके) की छठे विकेट की 60 रन की असमाप्त भागीदारी से 18.2 ओवर में खेल रोके जाने के समय पांच विकेट पर 112 रन बनाए थे। भारत के ऑलराउंडर तेज गेंदबाज शिवम दुबे की तेजी से उछली गेंद को सलामी बल्लेबाज जुबैद अकबरी(5) को उड़ाने के फेर में मिड ऑन पर अर्शदीप को कैच थमाया जबकि मोहम्मद शाहजाद(4) ने अर्शदीप की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला चला विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच थमा दिया।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेपॉक में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूरे रंग में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का डेंगू की चपेट में आने के कारण दुनिया की नंबर वन टीम मेजबान भारत के लिए इतिहास में सबसे ज्यादा पांच बार खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में रविवार को 2023 के आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के पहले मैच में बाहर होना लगभग तय है। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ भले ही यह कहे कि शुभमन गिल बेहतर महसूस कर रहे हैं %मेडिकल टीम उनके बाबत फैसला लेगी' बहुत कुछ बयां कर देता है। सच तो यही है कि शुभमन के रविवार को खेलने की संभावना न के ही बराबर है। शुभमन नेइस साल वन डे अंतर्राष्ट्रीय में पांच शतक सहित सबसे ज्यादा 1230 रन बनाए ही हैं पिछले चार मैचों में उनके दो शतक और दो अर्द्धशतक इस बात का सुबूत है कि वह टीम इंडिया के लिए वाकई बेहद अहम हैं। शुभमन अपने सलामी जोड़ीदार कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के साथ बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में भारत की धुरी हैं और बतौर टीम संतुलन और संयोजन के लिहाज से बेहद अहम हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चेपॉक में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। भारत को अपने दर्शकों और चेन्नै की पिच से बेहतर वाकिफ होने का लाभ मिलेगा। भारत को अपना ध्यान बदकिस्मती से शुभमन गिल के अस्वस्थ होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार के मैच के लिए उपलब्धता की बजाय मैच के मिजाज के मुताबिक बेहतरीन एकादश चुनने पर लगाना चाहिए।

मेजबान भारत खुशकिस्मत है कि शीर्ष क्रम में रोहित के सलामी जोड़ीदार के रूप में शुभमन गिल की तरह ही अपने छोटे वन डे अंतर्राष्ट्रीय करियर में दोहरा शतक जडने् वाले इशान किशन तो हैं ही विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के रूप में दो बेहतरीन विकल्प हैं। इशान किशन का शुभमन की जगहकप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने और भारतीय एकादश में जगह पाने का इसलिए सबसे मजबूत है कि क्योंकि उन्होंने वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 210 रन का सर्वाधिक स्कोर बतौर सलामी बल्लेबाज ही बनाया है। खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल और लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत में आईपीएल में लंबे समय से खेलने के कारण इसके मिजाज से खासे वाकिफ हैं।

- भारत के पास इशान व केएल राहुल के रूप में हैं बेहतरीन विकल्प
- भारत को ध्यान बेहतरीन एकादश चुनने पर लगाना चाहिए




मनिंदर सिंह ने मौजूदा वन डे विश्व कप के शुरू होने से ठीक पहले मुझे दिए इंटरव्यू में कहा था कि टीम इंडिया हर लिहाज से बेहद संतुलित है बस वह कामना करते हैं कि चोट से उबरने वाले खिलाड़ियों की चोट इस दौरान न उबरे और टीम का हर क्रिकेटर एकदम फिट रहे अन्यथा दीवार में एक ईंट के निकलने की स्थिति में पूरी दीवार के भरभरा कर गिरने की आशंका बन जाती है। मनिंदर चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में भारत %टाई' रहे टेस्ट और 1987 में उससे रिलायंस वन डे विश्व कप में मात्र एक रन से हारने वाली टीम में अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। मनिंदर सिंह का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 के वन डे विश्व कप का मैच पिछले मैचों की तरह रोमांचक रहने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार एलन बॉर्डर की कप्तानी में वन डे विश्व कप जीता था।

## सार संक्षेप

### तीन दशक बाद जम्मू में दिखेगा दिग्गज क्रिकेटरों का जमावड़ा

**श्रीनगर।** तीन दशक से भी ज्यादा समय के बाद जम्मू के क्रिकेट प्रेमी लीजेंड लीग के जरिये दिग्गज क्रिकेटरों के प्रदर्शन के गवाह बनेंगे। मौलाना आज़ाद स्टेडियम पर लीग के तीन मुकाबले खेले जायेंगे। लीजेंड लीग के अधिकारियों ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर के बीच खेली जाने वाली प्रतियोगिता के सभी 19 मैच जम्मू,रांची,देहरादून,विजाग और सूरत में होंगे जबकि फाइनल सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तवी नदी के किनारे स्थित मौलाना आज़ाद स्टेडियम की दर्शक क्षमता 2 हजार है। यहां आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 19 दिसंबर 1988 को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह स्टेडियम जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के घरेलू मैदानों में से एक है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट आगामी सीज़न के लिए जम्मू शहर में अपने पैर फैला रहा है। जम्मू में यह कदम क्रिकेट को देश के हर कोने तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### अमित रोहिदास को 1.5 करोड़ रुपये देंगे नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** एशियाई खेल में हॉकी में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य अमित रोहिदास को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने डेढ़ करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने ओडिशा के सुंदरगढ़ के निवासी डिफेंडर-ड्रैगफ्लिकर अमित रोहिदास को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें न केवल ओडिशा बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत बताया। उन्होने कहा अमित रोहिदास की उल्लेखनीय उपलब्धि दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना का उदाहरण हैं। वह हमारे राज्य और उससे बाहर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए आशा और गर्व का प्रतीक बन गए हैं। उनकी सफलता की कहानी महानता हासिल करने के प्रयास कर रहे हर व्यक्ति के साथ मेल खाती है। उनकी उपलब्धियों पर हमे बेहद गर्व है। अमित रोहिदास ने टोक्यो ओलंपिक 22 में कांस्य पदक अर्जित किया था। अमित ने राउरकेला के पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में अपने असाधारण कौशल को निखारा। मौजूदा एशियाई खेल में कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके निर्णायक गोल ने भारतीय टीम को फाइनल और स्वर्ण पदक की ओर प्रेरित किया।

# साहित्य

# फिल्म 'स्वामी' : गणेश आचार्य

■ अजय चन्द्रवंशी



यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।

निम्न मध्यमवर्गीय दाम्पत्य में जितना अगाध प्रेम होता है उतना ही कठिन जीवन संघर्ष।प्रेम संघर्ष की राह में सुकून पहुंचाता है मगर इससे भौतिक परिस्थितियां बदल नहीं जातीं। इसलिए आदमी जब 'बड़ा' सपना देखता है तो उसका फलित होना बहुत बार जीवन से बड़ी कीमत वसूल लेता है।
दरअसल 'बड़ा' सपना भी अक्सर प्रभु वर्ग द्वारा प्रचारित 'सपना' होता है जिससे निम्न मध्यमवर्ग सामान्यत: प्रभावित रहता है। इस 'सपने' में मुख्यत: 'गाड़ी–मोटर–बंगला,विदेश में नौकरी,'लक्जिरिअस लाइफ' के लक्ष्य होते हैं। सुख–सुविधाओं के आधुनिक साधन प्राप्त करने में कोई बुराई नहीं है मगर प्रभुवर्ग के तमाम मानक जरूरी नहीं कि सार्थक हों। मसलन इस फ़िल्म में 'राधा' को टीवी में दिखाए दृश्य से प्रभावित होकर अपने बच्चे को अमेरिका में नौकरी कराने का सपना देखती है। वहां नौकरी करने में कोई बुराई नहीं मगर राधा के पास वह दृष्टि नहीं है जिससे वह समझ पाये कि अच्छी नौकरी अपने देश मे की जा सकती है और जीवन की सार्थकता सिर्फ अमेरिका में नौकरी से नहीं है।
फ़िल्म में राधा और उसके पति स्वामी में अगाध प्रेम है। कम सुविधाएं उनके सहज जीवन में कोई बाधक नहीं है। विवाह के दस वर्ष बाद एक बेटा होता है,जो कुछ जुटाना है सिर्फ उसके लिए। उसकी पढ़ाई अच्छी हो इसके लिए गांव छोड़ शहर आते हैं। साधन कम होने के बाद भी महंगे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में उसे पढ़ाते हैं। बेटा भी लायक निकलता है।
स्वामी ने अभाव में जीवन जिया है। उसकी मां एक ज़मीदारनुमा अमीर के यहां काम करती थी। स्वामी को उसकी लकड़ी की आराम कुर्सी बहुत आकर्षित करती थी। एक बार बिना पूछे उसमे बैठ जाने के कारण ज़मीदार ने उसे अपमानित कर उठा दिया था। अवश्य इसका प्रभाव उसके बालमन में पड़ा होगा। ऐसी कुर्सी के प्रति आकर्षण स्वामी के अंदर जीवनभर रहा। वह जब भी ऐसी कुर्सी देखता उसका मन मचल जाता था,लेकिन आर्थिक स्थिति उसको खरीदने लायक नहीं रहती थी। राधा उसके ललक को ताड़ गई थी,इसलिए अपने ऑपरेशन के लिए जमा पैसे से उसके लिए ऐसी कुर्सी खरीद देती है।
यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।
राधा स्वामी से बहुत प्रेम करती है और जानती है कि स्वामी भी उससे उतना ही प्रेम करता है। वह स्वामी के वैसी कुर्सी के प्रति ललक को कई बार ताड़ती है मगर उसके महंगे होने का अहसास उसे भी है। इधर जब वह बीमार होती है और उसके ऑपरेशन के लिए स्वामी दिन–रात मेहनत कर पैसे इकट्ठा करते रहता है तो इस पैसे से उसके द्वारा बिना स्वामी को बताए कुर्सी खरीद लेना न केवल असहज लगता है बल्कि अविश्वसनीय भी। सच है स्वामी ऐसा करने से उसे मना कर देता क्योंकि राधा की ज़िंदगी से बढ़कर कुर्सी उसके लिए कभी नहीं हो सकती थी।
कहा जा सकता है कि राधा को यह अहसास हो गया होगा कि वह इस बीमारी से नहीं बच पाएगी और ऑपरेशन सफल नहीं हो पायेगा।इस तरह राधा स्वामी को उस कुर्सी में बैठा देखकर सुकून से आँखे मूंद लेती है।
स्वामी राधा के इच्छानुरूप आनंद की परवरिश कर उसे काबिल बनाता है। वह एक बैंक में नौकरी करता है और खुश है मगर माता–पिता के सपने पूरा करने के लिए अमेरिका जाने का प्रयास करते रहता है।आनंद पिता के संघर्ष को जानता है और उसका सम्मान करता है। इधर उसका विवाह होता है और बेटा हो जाता है। उसकी पत्नी पूजा सहृदय है और स्वामी का आदर करती है। आनंद–पूजा का संतान आदर्श है। स्वामी अपने पोते को जी–जान से चाहता है।
पुजा को स्वामी के पुरानी कुर्सी के प्रति प्रेम का अहसास है इसलिए वह उसे कभी डिस्टर्ब नहीं करती,मगर एक बार जब आदर्श उससे उलझकर गिर जाता है तो वह आहत हो जाती है और स्वामी से कुछ देर के लिए असामान्य व्यवहार करती है और ग़ुस्से में कुर्सी को एक कबाड़ी वाले के पास बेच देती है।मगर जल्दी ही उसे अपनी गलती का अहसास हो जाता है और वह कबाड़ी के पास उसे वापस लेने जाती है मगर तब तक देर हो चुकी होती है।कुर्सी वहां नहीं मिलती। स्वामी आहत होता है मगर ख़ुद को सम्हाल लेता है। आनंद भी परेशान होता है मगर स्वामी दोनो को समझाकर उनको सामान्य करता है।
फ़िल्म के क्लाइमेक्स में आनंद को अमेरिका में नौकरी मिल जाती है,मगर पिता को ले जाने की अनुमति नहीं मिलती । वह पिता के बिना नहीं जाना चाहता मगर स्वामी अंतत: उसे और पूजा को जाने के लिए मना लेता है। वह स्वयं अपने लिए एक वृद्धाश्रम का चुनाव करता है।
जब आनंद–पूजा–आदर्श की कार चली जाती है तो स्वामी को वृद्धाश्रम के एक कमरे में जाते दिखाया जाता है। वह जब कमरे का दरवाजा खोलता है तो उसे अपनी वही कुर्सी दिखाई देती है। एक क्षण उसके चेहरे में कई तरह के भाव उभरते हैं।पुरानी स्मृतियां कौंध जाती हैं और उसे राधा की याद आती है। वह कुर्सी से लिपटकर चीखकर रोने लगता है।उसकी सारी दबी भावनाएँ उभर आती हैं और यहीं पर फ़िल्म समाप्त हो जाती है।
इस तरह फ़िल्म के आख़िर में स्वामी के साथ केवल राधा की याद रह जाती है। मानो इस दुनिया मे अब उसका काम पूरा हो गया है और अब उसे राधा के पास जाना है! फ़िल्म में केन्द्रीयता राधा और स्वामी के प्रेम की ही है। बच्चे को पढ़ा–लिखाकर अमेरिका भेजना भले 'बाज़ार' का प्रभाव हो मगर वे निश्छल लोग हैं, ईमानदारी और प्रेम उनकी स्वाभाविक वृत्ति है। उन्होंने जिस परिवेश में जीवन जिया है,वह बहुत हद तक अभाव की दुनिया है और इसकी पूर्ति की इच्छा मानवीय लक्षण है।

उर्दू व्यंग्य रचना

# बोलने से लेकर चुप्पी तक

मूल लेखक : रामलाल नाभवी



अनुवाद
अखतर अली

बच्चा पैदा होते ही बोलता है उस समय उसके पास भाषा नहीं होती इसलिये रो कर बोलता है। रो कर बोलता है कि मैं ठीक हूँ फिर जीवन भर बोलते बोलते रोता है कि मैं ठीक नहीं हूँ। बच्चा नहीं बोलता तो उसको उल्टा लटका देते है बाद में जब वह ज़्यादा बोलता है तो मन करता है सीधा लटका दे।

जब तक पैदा हुआ बच्चा चिल्लाता नहीं है डाक्टर नर्स रिश्तेदार सब चिल्लाते है और जैसे ही बच्चा चिल्लाता है मुबारक मुबारक का शोर मच जाता है। ज़िन्दगी की शुरुआत ही चीख पुकार से होती है जो मृत्यु तक जारी रहती है।

धीरे धीरे बच्चा बड़ा होने लगता है अभी उसे बोलना नहीं आया है लेकिन सब चाहते है वह बोले। उसे बोल बोल कर बोलना सिखाया जाता है। वह देर से बैठना सीखे , देर से चलना सीखे यह मंज़ूर है लेकिन देर से बोलना सीखे यह स्वीकार नहीं है। उसे बुलवाने के लिए सब उसके सामने बोलते है और जब वह खूब बोलने लगता है तब उसके सामने आने से भी घबराते है। जब बच्चा बोलना शुरू करता है तब मां बाप दादा दादी बोलने की ख़ुशी का इज़हार बोल बोल कर करते है। पैदा होने के बाद बोलना शुरू नहीं होता तो मां बाप डाक्टर की तरफ़ दौड़ते है और बुढ़ापे में जब बोलना बंद हो जाता है तब उसके बच्चे डाक्टर की तरफ़ भागते है।

बोलना शुरू होने से ज़्यादा डरावना बोलना बंद हो जाना है। ज़िन्दगी बोलने से ज़िन्दगी है।

बच्चा बचपने की हद से आगे बढ़ा तो उसे पढाई और केरियर से संबंधित बाते बोल कर पूछी गई जिसका जवाब उसने बोल कर दिया। वह जवाब में न बोले तो बोलते है बुद्धू , भोंदा और भकवा है , पलट कर जवाब दे तो बोलते है बत्तमीज़ है , संतुलित बोले तो बोलते है सियाणा छुपा रुस्तम है। ज़्यादा बोलेगा तो बोलेगे बोलता है।

बोलना एक आर्ट है जो बोलकर ही सीखा जा सकता है। उपदेशक को सुनो तो पहले तो लगता है इन्हें बोलने के अलावा और कोई काम नहीं लेकिन गौर करो तब महसूस होता है अच्छे को अच्छे से बोलना भी एक काम है। ज़िन्दगी के खेत में बोलना खाद है , बोलने से जीवन पनपता है। अच्छे से बोलने के कारण इंसान वकील बन सकता है , लेक्चरर बन सकता है , एम. एल. ए. बन सकता है , एम. पी. बन सकता है , मंत्री बन सकता है , उपदेशक बन सकता है। समिति , पार्टी और देश का प्रेसिडेंट बन सकता है , ज़िंदगी बोलने से निखरती है।

बुज़ुर्ग जवानों को ज्ञान देते है कि कम बोला करो ख़ुदा को भी ज़्यादा बोलने वाले पसंद नहीं है इसलिए उसने इंसान को ज़बान एक और कान दो दिये है ताकि बोलो कम सुनो ज़्यादा। इस बात पर एक बेहतर बोलने वाले ने बड़े मियाँ को समझाते हुए कहा ङ्क उपर वाले ने ज़बान को दोनों कान के बीच रखा है ताकि उसकी बात दोनों कान साफ़ साफ़ सुने और सुनने का मज़ा ले सके। दोनों कान ज़बान से छोटे है छोटे छोटे कान और गज़ भर की ज़बान। छोटी सी ज़बान इतना बोल सकती है कि सुन सुन कर कान थक जाये पर बोलते बोलते ज़बान न थके। इंसान एक ज़बान से कई ज़बाने बोल सकता है और सुनते है कि बोले गये शब्द हवा में तैरते रहते है , इन्हें लिख कर , रिकार्ड कर के बाकी रखा जा सकता है लेकिन कान का क्या वह तो बात एक कान से सुन कर दूसरे कान से निकाल भी देता है। ज़बान देना जानती है और कान बस लेना। मुंह में ज़बान दी ही इसलिये गई है ताकि हम बोले इसलिये ही न बोलने वाले भी यह बोलते सुने गये है कि हम भी मुंह में ज़बान रखते है।

इंसान जिस ज़बान की मदद से बोलता है वह ज़बान रहती तो छोटे से घर में है लेकिन बोलते हुए बहुत बड़ा दायरा कवर करती है। इस ज़बान पर किसी का नियंत्रण नहीं होता। यह जैसे चाहे चलती है , न बोलने वाली बात भी बोल सकती है , आहिस्ता तेज़ और रुक रुक कर बोल सकती है। शराफ़त और बत्तमीज़ी का प्रदर्शन कर सकती है। राज़ उलट सकती है बोल कर पलट सकती है। यह ज़बान की ही हिम्मत है कि वह तेज़ और नुकीले बत्तीस दांतों के बीच भी हिम्मत के साथ रहती है।

अब इंसान बूढ़ा हो गया दुनियां से वापसी का वक्त आ गया। आगमन बोलने से और प्रस्थान चुप हो जाने से होता है. मैं आपके लिए अभी और बोलता लेकिन मेरे को कहीं और भी बोलने जाना है इसलिए बोलने के लिए बोलना बंद कर रहा हूँ। यहां से कहीं और फिर वहां से कही और बोलने जाना है चारो ओर मेरा बोल बाला है।

ग़ज़ल

# सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया

■ अब्दुल अहद साज़

सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया
जब भी आईना देखा ख़ुद को दूसरा पाया

होंट पर दिया रखना दिल–जलों की शोख़ी है
वर्ना इस अँधेरे में कौन मुस्कुरा पाया

बोल थे दिवानों के जिन से होश वालों ने
सोच के धुँदलकों में अपना रास्ता पाया

एहतिमाम दस्तक का अपनी वज़' थी वर्ना
हम ने दर रसाई का बार–हा खुला पाया

फ़लसफ़ों के धागों से खींच कर सिरा दिल का
वहम से हक़ीक़त तक हम ने सिलसिला पाया

'उम्र या ज़माने का खेल है बहाने का
सब ने माजरा देखा किस ने मुद्द' आ पाया

शायरी तलब अपनी शायरी 'अता उस की
हौसले से कम माँगा ज़र्फ़ से सिवा पाया

'साज़' जब खुला हम पर शेर कोई 'ग़ालिब'का
हम ने गोया बातिन का इक सुराग़ सा पाया

लघु कथा

# दग्ध बीज



डॉ श्यामबाबू शर्मा

इंदू मैम के स्थानांतरण के बाद कुछ दिन तक अरेंजमेंट से क्लासेज चलती रहीं। जब कोई मुस्तकिल न आया तो संविदा में आराध्या ने ज्वाइन किया। अप्रछन्न बेरोजगारी ने अब तक उनका साथ न छोड़ा था। एम फिल की डिग्री और टीजीटी। तनख्वाह इतनी कि बंधुआ मजदूर उनसे अच्छा। इधर व्यवस्था ने एजूकेशन, हेल्थ, ट्रांसपोर्ट, रेल और अनेक क्षेत्रों में क्रांति का संकल्प लिया हुआ था। नई–नई योजनाएं और स्वशुरूआती नौकरी–चाकरी, धंधा– रोजगार! इन्हें मासिक नियत वेतन, महंगाई भत्ता, चिकित्सकीय सुविधाएं तथा प्रमोशन आदि से मुक्त रखा गया। और ऊपर से न इनका कोई यूनियन न आंदोलन की खिचखिच। जब जिसको निकाल दें जिसको भर्ती करें उनकी मर्जी। यहां गलतियों के लिए सीधे सेवा समापन। रहा होगा कोई काल खंड जब अध्यापन रोजगार नहीं सामाजिक वैचारिक समृद्धि का केंद्र बिंदु था। परंतु यह काल खंड नये इतिहास नये विधानों पर वंदन करवाने को कटिबद्ध था। शुरुआती ज्ञानवर्धन हेतु जहां संविदा की परिपाटी चल रही थी तो उच्च कक्षाओं हेतु विद्वता के मानक व्यवस्थाबरदार तय करते थे। दीगर कि जो वैचारिक समन्वयपोषक उसका चयन पूर्व निर्धारित होता।

आराध्या मैम ने बच्चों का इंट्रोडक्शन लिया। मार्निंग असेंबली में अलग–अलग एसाइनमेंट निर्धारित करने लगीं। औरव को न्यूज रीडिंग, आद्विक को स्पेशल आइटम, राशि को हिस्ट्री ऑफ द डे और समृद्ध को थॉट फार द डे, कमांड के लिए...नाम एनाउंस होने से पहले समृद्ध ने इंट्रप्ट किया। 'मैम इस बार मुझे कमांड दीजिए न!'

आराध्या मैम ने समृद्ध को देखा और कुछ न बोलीं तो समृद्ध ने अपनी बात पर जोर दिया। 'प्लीज मैम.. प्लीज़ मुझे हर बार थॉट ही मिलता है..।'

'यस आई नो, हां बेटा थॉट के लिए दिमाग चाहिए और अब कमांड तो कोई भी कर लेता है।'

समृद्ध थॉट पर विचार करने लगा।

# वाह से आह तक : प्रमोद ताम्बट के व्यंग्य

समीक्षा



सुनील सक्सेना

किताबें पढ़ने का भी चस्का होता है। वे जो अपनी जिस्मानी सेहत के साथ दिमागी कसरत पर भी विशेष ध्यान देते हैं उनके लिए तो किताबें 'डम्बल' का काम करती हैं। मस्तिष्क तंदुरूस्त रहता है। किताबों से मोहब्बत करनेवालों के सिरहाने अक्सर कोई न कोई किताब रखी होती है। ऐसे प्रेमी पाठकों के लिए न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, दिल्ली वतर्मान समय में देश के लोकप्रिय और चर्चित एक नहीं दो नहीं बत्तीस व्यंग्यकारों के चयनित व्यंग्य रचनाओं के संकलन लेकर आया है। इन्हीं मक़बूल, नामचीन व्यंग्यकारों में से एक हैं प्रमोद ताम्बट, जिनका ये पहला व्यंग्य संग्रह है ।

प्रमोद पिछले चालीस वर्षों से व्यंग्य लिख रहे हैं। छपने का मोह कम ही रहा है उनका। बावजूद इसके पत्र पत्रिकाओं में उनके व्यंग्य छपते रहते हैं। साझा व्यंग्य संकलनों में उनकी रचनाएं शामिल होती रही हैं। लेकिन ये उनकी पहली किताब है। पुस्तक में उनके आत्मकथ्य के अनुसार 'जब भी उन्होंने व्यंग्य संकलन तैयार कर छपवाने के बारे में सोचा एक भारी गलती वे कर बैठे। उन्होंने अपनी रचनाएं उनके अंदर बैठे आलोचक को थमा दीं ।' परिणाम ये हुआ कि खुद ही लेखक और खुद ही आलोचक के इस 'डेडली कॉम्बीनेशन' के कारण उनकी चार किताबें जो अब तक छप सकती थीं, उनके ही घर की धूल फांक रही है। प्रमोद की इस बेबाक स्वीकार्यता पर कौन निसार न हो जाए?

सोशल मीडिया पर इन दिनों प्रकाशकों के किताबें छापने के लुभावने ऑफर वाले इश्तहार थोक में पोस्ट हो रहे हैं। अगर प्रमोद चाहते तो उनकी गोद तो अब तक तो न जाने कितनी बार हरी हो चुकी होती। लेकिन वे किताब छपवाने की लालसा को दरकिनार कर, सृजनरत रहे, धैर्य के साथ प्रतीक्षा की। सब्र का फल मीठा होता है। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन दिल्ली ने पुस्तक योजना के अंतर्गत उनकी तीस व्यंग्य रचनाओं को प्रकाशित किया, वो भी निःशुल्क।

कहानी, कविता, उपन्यास, मोटीवेशनल बुक्स, बायोग्राफी पढ़नेवाला पाठक जब व्यंग्य के रास्ते पर चलता है तो शरद जोशी और हरिशंकर परसाई के दो राहे पर आकर ठिठक जाता है। प्रमोद का ये व्यंग्य संग्रह व्यंग्य की परम्परा को बड़ी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाता है। उनके व्यंग्य आश्वस्त करते हैं कि व्यंग्य की वंशबेल न सिर्फ और ऊंचाइयों पर चढ़ेगी बल्कि फलती फूलती भी रहेगी।

अब एक नजर उन व्यंग्यों पर जो इस संग्रह की जान हैं। संग्रह की पहली रचना है 'व्यंग्य आखिर है क्या'। आम पाठक को चुटीले अंदाज में व्यंग्य क्या है वे बताते हैं। व्यंग्य सर्वत्र व्याप्त है। कविता में, कहानी में, निबंध में। व्यंग्य एक चटपटी भेल है जिसमें विट है, आयरनी, सटायर, सरकास्म, ह्यूमर फार्स के मसाले मौजूद हैं। ये रचना पाठक को व्यंग्य समझने, जानने के लिए अनूठे अंदाज में मानसिक रूप से तैयार करती है, ताकि आनेवाली रचनाओं का रस वो मजे से ले सके।

राजनीति और राजनेता व्यंग्यकारों के हमेशा से चहेते विषय रहे हैं। जनता जनार्दन के व्यवस्था से मोहभंग को प्रमोद ने बखूबी उकेरा है। प्रमोद के इन व्यंग्यों में तीखी मिर्ची का जोरदार झन्नाटा है, जो रचना को पढ़ते–पढ़ते वाहज्वाह से आहज्आह में कब तब्दील हो जाता है पता नहीं चलता। 'प्रजातंत्र और लठबाजी' रचना में वे कहते हैं कि 'जिस देश की प्रजा लठ्ठ खाने में जितनी अभ्यस्त होती है उस देश का प्रजातंत्र उतना ही मजबूत माना जाता है।' बिना किसी लफ्फाज़ी जुमलेबाजी के निडर होकर सटीक मारक प्रहार करते हैं वे।




'एक टिकिटार्थी का पत्र' व्यंग्य में एक टिकिट का अभिलाषी कहता है – माबदौलत इस दफे पार्टी का सबसे योग्य उम्मीदवार है। इस बात को आप चाहे तो क्षेत्र के किसी थाने से पता कर सकते हैंज् । राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ पर ऐसी सीधी चोट करते हैं कि बंदा तिलमिला जाए। ये साहस इन दिनों कम ही रचनाकारों में देखने को मिलता है। 'वोटों की फसल' शीर्षक वाला व्यंग्य मजेदार है। वे लिखते हैं : 'वोटों की फसल को ठीक समय पर साम्प्रदायिक जातीय उन्माद का फर्टीलाइजर मिल जाए तो पूछिए मत फसल इस कदर लहलहा उठती है कि बस देखते ही बनती है।' राजनीति में वोटों के खेल की बड़ी निर्ममता से चीर फाड़ की है उन्होंने।

घरेलू हिंसा को लेकर भी व्यंग्य है – अबला लुगाइयां खामोश देवता । सभ्य सुस्कृंत समाज में नारी के स्थान के लिए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पुज्यंते तत्र रमन्ते देवता'। हमने बचपन में मां के मुंह से डांट के दौरान कई बार सुना है कि बहुत दिनों से तुम्हारी 'पूजा' नहीं हुई है इसलिए दिमाग सड़ गया है तुम्हारा। ये विडंबना है कि घर की लुगाई की धुनाई पिटाई (पूजा) आज भी सामाजिक रोग के रूप में परिवारों में मौजूद है। सभ्य–आदर्श परिवार के स्थापित मूल्यों के क्षरण पर जबरदस्त प्रहार किया है प्रमोद ने। व्यंग्य में कहन की शैली ऐसी है कि रचना पढ़ते वक्त हम अपनी बगलें झांकने पर विवश हो जाते हैं।

कभी–कभी किसी रचना का शीर्षक इतना कैची होता है कि रचना के गर्भ में क्या है पाठक सहजता से अनुमान लगा लेता है। 'सारे नंगे बाहर तो हमाम में कौन है' रोचक रचना है। सुधि पाठक व्यंग्य के उनवान को पढ़ते ही रचना के साथ हो लेता है। तालमेल बिठा लेता है। ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती है उसे। अच्छे लेखक रचनाओं के शीर्षक चुनने पर भी कितने सजग होते हैं ये इस व्यंग्य से पता चलता है।

'मस्तिष्क का स्थानांतर' गुदगुदाता व्यंग्य है। वे घुटने में दिमाग रखनेवालों का मस्तिष्क दिल में ट्रांसफर करना चाहते हैं ताकि हम इंसानियत प्यार मोहब्बत को जाने समझें। विवेकहीन लोगों के जमघट पर तंज करते हुए लिखते हैं कि वैसे भी भूसे और गोबर से भरे दिमाग मानव समाज को कब राख कर दें पता नहीं। बाजारवाद पर करारी चोट करता हुआ व्यंग्य है 'मुफ्त का माल'। फ्री फंड के चक्कर में हम दुनिया का कचरा घर उठाकर ले आते हैं। प्रमोद का वाक्य संयोजन कई जगहों पर पाठक को चमत्कृत कर देता है।

अनुभव लेखन को समृद्ध करता है। प्रमोद जल्दबाजी में नहीं दिखते हैं। एक अच्छे कलमनवीस की तरह विषय और विचार को पकने का पूरा समय देते हैं ताकि रचना में कहीं कच्चापन न रह जाए। बिना दाएं बाएं जाते हुए अपनी बात सीधे–सीधे कहते हैं, जो पाठक के दिल में उतरती चली जाती है।

अगर आप हास्य व्यंग्य पढ़ने में रूचि रखते हैं तो प्रमोद का यह संग्रह निराश नहीं करेगा। एक बार पढ़ना शुरू करेंगे तो और पढ़ने की दिली ख्वाहिश जागेगी, यह कहने में मुझे कोई शुबहा नहीं। प्रमोद का यह संग्रह व्यंग्य के संसार में 'चार्टबस्टर' हो मेरी शुभकामनाएं हैं।

**पुस्तक : समकालीन व्यंग्य प्रमोद ताम्बट**
**लेखक : प्रमोद ताम्बट**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**
**मूल्य : रू 225/-**

# ऑपरेटिव बैंक के ब्रांच मैनेजर के घर चोरी

## लाखों के माल पार

**बिलासपुर**,7 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में चोरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है, लगातार पुलिस चोरों की तलाश कर उन्हें जेल भेजती है लेकिन कुछ दिनों में ही जेल से बाहर आकर उनका आतंक शुरू हो जा रहा है।

चोरी के मामले घटने के बजाए और बढ़ने लगे हैं। हालात यह है कि आप कुछ समय के लिए घर सुना छोड़ते है तो घर का ताला टूट जाता है और जीवन भर की जमापूंजी पर चोर अपना हाथ साफ कर फरार हो जाते है। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है जिसमें कोऑपरेटिव बैंक जरहगांव के ब्रांच मैनेजर भूपेंद्र कुमार चंदेल के उसलापुर गीता पैलेस के सामने स्थित घर मे बीती शाम अज्ञात चोर घर में घुसे और लाखों की चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए है।



मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेंद्र कुमार चंदेल बीती शाम 7.30 बजे के लगभग उसलापुर अपने घर मे परिवार सहित नेहरूनगर अपने रिश्तेदार के यहाँ चले गए थे, जो रात लगभग 10 बजे जब वापस अपने घर पहुँचे तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला लगा हुआ था, जिसे खोलकर जब अंदर गए तो सामान बिखरा पड़ा था और एक दरवाजे का कुंदा उखड़ा हुआ था,कमरे के अंदर आलमारी खुली हुई थी और सामान फैले हुए थे, उन्हें समझते समय नही लगा कि अज्ञात चोर कुंदा उखाड़कर घर में घुसे थे और चोरी कर फरार हो गए। उन्होंने चोरी गए सामानों की जांच की तो पाया आलमारी में रखे 02 नग सोने का मंगलसुत्र, 01 नग सोने की अंगूठी, 03 नग चांदी की पायल एवं नगदी रकम 18000 रूपये एवं उपर के कमरे में रखे सीसीटीवी का डीवीआर, एक मोबाइल चार्जर नही था कोई अज्ञात चोर दरवाजे का कुंदा उखाड़कर एवं आलमारी का लाकर तोड़कर आलमारी के अंदर रखे उपरोक्त सामान एवं कमरे में रखे सामान कुल कीमती करीब 100000 रूपये को चोरी कर ले गए है, मामले में प्रार्थी ने सकरी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380,257 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# हाथियों पर गुलेल या पत्थर से न करें वार

## मुनादी के माध्यम से अपील की जा रही है कि मवेशी चराने के लिए जंगल के अंदर न जाए



**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर(देशबन्धु)। मध्य प्रदेश से हाथी दोबारा छत्तीसगढ़ पर प्रवेश कर चुके हैं। हालांकि वर्तमान में केवल तीन हाथी ही आए हैं। दो हाथी अभी भी मध्य प्रदेश में हैं। हाथियों की धमक के साथ ही मरवाही वनमंडल ने सजग हो गया है और ग्रामीणों को भी सतर्क किया जा रहा है। मुनादी के माध्यम से अपील की जा रही है कि मवेशी चराने के लिए जंगल के अंदर न जाए। इसके अलावा हाथी नजर आए तो उन पत्थर या गुलेल से वार न करें। ऐसा करने से वह आक्रोशित हो सकते हैं। जिससे बड़ा नुकसान भी हो सकता है। तीन हाथियों का समूह शुक्रवार की रात 10 बजे जैतहरी वन परिक्षेत्र के चोलना बीट से गुजरनाला को पार करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही रेंज अंतर्गत मालाडांड़ में प्रवेश किए। चूंकि वन अमले को स्पष्ट निर्देश है कि हाथियों के मूमेंट नजर रखें और जब भी वापस लौटते हैं तो यह प्रयास करें कि किसी तरह नुकसान न हो। इसके लिए सबसे अहम है कि ग्रामीणों को सतर्क करना। इसके लिए मरवाही वनमंडल में एक गजरथ भी चलाई जा रही है। इस गाड़ी में एक लाउड स्पीकर लगाया गया है, जिसके माध्यम से यह बताया जा रहा है कि हाथी दोबारा लौट आए हैं। इसलिए पूरी तरह सतर्कता बरतें और मवेशी चराने के लिए ग्रामीणों को मना किया जा रहा है। इसके अलावा उनसे अपील की जा रही है कि हाथियों से किसी भी सूरत में छेड़छा न करें, इससे नुकसान हो सकता है। वर्तमान में तीनों हाथी परिसर घुसारिया 2049 कक्ष क्रमांक पर है और मरवाही वनमंडल के कर्मचारियों के द्वारा हाथियो की सतत् निगरानी की जा रही है।

### 11 खेतों की फसल को पहुंचाया नुकसान

तीन हाथियों ने मरवाही वनमंडल् में प्रवेश करने के साथ ही नुकसान भी पहुंचाना शुरू कर दिया है। मालाडांड में पांच, बदरौडी में चार और डडिया में दो किसानों की फसल रौंद दी। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी है।

# रेल-संक्षेप

## देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



बिलासपुर,7 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक महेश्वरी, अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना पचपेड़ी द्वारा टीम बनाकर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली अभियान चलाकर रेड कार्रवाई किया गया । कृत कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचपेड़ी के शिवराज पाटले के कब्जे से 100 देशी प्लेन शराब किमती 8000 रुपए को अधिक मात्रा में अवैध शराब परिवहन करते हुए मिला उक्त संबंध में व्यक्ति को शराब बिक्री करने एवम् रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहते हुए पर्याप्त समय दिया गया किंतु उक्त आरोपी द्वारा किसी भी प्रकार का अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किया गया उक्त आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी शिवराज पाटले को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल बिलासपुर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक सचिन तिवारी, प्रीतम मरावी विशेष योगदान रहा।

## भाजपा देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी- पांडा



**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर के जिला कार्यलय में बिलासपुर संभाग प्रबन्ध समिति के प्रभारी भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष बैजंत जय पांडा ने बिलासपुर जिला के छः विधानसभाओं के प्रबंध समिति की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए उन्होंने प्रबंध समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है जहां कोई भी कार्यकर्ता अपनी योग्यता क्षमता के बूते पर बड़े से बड़े मुकाम हासिल कर सकता है एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी होने के साथ यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भी है और इसे ऐसा विशाल स्वरूप प्राप्त करने में दशकों की तपस्या और पीढ़ियों का परिश्रम लगा है पार्टी के इस गौरवशाली परंपरा को ध्यान में रखते हुए हमारे लिए पार्टी हित की भावना सर्वोपरि होना चाहिए। श्री पांडा ने कार्यक्रताओं को सोसल मीडिया का महत्व बताते हुए कहा कि पिछले पंद्रह वर्षों में चुनाव लड़ने के तरीकों में काफी बदलाव हुए हैं आज के समय में इन अत्याधुनिक संसाधनों का प्रयोग में लाया जाना अत्यावश्यक है। इनके माध्यम से पार्टी की विचारधारा पार्टी का एजेंडा बहुत ही कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुंचाया जा सकता है श्री पांडा ने बैठक में प्रबन्ध समिति के सदस्यों और प्रभारियों के दायित्वों की समीक्षा प्रभारियों के दायित्वों की समीक्षा कर तत्काल प्रभाव से कार्य में जुट जाने के निर्देश दिए । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जिस तरह पंचायतों और पार्षद चुनाव में योजना बनाई जाती है ठीक उसी प्रकार हमे चुनाव में एक एक वोटो की चिंता करनी है छत्तीसगढ़ में पचास लाख नए मतदाता इस बार मतदान करेंगे इन नव मतदाताओं को अपने पक्ष में जोड़ने की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में पी एस सी घोटाले हुए कोयला घोटाला हुआ शराब का घोटाला हुआ गोबर घोटाला किया गया इन मुद्दों को जन जन तक लेकर जाना होगा यह विधायक बनाने का चुनाव नही है यह अटल बिहारी वाजपेई जी के सपने को साकार करने का समय है यह छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचारियों से बचाने का समय है यह प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुनहरा अवसर देने का समय है। बैठक को बिलासपुर संभाग के चुनाव प्रभारी उड़ीसा प्रदेश के संगठन महामंत्री रंजन पटेल जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इस अवसर पर बिल्हा विधायक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष धरम लाल कौशिक भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमुर्ति बांधी बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह छत्तीसगढ़ महिला आयोग के पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डे भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत जिला के महामंत्री घनश्याम कौशिक मोहित जायसवाल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थिति रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**,7 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग को डरा धमका कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने थाना तखतपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 02 वर्ष पूर्व जब पीडिता नागालिग थी तब आरोपी शिवशंकर साहू पिता राम साहू निवासी घुण्डुकापा का रहने वाला रिस्तेदारी का फायदा उठाकर थाना तखतपुर क्षेत्र पीडिता के घर आया और पीडिता को डरा धमकाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, तथा लगातार पीडिता को डरा कर धमकाते हुए दुष्कर्म करते रहा है।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, व पीडिता की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व कर तखतपुर पुलिस द्वारा आरोपी शिवशंकर साहू को 24 घण्टे के भीतर धारा 376, 506 भा.दं.वि. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्यवाही में - निरी. एस.आर. साहू थाना प्रभारी तखतपुर, आरक्षक आकाश निषाद, मनमोहन कोशले, की भूमिका रही।

# नवरात्रि एवं दशहरा पर्व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का लिया गया निर्णय

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक

**बिलासपुर,** 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व, 25 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन एवं 24 अक्टूबर को दशहरा (विजयादशमी) पर्व आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में सभी आयोजनों के लिए सदैव ही सभी लोगों का सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि शहर की गौरवशाली परम्परा की तरह इस बार भी आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं। लोगों को नियमों से अवगत करायें और व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने, नवरात्रि, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के दौरान आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता के दौरान इन पर्वों में यदि किसी भी प्रकार का राजनैतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो इसकी पूर्व सूचना देनी होगी। उन्होंने कहा कि इन



पर्वों में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए एसडीएम की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। दुर्गा पंडाल इस प्रकार लगाए जाएं जिससे मार्ग बाधित न हो। समस्त डीजे संचालकों को ध्वनि प्रदूषण (विनिमय और नियंत्रण) नियम 2000, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं माननीय हाईकोर्ट के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों, मापदण्डों एवं गाइडलाइनों का अक्षरशः पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग एसडीएम से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही करेंगे। बिना अनुमति प्राप्त किये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। रात्रि 10 बजे से सवेरे 6 बजे के बीच ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन गाड़ियों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया जाए उनमें साउण्ड लिमिटर मशीन लगवा लें। यदि मानक स्तर से अधिक ऊंची आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाया जाता है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने दुर्गा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्गा विसर्जन निर्धारित स्थलों पर ही करने कहा। पंडालों में देवी स्थापना से पूर्व ही नगर निगम एवं पुलिस, एसडीएम के संयुक्त दल को दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। मां महामाया के दशनार्थ रतनपुर जाने वाले पदयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने और पीसीआर वैन से सतत पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

इस मार्ग में एवं दुर्गा पंडालों में पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखने कहा। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल हो। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने के निर्देश दिए गये। समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से सभी का सम्मान करते हुए पर्व मनाने का भरोसा दिलाया।

विशेषकर शहर में यातायात बाधित न हो, इसका ध्यान रखा जायेगा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट एसएस दुबे, एसडीएम सुभाष राज, शांति समिति के सदस्य हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# उज्वला की लाभार्थी बहनों को 600 में मिलेगी सिलेंडर -जयश्री

## मोदी सरकार की कैबिनेट ने दी बड़ी राहत

**बिलासपुर**, 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। केन्द्र की मोदी सरकार की कैबिनेट ने उज्जवला योजना के करोड़ों लाभार्थी बहनों को मिलने वाली गैस सिलेंडर के सब्सिडी में बढ़ोतरी कर 300 रूपए कर दिया अब उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को 600 रुपए की दर से सिलेंडर मिलेगी भारतीय जनता महिला मोर्चा जिला बिलासपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती जयश्री चौकसे ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि बुधवार को हुए मोदी कैबिनेट के बैठक समापन होने के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मोदी के अध्यक्षता में केंद्रिय कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें नरेंद्र मोदी सरकार ने रक्षाबंधन और ओणम त्योहार के अवसर पर रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपए की कटौती की थी जिसमे 1100 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर 900 रुपए में मिलने लगा एवम उज्जवला योजना के लाभार्थियों के लिए यही सिलेंडर 700 रुपए हो गया उज्वला योजना के हिगराहियों के लिए केंद्र सरकार ने 200 रुपए की छूट को बढ़ाते हुए 300 रुपए करने की घोषणा कर दी है।



जिससे देश की 9 करोड़ 60 लाख महिओं को 600 रुपए में सिलेंडर मिलेगी केंद्र सरकार की इस घोषणा से महिलाओ में खुशी की लहर है।

# महिला से बाइक सवारों ने की लूटपाट

**बिलासपुर** ,7 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के तोरवा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह हेमुनगर मंदिर पूजा करने जा रही एक महिला के गले से डेढ़ तोला वजनी सोने के चेन की लूट हुई है। जिसे दो बाइक सवार नकाब पोश लुटेरों ने अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तोरवा पावर हाउस में स्वास्तिक हॉस्पिटल के बगल गली में रहने वाली प्रार्थिया आशा शर्मा सुबह 7 बजे के लगभग पूजा करने मंदिर के लिए निकली थी, तभी चैतन्य स्कूल के पास सामने से दो बाइक सवार लुटेरे आये और पलक झपके उनके गले से सोने का चैन लूट कर भाग निकले।

प्रार्थिया कुछ समझ पाती तब तक लुटेरे गायब हो चुके थे। प्रार्थिया ने बताया कि उनके गले मे लगभग डेढ़ तोला वजनी अनुमानित 80 हजार रुपए कीमती को अज्ञात लुटेरे छीनकर ले गए। जिसमें लुटेरों ने अपना चेहरा गमछे से बांध लिया था और पीछे बैठे लुटेरे ने चैन को छीना था। मामले में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर तोरवा पुलिस ने मोटर सायकल सवार दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 34, 356, 379-आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# मंडल के विभिन्न स्टेशनों में एक्सप्रेस 8 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव

**बिलासपुर** , 7 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा सभी वर्गों के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के पेंड्रारोड, करगी रोड, बेलगहना, जैतहरी एवं चंदिया रोड स्टेशन में विभिन्न 08 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । जिसमें पेंड्रारोड स्टेशन में 22830/22829 शालीमार-भुज-शालीमार एक्सप्रेस एवं 20472/20471 पुरी-बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस का, करगी रोड स्टेशन में 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का, बेलगहना स्टेशन में 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का, जैतहरी स्टेशन में 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस, 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस एवं 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस का तथा चंदिया रोड स्टेशन 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस एवं 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का ठहराव शामिल है ।विवरण इस प्रकार है।

### पेंड्रारोड स्टेशन में ठहराव वाली गाडियाँ

22830/22829 शालीमार-भुज-शालीमार एक्सप्रेस का क्रमशः 08 अक्टूबर व 11 अक्टूबर 2023 से पेंड्रारोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 गाड़ी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस, दिनाँक 08 अक्टूबर को पेंड्रारोड स्टेशन 08.59 बजे पहुंचेगी एवं 09.01 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस, दिनाँक 11 अक्टूबर को पेंड्रारोड स्टेशन 19.42 बजे पहुंचेगी एवं 19.44 बजे रवाना होगी ।

20471/20472 बीकानेर-पुरी-पुरी एक्सप्रेस का क्रमशः 09 अक्टूबर व 11 अक्टूबर 2023 से पेंड्रारोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस, दिनाँक 09 अक्टूबर को पेंड्रारोड स्टेशन 19.42 बजे पहुंचेगी एवं 19.44 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस, दिनाँक 11 अक्टूबर को पेंड्रारोड स्टेशन 18.52 बजे पहुंचेगी एवं 18.54 बजे रवाना होगी ।



### करगी रोड स्टेशन में ठहराव वाली गाडियाँ

15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस 08 अक्टूबर 2023 से करगी रोडस्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी । 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस, करगी रोड स्टेशन 02.11 बजे पहुंचेगी एवं 02.13 बजे रवाना होगी व 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, करगी रोड स्टेशन 23.55 बजे पहुंचेगी एवं 23.57 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस, करगी रोड 00.33 बजे पहुंचेगी एवं 00.35 बजे रवाना होगी तथा 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस, करगी रोड स्टेशन 02.59 बजे पहुंचेगी एवं 03.01 बजे रवाना होगी ।

### बेलगहना स्टेशन में ठहराव वाली गाडियाँ

18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से बेलगहना स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस, बेलगहना 00.49 बजे पहुंचेगी एवं 00.51 बजे रवाना होगी तथा 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस, बेलगहना स्टेशन 02.40 बजे पहुंचेगी एवं 02.42 बजे रवाना होगी।

### जैतहरी स्टेशन में ठहराव वाली गाडियाँ

18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से जैतहरी स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 02.21 बजे पहुंचेगी एवं 02.23 बजे रवाना होगी तथा 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 01.22 बजे पहुंचेगी एवं 01.24 बजे रवाना होगी ।18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से जैतहरी स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 21.31 बजे पहुंचेगी एवं 21.33 बजे रवाना होगी तथा 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 05.12 बजे पहुंचेगी एवं 05.14 बजे रवाना होगी । 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से जैतहरी स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 18241 दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 01.48 बजे पहुंचेगी एवं 01.50 बजे रवाना होगी तथा 18242 अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस, जैतहरी स्टेशन 02.32 बजे पहुंचेगी एवं 02.34 बजे रवाना होगी।

### चंदिया रोड स्टेशन में ठहराव वाली गाडियाँ

18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से चंदिया रोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 00.29 बजे पहुंचेगी एवं 00.31 बजे रवाना होगी तथा 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 02.28 बजे पहुंचेगी एवं 02.30 बजे रवाना होगी । 18236/18235 बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का 08 अक्टूबर 2023 से चंदिया रोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 03.53 बजे पहुंचेगी एवं 03.55 बजे रवाना होगी तथा 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 20.53 बजे पहुंचेगी एवं 20.55 बजे रवाना होगी ।

11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस का क्रमशः 09 अक्टूबर व 11 अक्टूबर 2023 से चंदिया रोड स्टेशन में ठहराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी 7 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 23.13 बजे पहुंचेगी एवं 23.15 बजे रवाना होगी तथा 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस, चंदिया रोड स्टेशन 00.02 बजे पहुंचेगी एवं 00.04 बजे रवाना होगी।

**NECC**

| 08.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188